www.anantgyaan.in

हैप्पी होली

अनंत ज्ञान

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 14 मार्च 2025 | 1 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 75, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

होली की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

'अनंत ज्ञान' परिवार की तरफ से सभी सुधि पाठकों, एजेंट मित्रों, वितरक बंधुओं और विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

अंक बंद रहेगा

होली पर 14 मार्च को अवकाश रहेगा। 15 मार्च को अखबार का प्रकाशन नहीं होगा। हमारा अगला अंक अब 16 मार्च 2025 को उपलब्ध होगा। -प्रबंधक

सूर्योदय 6:32 सूर्यास्त 6:28

आज का तापमान

शिमला	11.2 न्यू	20.6 अधि
धर्मशाला	6.7 न्यू	26.3 अधि

बाजार

सेंसेक्स	73828.91
निफ्टी	22397.20
सोना 87,980	चांदी 1,02,268

मोहाली में पार्किंग विवाद में साइंटिस्ट की गई जान

एजेंसी, चंडीगढ़

पंजाब के मोहाली में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में साइंटिस्ट अभिषेक स्वर्णकार (39) की मौत हो गई। वह मोहाली के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च में तैनात थे।

पड़ोसी से उनका बाइक खड़ी करने को लेकर झगड़ा हुआ, जिससे पड़ोसी ने उनके साथ हाथापाई कर मुक्के मारे। अभिषेक की कुछ समय पहले उनकी किडनी ट्रांसप्लांट हुई थी, जिसका डायलिसिस चल रहा था। हाथापाई से उन्हें पेट में गंभीर चोटें आईं। तबीयत बिगड़ती देख आरोपी पड़ोसी ही अपनी कार से उन्हें अस्पताल ले गया था, लेकिन

आरोपी ने मुक्के मारे, पेट में चोट लगने से बिगड़ी थी हालत

उन्हें बचाया नहीं जा सका। थाना फेज-11 की पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोंटी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। आरोपी मोंटी भी पेशे से इंजीनियर है। साइंटिस्ट के मामा के लड़के इशान बर्मन ने पुलिस को बताया कि साइंटिस्ट अभिषेक स्वर्णकार मूल रूप से झारखंड में धनबाद के राजागढ़ कतरारा का रहने वाला था। वह मौजूदा समय में मोहाली के सेक्टर-67 में रह रहा था। उन्होंने अपने माता-पिता के साथ किराए का अपार्टमेंट ले रखा था।

छोटी काशी में माधव राय संग खेली होली

ऐतिहासिक नगरी छोटी काशी मंडी में श्री माधव राय के साथ लोगों ने खूब होली खेली। इस दौरान 'हाथी-घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की' के नारों से सारा शहर गूंज उठा। माधव राय चौहटा से होते हुए समखेतर पहुंचे, जहां की गलियों से होते हुए पलाख्या मोहल्ला, बाबा बालकरूपी और फिर चिंतपूर्णी माता मंदिर से होते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचे। सेरी मंच पर हजारों की संख्या में युवक-युवतियों ने डीजे की धुनों पर खूब मस्ती की।

बजट सत्र में सुक्खू सरकार ने विधानसभा के पटल पर रखी आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट

हिमाचल में वित्तीय संकट के बावजूद प्रति व्यक्ति आय 9.6 फीसदी बढ़ी

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

सुक्खू सरकार ने वीरवार को बजट सत्र के चौथे दिन विधानसभा के पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 की रिपोर्ट रखी। सीएम सुक्खू की गैरमौजूदगी में रिपोर्ट डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने पढ़ी। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्तीय संकट के बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार निरंतर जारी है और प्रदेशवासियों की आमदनी में भी इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय में 9.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। गत वित्त वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय जहां 2,34,782 रुपए थी, जो अब बढ़कर 2,57,212 रुपए हो गई है यानी प्रदेशवासियों की आय में 22,430 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

हिमाचल का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 2,10,662 करोड़ रुपए थी, जो चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 2,32,185 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। इसमें सबसे बड़ा योगदान सेवा क्षेत्र का रहा, जिसका हिस्सा कुल जीडीपी में 45.3 फीसदी आंका गया है। इसके अलावा, कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों का योगदान 9.24 फीसदी तक पहुंच गया है, जबकि श्रम व इससे संबंधित क्षेत्रों का योगदान 15.2 फीसदी रहा। पर्यटन, आतिथ्य सत्कार, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों ने भी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। इनका सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 7.78 फीसदी दर्ज किया है। वर्ष 2020-21 में हिमाचल के जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान 20,838 करोड़ रुपए था, जो 2024-25 में बढ़कर 31,879 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। कृषि क्षेत्र के विकास से प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। अर्थव्यवस्था में औद्योगिक और खनन क्षेत्रों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। चालू वित्त वर्ष में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 86,695 करोड़ आंका गया है, जो प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का 40 फीसदी है। वर्ष 2024-25 के स्थिर मूल्यों (2011-12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2023-24 के 1,37,320 करोड़ रुपए की तुलना में 1,46,553 करोड़ रुपए रहना अनुमानित है, जो 6.7 प्रतिशत की वृद्धि है। (अनंत ज्ञान)



पर्यटन क्षेत्र का योगदान बढ़ा

कोविड महामारी के बाद प्रदेश में पर्यटन उद्योग लगातार पटरी पर लौट रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, पर्यटकों की आमद में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। वर्ष 2020 में प्रदेश में केवल 32.13 लाख पर्यटक आए थे, लेकिन 2021 में यह संख्या बढ़कर 56.37 लाख हो गई। 2022 में यह आंकड़ा 150.99 लाख तक पहुंच गया, जबकि 2023 में 160.05 लाख और 2024 में यह बढ़कर 181.24 लाख हो गया। पर्यटन के बढ़ते आंकड़ों ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर पैदा किए हैं।

बिजली, पेयजल और अन्य संबद्ध क्षेत्रों का योगदान 5.66 फीसदी आंका

निर्माण क्षेत्र का योगदान 26.19 फीसदी दर्ज किया गया है, जबकि बिजली, पेयजल और अन्य संबद्ध क्षेत्रों का योगदान 5.66 फीसदी आंका गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माण क्षेत्र चालू वित्त वर्ष के दौरान 7.1 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, उद्योग और इससे जुड़े क्षेत्रों की विकास दर 9.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है।

2024-25 में पशुधन में 5.2 फीसदी की वृद्धि संभव

वित्त वर्ष 2024-25 में पशुधन उप क्षेत्र का योगदान कुल जीएसवीए का 1.36 प्रतिशत और कृषि और संबद्ध क्षेत्र जीएसवीए का 9.24 प्रतिशत है। पशुधन उप क्षेत्र की वृद्धि पर 2024-25 में 5.2 प्रतिशत हो गई है।

देहरा उपचुनाव में पैसे बांटने का आरोप, विपक्ष का वॉकआउट

चुनाव रद्द करने की मांग, डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष में तीखी नोकझोंक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन विपक्ष ने सदन से दो बार वॉकआउट किया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू स्वास्थ्य विभाग और हिमकेयर योजना पर बोल रहे थे, तो विपक्ष ने मुख्यमंत्री पर झूठ बोलने के आरोप लगाए और सदन से वॉकआउट कर दिया।

इससे पहले विपक्ष ने प्रश्नकाल के दौरान भी वॉकआउट किया। दरअसल, हमीरपुर से भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने देहरा विधानसभा के उपचुनाव के दौरान कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक से महिला मंडलों को पैसे देने से जुड़ा सवाल पूछा था। वहीं, मुख्यमंत्री की गैर मौजूदगी में डिप्टी सीएम मुकेश ने कहा कि सूचना एकत्रित की जा रही है। आशीष ने कहा कि आधी सूचना उनके पास है। वह पूरी जानकारी चाहते हैं। सूचना नहीं मिलने पर विपक्ष ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

देहरा उपचुनाव में आचार संहिता का उल्लंघन: जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि देहरा में जब उपचुनाव हो रहा था और आदर्श आचार संहिता लागू थी, तो उस दौरान कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक से बड़ी संख्या में महिला मंडलों को पैसे बांटे गए। महिला मंडलों के खातों में 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक ट्रांसफर किए गए। यह सीधे तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन है।

महिला मंडलों को दिए पैसे, उपचुनाव हो रद्द

जयराम ने कहा कि आचार संहिता के बीच इस तरह ट्रांजेक्शन नहीं की जा सकती है। बैंक से महिला मंडलों को पैसे ट्रांसफर करने से चुनाव परिणाम प्रभावित हुए हैं। भाजपा कानूनी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के बाद आगामी निर्णय लेगी। सदन से वॉकआउट के दौरान विपक्ष ने देहरा का उपचुनाव रद्द करने की मांग की।

आशीष बोले- केंद्रीय एजेंसियों से करवाई जाए जांच

भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने इस मुद्दे की केंद्रीय एजेंसियों से जांच करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 3 महिला मंडलों को 50-50 हजार की राशि भेजी। उन्होंने एक जानकारी के माध्यम से लिखित में बताया कि थोर महिला मंडल को 27 जून और 4 जुलाई को 50 हजार रुपए भेजे गए। बादल थोर महिला मंडल को 4 जुलाई को 50, चांदुआ महिला मंडल को 5 जुलाई, जालंधर लहद को 8 जुलाई, 5 जुलाई को बिलपद दरकाटा, बोऊंगटा, जोल मुहाल, ऊपर करियरा, कदरेती तीन महिला मंडलों को 50 हजार रुपए की राशि दी। गोपीपुर मुहाल, धार और चापलाह प्रति जमीला मंडल को महिला मंडल को 50 हजार रुपए की धनराशि भेजी गई।

न्यूज शॉर्ट्स

सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापसी टली

फ्लोरिडा। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से वापसी टल गई है। नासा ने तकनीकी खराबी के चलते स्पेस स्टेशन के लिए नए क्रू को लेकर जा रहे मिशन क्रू 10 को टाल दिया है। इस मिशन को 12 मार्च को स्पेसएक्स के रॉकेट फाल्कन 9 से लांच किया जाना था। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होने वाले थे।

इसरो का कमाल, स्पैडेक्स अनडॉकिंग रही सफल

नई दिल्ली। इसरो ने स्पैडेक्स उपग्रह की सफलतापूर्वक अनडॉकिंग कर ली है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, अंतरिक्ष को उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहते हैं। इससे चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए रास्ता साफ हो गया है।

भ्रष्टाचार मामला: सिसोदिया व सत्येंद्र के खिलाफ होगी जांच

नई दिल्ली। मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी। मनीष सिसोदिया आबकारी नीति और सत्येंद्र जैन मनी लांड्रिंग मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। दोनों फिलहाल जमानत पर हैं। इससे पहले 11 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पर सरकारी पैसों के दुरुपयोग मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे।

जेएंडके में आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर जिले के गंदबल-हाजिन रोड पर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों के दो मददगारों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, दो ग्रेनेड, 1 एके राइफल मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया है।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिम केयर का 350 करोड़ पूर्व सरकार ने निजी अस्पतालों पर लुटा दिया: सुक्खू -पेज 3
- हिमालयन थार के शिकारियों को मिला छह दिन का रिमांड -पेज 5
- घुमारवीं के उपप्रधान व 5 सदस्यों का इस्तीफा -पेज 7
- मौसम ने फिर बदली करवट, बर्फबारी का क्रम जारी -पेज 9
- अस्पताल में पर्ची काउंटर में घंटों लाइनों में लग रहे रोगी -पेज 12

पाकिस्तान में मिलिट्री कैंप पर आत्मघाती हमला, नौ लड़ाके ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पाकिस्तान तालिबान (टीटीपी) के हमलावरों ने एक मिलिट्री कैंप पर हमला किया है। यह आत्मघाती हमला खैबर के टैंक जिले में जंडोला मिलिट्री कैंप पर हुआ है। हमले के बाद सेना ने 8 से 9 लड़ाकों को मार गिराया है। हमलावरों ने जंडोला चेकपोस्ट पर भी हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन सिक्योरिटी फोर्सेज ने उन्हें रोक दिया। यह हमला ऐसे वक्त पर हुआ है, जब पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में बलूच लड़ाकों से जूझ रही है। बलूच लिब्रेशन आर्मी के लड़ाकों ने 11 फरवरी को एक ट्रेन को हाईजैक कर लिया था, जिसमें 450 यात्री थे।

150 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में बीजेडी नेता राजा चक्र गिरफ्तार

एजेंसी, भुवनेश्वर

ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा ने वीरवार को बीजू युवा जनता दल (बीजेडी) के प्रदेश उपाध्यक्ष सौम्य शंकर चक्र उर्फ राजा चक्र को 150 करोड रुपए के खनन और परिवहन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया।

यह गिरफ्तारी उड़ीसा उच्च न्यायालय की ओर से उनकी गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण की मांग वाली याचिका को खारिज करने के बाद की गई। मामले में अपराध शाखा के अतिरिक्त डीजीपी सीआईडी विनयतोष मिश्रा ने बताया कि चक्र से पूछताछ की गई और घोटाले में की गई भूमिका को स्पष्ट करने के लिए कहा गया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने क्योंझर जिले में खनिज से समृद्ध गंधमर्दन लोडिंग (जीएमएल) एजेंसी और एक परिवहन सहकारी समिति लिमिटेड के कामकाज में अनियमितताओं और धन के दुरुपयोग की शिकायत के आधार पर जांच शुरू की थी। यह सहकारी समिति खनन गतिविधियों से प्रभावित ग्रामीणों के कल्याण के लिए बनाई गई थी।

तमिलनाडु सरकार ने बदला बजट डॉक्यूमेंट में रुपए का सिंबल

चेन्नई। नई शिक्षा नीति (एनईपी) और ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच विवाद चल रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपए (₹) का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच हिंदी को लेकर पिछले महीने भर से विवाद चल रहा है। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति के तहत ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने को कह रही है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी के अलावा स्थानीय भाषा शामिल है। तमिलनाडु सरकार हिंदी के खिलाफ है।

अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी मामले में ईडी की छापेमारी

एजेंसी, बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय ने वीरवार को कथित सोना तस्करी रैकेट से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच के तहत कई जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान बेंगलुरु समेत कर्नाटक के कई स्थानों पर दबिश दी गई। मामले में राजस्व खुफिया डीआरआई की ओर से एक अभिनेत्री को गिरफ्तार किया गया था।

सीबीआई की हाल ही में दर्ज एफआईआर और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के एक मामले का संज्ञान लेते हुए धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में अभिनेत्री रान्या राव को गिरफ्तार किया था। इससे पहले कर्नाटक सरकार ने आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी मामले में केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारियों की ओर से संभावित चूक और कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने की जांच करने का निर्देश देने वाला अपना आदेश बुधवार को वापस ले लिया था।

बेंगलुरु और कर्नाटक में कई स्थानों पर दबिश

गुजरात-ताइवान में भूकंप के झटकों से कांपी धरती

नई दिल्ली। भारत और ताइवान में वीरवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में सुबह 10 बजकर 12 मिनट पर भूकंप आया।

रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 मापी गई, जबकि इसकी गहराई धरती के भीतर 6.4 किलोमीटर थी। भूकंप का केंद्र अमरेली था। फिलहाल, नुकसान की कोई सूचना नहीं है। वहीं, ताइवान में भी 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र ताइवान के हुआलियन शहर से लगभग 96 किलोमीटर दक्षिण में था। इससे पहले 21 जनवरी को भी ताइवान में भूकंप आया था, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए थे।

होस्ट एंकर सीरीज 150वीं जयंती पर प्रदर्शनी के माध्यम से युवाओं को नशे से बचाना और देशभक्ति जगाना रहा उद्देश्य

मंडी शिवरात्रि में दिखी सरदार पटेल के अटल व्यक्तित्व की झलक

अनिल शर्मा, मंडी

सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन को देखें, तो पता चलता है कि एक आम आदमी कैसे विशेष हो सकता है और विशेष होकर कैसे उत्कृष्ट अनुदान भारत की स्वतंत्रता में दे सकता है।

यह बात होस्ट एंकर सीरीज के 20वें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ललित अवस्थी ने कही। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी में सरदार पटेल के जीवन पर प्रदर्शनी लगाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और देशभक्ति के लिए प्रेरित करना रहा है, जिसमें इतिहास विभाग ने बेहतर और सराहनीय कार्य किया है। प्रदर्शनी में एक डॉक्यूमेंट्री भी दर्शाई गई है, जिसमें बहुत ही दुर्लभ फोटो और उनके योगदान को इंगित किया है कि कैसे सरदार पटेल ने चुनौतियों को पार करते हुए वकालत करने, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और गृह मंत्री बनने तक तथा प्रभावी और अच्छे तरीके से सभी रियासतों का विलय आदि करना, सब दर्शाया गया है। प्रदर्शनी स्टॉल पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधायक चंद्रशेखर ठाकुर का आगमन भी हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डॉ. राकेश शर्मा की ओर से सरदार पटेल के जीवन पर लिखी पुस्तक का विमोचन भी किया। (अनंत ज्ञान)

सभी महाविद्यालयों में हो प्रदर्शित

सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ललित अवस्थी ने इतिहास विभाग के सहायक आचार्य एवं प्रदर्शनी संयोजक डॉ. राकेश शर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी को विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों में दिखाना चाहिए, ताकि युवाओं को अपने जीवनकाल में राष्ट्रीय दिशा प्राप्त हो सके। डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल का मंडी से गहरा संबंध रहा है। आजादी के बाद हिमाचल के पहले मंडी कॉलेज का नाम भी उनके नाम पर रखा गया है। मंडी के क्रांतिकारी कृष्णानंद हरदेव जब सिंध में काम कर रहे थे, तो उन्हें सिंध का गांधी का खिताब भी सरदार वल्लभभाई पटेल ने दिया था।

अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में प्रदर्शनी लगाना सुखद

डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से हमने बताने का प्रयास किया है कि किस तरह सरदार पटेल ने छोटी-छोटी रियासतों का एक संघ बनाया और संघ के माध्यम से उनका विलय किया। अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के उपलक्ष्य पर प्रदर्शनी का 150वीं जयंती पर लगाना निश्चित रूप से संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि हिंद के सरदार किताब में मैंने पढ़ा कि पटेल के साथ काम करने वाले रावजी ने लिखा है कि मैं पहली बार 14 मार्च, 1916 को पटेल से मिला, तो महात्मा गांधी ने परिचय करवाते हुए कहा था कि मैं आपको अटल व्यक्तित्व से मिला रहा हूं।

रूस का कुर्स्क के सदजू शहर पर फिर कब्जा

एजेंसी, मॉस्को

रूस ने सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सदजू को फिर से अपने अधिकार में ले लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने कुर्स्क क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सुदजू पर फिर से नियंत्रण कर लिया है। सदजू पर अगस्त, 2024 में यूक्रेनी सेना ने कब्जा कर लिया था।

रूस ने ऐलान किया है कि रूसी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सैनिकों को उनके अंतिम पड़ाव से भी खदेड़ने के करीब हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कुर्स्क क्षेत्र में सैन्य मुख्यालय का दौरा किया था और वहां सैन्य कमांडरों से बातचीत की थी।

अमेरिका को युद्धविराम पर पुतिन के जवाब का इंतजार

अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेन के साथ रूस के तीन साल से जारी युद्ध में प्रस्तावित 30 दिन के युद्धविराम पर क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का कार्यालय) की प्रतिक्रिया मांगी है। यूक्रेन के अधिकारियों ने भी इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

रूसी सेना की तैनाती और पुतिन की अपने सैनिकों से मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध को कूटनीतिक रूप से समाप्त करने पर जोर दे रहे हैं। अमेरिका ने तीन मार्च को यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। वहीं, अमेरिका को युद्धविराम पर पुतिन के जवाब का इंतजार है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


चंद्र कुमार
कृषि मंत्री, हि.प्र.

प्राकृतिक राज्य की ओर हिमाचल
प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना

कृषि विभाग, हिमाचल प्रदेश

सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती करने पर निम्नलिखित सहायताएँ प्रदान की जा रही हैं:

1. देसी गाय की खरीद पर अधिकतम रु 25,000/- तक वित्तीय सहायता।
2. गौशाला का फर्श पक्का करने व गोमूत्र एकत्रीकरण हेतु नालीकरण पर अधिकतम रु 8000/- पर प्रति परिवार वित्तीय सहायता।
3. प्राकृतिक खेती के विभिन्न आदान बनाने हेतु इ्रम खरीदने पर अधिकतम 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता।
4. साइकिल हल खरीदने पर अधिकतम 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता।
5. फेरोमोन/लाइट्स/ स्टिकी ट्रैप 50 प्रतिशत अनुदान पर प्रदान किए जाएंगे।
6. प्राकृतिक खेती उत्पाद की बिक्री के लिए पोर्टेबल कैनोपी 50 प्रतिशत अनुदान पर प्रदान की जाएगी।
7. राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट अप योजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ा व्यवसाय करने पर महिला व दिव्यांग किसानों को 50 प्रतिशत, अनुसूचित जाति व जनजाति को 45 तथा अन्य किसानों को 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

जारीकर्ता : परियोजना निदेशक, आतमा जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

होली पर्व

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

संजय अग्रवाल
ब्यूरो, धर्मशाला
मो. 9816064741

Holi Hai

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

उप मंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी, पालमपुर

प्रधान मंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM- KUSUM) योजना :-
इस योजना में किसानो को सौर उर्जा से पानी को अपने खेतों तक पहुंचाया जा सकता है। इस योजना के मुख्य बिन्दु:-
» किसान विकास संघ को 85 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।
» लघु और सीमांत किसानों को 85 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।
» मध्यम और बड़े किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

बजट आश्वासन योजना / अनुसूचित जाति उप-योजना स्कीम :-
इस योजना में सामान्य व अनुसूचित जाति के किसानो को :-
» 9 क्यूबिक मीटर टैंक बनाने में 21000/- (इक्कीस हज़ार रुपये) अनुदान दिया जाता है।
» 20 क्यूबिक मीटर टैंक बनाने में 36000/- (छत्तीस हज़ार रुपये) अनुदान दिया जाता है।
» 50 क्यूबिक मीटर टैंक बनाने में 71000/- (इकहत्तर हज़ार रुपये अनुदान दिया जाता है।

बहाव सिंचाई योजना:-
» इस स्कीम के तहत कूहलों के स्रोत के नवीनीकरण के लिए 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

जल से कृषि को बल योजना:-
» इस योजना के तहत चेक डैम और सामूहिक टैंकों के निर्माण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना:-
» इस योजना के तहत जहाँ सिंचाई के लिए पानी कम है वहां स्रोत वृद्धि और वितरण, भू-जल विकास के निर्माण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

उप मंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी पालमपुर जिला काँगड़ा (हि. प्र.)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें फोन नंबर 01894-235588

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ER. CHANDAN DHIMAN
M. 9459794804, 8219496639
8894904804

APEX ARCHITECT
ARCHITECT-PLANNER-ESTIMATOR
Vastu Consultant & Building Contractor
Contact for: TCP Drawing & All types of Desigen & Estimates
Head Office: Opp. Petrol Pump, Baijnath (Kangra) H.P.
Branch Office: Near Khaira Chowk, Bhawarna (Palampur) H.P.
e-mail: chandandhiman479@gmail.com

सीएसआईआर
हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
सीएसआईआर की एक संघटक प्रयोगशाला
पालमपुर (हि.प्र.) 176061

संस्थान में निम्नलिखित व्यवसायिक उत्पादन प्रौद्योगिकियों एवं प्रक्रमण प्रक्रिया हेतु संपर्क करें-

सगंध एवं औषधीय, पुष्प और औद्योगिक फसलों की सघन कृषि, हींग (*Ferula assa-foetida* L.) एवं केसर (*Crocus sativus* L.) की खेती, मोंक फ्रूट [Monk fruit (*Siraitia grosvenorii*)]: low calorie natural sweetner, Apple: low chilling variety apple, चाय मूल्यवर्धन, कुपोषण निवारण, एपीकल्चर, सेरिकल्चर, दालचीनी (Chinnamon), रोग-प्रतिरोधी क्षमता एवं स्वास्थ्य वर्धक खाद्य सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, कंपोस्ट बूस्टर: ठंडे प्रदेशों के लिए (Compost booster: cold region) Biofertilizer एवं अन्य लाभप्रद प्रौद्योगिकियाँ।

संपर्क करें:
निदेशक, सीएसआईआर - हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पालमपुर (हि.प्र.) 176061
टेलीफोन- 01894-230411, फैक्स 01894-230433,
ईमेल:director@ihbt.res.in, वेबसाइट:https://www.ihbt.res.in/en/

GGDSD EDUCATION SOCIETY
BAIJNATH, DISTT-KANGRA (HP)

- G.G.D.S.D COLLEGE RAJPUR, PALAMPUR
- PT. AMAR NATH SP PUBLIC SCHOOL, BAIJNATH
- PT. AMAR NATH SP PUBLIC SCHOOL, NAGRI
- NAND KUMAR SD SR. SEC. SCHOOL GHUGGAR (PALAMPUR)
- NAND KUMAR SD SR. SEC. SCHOOL SIDHPUR (MOHRALLA)
- BACHPAN PLAY SCHOOL NAGROTA BAGWAN
- S.D PUBLIC SCHOOL, NAGROTA BAGWAN

DR. VIVEK SHARMA
EXECUTIVE OFFICER
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

SH. U.R. CHEEMA
H.A.S (RETD)
GENERAL SECRETARY
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

DR DESH BANDHU
PRESIDENT
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पालमपुर
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

Industrial Training Institute
Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पालमपुर में एचपीकेवीएन की तरफ से निम्नलिखित अल्प अवधि कोर्स चलाए जा रहे हैं:-

1. Domestic Data Entry Operator
2. Field Technician -home Appliances
3. Plumber General
4. Retail Sales Associates
5. Set Top Box Operator
6. Tailoring

इच्छुक उम्मीदवार इसमें दाखिला ले सकते हैं

Budhamal & Sons
Jewellers Palampur
की तरफ से
होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Satish Krawal
CHAIRMAN
Budhamal Jewellers
Palampur

Manik Krawal
MANAGING DIRECTOR
Budhamal Jewellers
Palampur

Budha Mal Empire, Aima, Near Yamini Hotel, Palampur, Distt. Kangra (H.P.) 98167 33344

Holi Hai
ROYAL ACADEMY 8 YEARS OF EXCELLENCE
ADMISSIONS OPEN

CRASH COURSE & DROPPERS BATCH
NEET, NDA, JEE, CUETO
20th March & 1st April

GENERAL COMPETITION
HP POLICE, PATWARI, CLERK P. SECRETARY, PARA-MILITARY SSC-GD & OTHERS

PRELIMS & MAINS
IAS, HAS, ALLIED, NT

TEACHING COURSES
HP-TET, C-TET & TGT-COMMISSION
(Arts, Medical & Non-Medical)

HEAD OFFICE:- SYNDICATE AREA, NEAR SHITLA MATA MANDIR, OLD BUS STAND, PALAMPUR HELPLINE:- 01894-356185, 86268 85200

सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

किशोरी लाल
विधायक बैजनाथ
विधानसभा क्षेत्र

जल शक्ति विभाग मंडल बैजनाथ
की तरफ से
होली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

राहुल धीमान
अधिशासी अभियंता
जल शक्ति विभाग
मंडल बैजनाथ

शरती शर्मा
सहायक अभियंता
जल शक्ति विभाग
मंडल बैजनाथ

राजेश शर्मा
कनिष्ठ अभियंता
जल शक्ति विभाग
मंडल बैजनाथ

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
M/S PRODIGY HYDRO POWER (PVT. LTD.)

Anish Sharma
G.M

BANER-II (2x3 MW) HEP

Jia Teh. Palampur, Distt. Kangra (H.P.)

हिम केयर का 350 करोड़ पूर्व सरकार ने निजी अस्पतालों पर लुटा दिया : सुक्खू

बजट सत्र के दौरान विपक्ष पर मुख्यमंत्री ने लगाए गंभीर आरोप

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमलावर रुख अपनाते हुए आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने हिमकेयर का 350 करोड़ निजी अस्पतालों पर लुटा दिया था और इस प्रकार इस योजना का फायदा निजी अस्पतालों के खाते में चला गया। जिससे नाराज विपक्ष के विधायक अपनी सीटों पर उठकर काफी देर तक नारेबाजी करते रहे।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार सवा साल बाद बता रही है कि हिमकेयर में पैसा नहीं है। जयराम ने कहा हमारा किसी भी अस्पताल से लेना-देना नहीं है, आप चाहे तो इसकी जांच कर लीजिए। एक अन्य सवाल के जवाब में सीएम ने केंद्र सरकार का आभार जताते हुए बताया कि सोशल मीडिया में दुष्प्रचार के खिलाफ एक्ट वे केंद्र सरकार का आभार जताते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया को किसी का भी चरित्र हनन करने का हथियार बना दिया गया है। केंद्र सरकार ने इनके खिलाफ एक्ट बनाया है। आप कहते हैं कि केंद्र सरकार का आभार नहीं जताता। मैं इसके लिए केंद्र का आभार व्यक्त करता हूं। सोशल मीडिया पर अब जो लिखेगा, उसे ही अपनी बात प्रूव भी करनी होगी। इस पर स्पीकर ने कहा कि 3 साल की सजा का भी प्रावधान है।

वहीं, विधानसभा सत्र के दौरान नए मंत्री बनाने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच खूब आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ने कहा कि केवल सिंह पठानिया उनके अच्छे दोस्त हैं, इन्हें लगता है मुख्यमंत्री इन्हें मंत्री बनाएंगे, लेकिन इन्होंने आपको मंत्री नहीं बनाना। इनकी चाटुकारिता छोड़ो, आप पर पुरानी स्टैंप लगी हुई है। इस पर स्पीकर पठानिया ने भी चुटकी ली कि बन तो गए हैं, अब और क्या बनना है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप चिंता छोड़िए, किसे मंत्री बनाना है और किसे नहीं, यह मेरा विशेषाधिकार है। आप अपनी पार्टी के हाल देखिए, पांच गुटों में बंटी हुई है।

हो सकता है कि कल आप या सत्ती मुख्यमंत्री बन जाएं। मुख्यमंत्री के दावेदार को तथ्यों पर बात करनी चाहिए। आप जो आरोप लगा रहे हैं, उससे संबंधित दस्तावेज सदन में रखिए। बिक्रम सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी में क्या होना है, यह हमारा मामला है। आप अपने लोगों को संभालो। लुटिया डूब रही है आपकी। सत्ता पक्ष के विधायकों की ओर इशारा करते हुए बोले कि ये लोग हमें मुक्के मारते हैं कि आप बोलो। बेचारे खुद तो बोल नहीं पाते। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पीडब्ल्यूडी में जेई की भर्ती बंद नहीं की गई है, जो वर्क इंस्पेक्टर लगाए जा रहे हैं, वह जेई नहीं हैं। जेई की भर्ती सरकार जल्द शुरू करने वाली है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जसवां परागपुर में लोक निर्माण विभाग के मंडल के लिए इस वित्त वर्ष में बजट का प्रावधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय

बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते हर्षवर्धन चौहान।

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल।

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा ठाकुर।

विधानसभा के सदन की ओर जाते मलेंद्र राजन, केवल सिंह पठानिया व चंद्रशेखर।

पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा।

बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ प्रकाश राणा, आशीष शर्मा व अन्य।

सुधीर शर्मा व सुरेंद्र शौरी।

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।

पच्छाद की विधायक रीना कश्यप, बिक्रम ठाकुर व अन्य।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

नशे के खिलाफ गांव-गांव तक पहुंचने में मीडिया का अहम रोल

अनंत ज्ञान-चौपाल,नेरवा। मंगलवार को 'एक युद्ध-नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत निकाली गई जन जागरूकता रैली में शामिल विभिन पंचायतों के प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, नव युवक मंड़लों, प्रशासनिक अधिकारियों आदि ने रैली को सफल बनाने के लिए व्यापार मंडल नेरवा, नगर पंचायत एवं फ्रेंड्ज क्लब नेरवा ने आभार व्यक्त किया है। व्यापार मंडल नेरवा के अध्यक्ष राजीव भिख्टा, नगर पंचायत नेरवा की अध्यक्ष बबिता तंगड़ाइक व फ्रेंड्ज क्लब नेरवा के अध्यक्ष सतीश जस्टा ने कहा कि इस रैली को सफल बनाने में स्थानीय मीडिया की विशेष भूमिका रही है। मीडिया के प्रयास से नशे के विरुद्ध यह जंग गांव-गांव तक पंहुची है। रैली से लोगों को नशे के खिलाफ एकजुट होने का संदेश मात्र दिया गया है। अब इसके बाद नशे को जड़ से खत्म करने के लिए प्रयास करने होंगे, हम तभी अपनी अगली पीढ़ी को बचा पाएंगे।

सरकाघाट डिपो में 11 बसें निर्धारित किमी पूरा करने के बाद भी चल रही सड़कों पर : दिलीप

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

हिमाचल प्रदेश को देश का पहला हरित राज्य बनाने का संकल्प लेने वाली कांग्रेस सरकार की पोल तब खुली जब सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने विधानसभा में परिवहन मंत्री से प्रश्न पूछा कि सरकाघाट बस डिपो में ऐसी कितनी बसे हैं, जो अपने निर्धारित किलोमीटर पूरा कर चुकी हैं फिर भी सड़कों पर चल रही है।

परिवहन विभाग सरकाघाट ने स्वीकार किया कि बस डिपो सरकाघाट में 11 बसें हैं जो अपने निर्धारित किलोमीटर पूरा कर चुकी हैं फिर भी चल रही हैं। इन बसों में 2011 मॉडल की बसें शामिल हैं जो लगभग 13 लाख किलोमीटर तक चल चुकी हैं। दिलीप ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि एचआरटीसी की ये पुरानी बसें बिना उचित रख-रखाव के यात्रियों की जान जोखिम में डाल रही हैं। इससे सरकार की कथनी और करनी का अंतर साफ नजर आता है।

साथ ही दिलीप ने सरकाघाट बस डिपो में विभिन्न श्रेणियों में चल रहे रिक्त पदों से संबंधित प्रश्न परिवहन मंत्री से पूछा। परिवहन मंत्री ने उत्तर दिया कि सरकाघाट बस डिपो में विभिन्न श्रेणियों में 129 पद खाली चल रहे हैं, जिसमें चालकों के 37 और परिचालकों के 32 पद खाली हैं। सरकाघाट बस डिपो में ड्राइवरों के कुल 78 पद हैं, जिससे से 37 पद खाली हैं।

न्यूज ब्रीफ

22 मार्च तक करें बिजली के बिलों का भुगतान नहीं तो कटेंगे कनेक्शन

भरत ठाकुर, कोटखाई। कोटखाई विद्युत बोर्ड के अभियंताओं ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड कोटखाई उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी प्रकार के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान 22 मार्च तक विद्युत उपमंडल कोटखाई में या ऑनलाइन करें अन्यथा उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से काट दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

मलखार-मुंदल व गिल्टाड़ी-झारल सड़क की हुई सफल पासिंग

अनंत ज्ञान, जुब्बल -कोटखाई। जुब्बल क्षेत्र की कुड्डू व गिल्टाडी पंचायत में दो सड़कों की सफलतापूर्वक पासिंग होने पर पंचायत वासियो ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया हैं। लाभार्थियों ने संयुक्त ब्यान में कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से कुड्डू पंचायत के सालना गांव की मलखार कैंची से मुंदल संपर्क सड़क व गिल्टाडी पंचायत की गिल्टाडी से झारल संपर्क सड़क की सफल पासिंग संभव हो पाई है। गौरतलब है कि उपचुनाव के बाद जुब्बल-नावर-कोटखाई में अब तक रिकॉर्ड 109 सड़कें तथा कांग्रेस सरकार के गठन के बाद 89 सड़कों की सफल पासिंग हो गई हैं। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र में मात्र 5 सड़कों की ही पासिंग करवा पाई इसके साथ ही क्षेत्र में सड़कों की दुर्गति बनी रही।

रतनाड़ी में कृषि गोष्ठी का आयोजन

अनंत ज्ञान, कोटखाई। कृषक सलाहकार समिति के सौजन्य से रतनाड़ी में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृषि सलाहकार समिति के चेयरमैन राजेंद्र मेहता ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों जैसे- कृषि विभाग, उद्यान विभाग, सामाजिक एवं कल्याण विभाग, पशुपालन विभागों के अधिकारियों ने किसानों और बागवानो को महत्वपूर्ण जानकारिया दीं। इस दौरान मोती लाल, लायक राम, ज्ञान ठाकुर, स्थानीय प्रधान कुसुमलता, उपप्रधान प्रीतम नेगी आदि उपस्थित रहे।

तत्तापानी में युवाओं ने मनाई होली

अनंत ज्ञान, सुन्नी। तत्तापानी में स्थानीय युवाओं ने रंगों के त्योहार होली बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं ने सुबह से ही टोली बना कर जगह जगह पर गुलाल लगाकर होली का त्योहार मनाया। इस दौरान डीजे की धुनों पर युवाओं ने खूब मस्ती की और खूब गुलाल उड़ाया। युवाओं ने तत्तापानी बाजार में एक छोर से दूसरे छोर तक राहगीरों, दुकानदारों और अन्य स्थानीय वासियों को गुलाल लगाया और आपसी भाई चारे का संदेश भी दिया।

अहिल्याबाई सिलाई केंद्र सुन्नी में मनाई होली

अनंत ज्ञान, सुन्नी। सुन्नी स्थित अहिल्याबाई सिलाई केंद्र में होली के उत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। केंद्र की संचालिका खीमी देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में केंद्र के समस्त महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार होली उत्सव में खूब मस्ती की और आमजन को होली की महत्वता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर केंद्र की समस्त प्रशिक्षु और अन्य स्थानीय निवासियों ने भी होली के उत्सव में खूब गुलाल उड़ाया।

सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा आज से

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)। बाल मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयासों में तेजी लाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला शिमला की ओर से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए 14 मार्च से 27 मार्च तक जिला में सघन डायरिया एवं निमोनिया नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 52310 बच्चों को ओआरएस और जिंक की दवा वितरित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला, डॉ. राकेश प्रताप ने बताया कि जिले में इस पखवाड़े को सफल बनाने के लिए सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए ह। इस पखवाड़े के दौरान आशा वर्कर्स घर-घर जाकर दौरा करेगी तथा ओआरएस पैकेट और जिंक टेबलेट वितरित करेगी। इस दौरान लोगों को जल जनित रोगों एवं निमोनिया से बचाव बारे भी जागरूक किया जाएगा।

डॉ. सिकंदर ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए वित्त पोषण को बढ़ावा देने का उठाया मामला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में नाबार्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वित्तपोषण का बढ़ावा दिए जाने संबंधी मामला उठाया। उन्होनें पूछा कि क्या सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नाबार्ड के माध्यम से नई परियोजनाएं स्थापित करने के लिए स्वीकृति दे दी है? विगत दो वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश में संस्वीकृत की गई ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि का परियोजना लागत सहित ब्योरा क्या है और क्या सरकार हिमाचल प्रदेश में कृषि, बागवानी और लघु/मध्यम सिंचाई क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के लिए मौद्रिक दृष्टिकोण को नाबार्ड के माध्यम से सुसंगत बनाने की योजना बना रही है?

राज्यसभा सांसद की ओर से पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चैधरी ने बताया कि सरकार ने नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं यथा ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आईआईडीएफ), वाटरशेड विकास निधि (डब्ल्यूडीएफ), जनजातीय विकास निधि (टीडीएफ) आदि के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु अनेक पहलें शुरू की हैं।

उन्होंने बताया कि आरआईडीएफ के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य में अब तक 1931.54 करोड़ रुपए की ऋण राशि वाली 292 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ 107 ग्रामीण सड़क, 6 ग्रामीण ब्रीज, 40 ग्रामीण पेजयल योजनाएं और 55 लघु/मध्यम सिंचाई परियोजनाएं शामिल है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने पिछले दो वर्षों में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के तहत राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का जिलावार ब्योरा सदन में प्रस्तुत किया। उन्होनें नाबार्ड द्वारा हिमाचल प्रदेश में आरआईडीएफ के अलावा अन्य निधियों/योजनाओं जैसे वाटरशैड विकास निधि, जनजातीय विकास निधि तथा जीवा के माध्यम से पिछले दो वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्योरा भी सदन पटल पर प्रस्तुत किया।

एड्वांस्ड स्ट्डी समरहिल के स्टूडेंट्स पहुंचे विधानसभा

शिमला: बजट सत्र के दौरान विधानसभा पहुंचे एड्वांस्ड स्ट्डी समरहिल के स्टूडेंट्स से बातचीत करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया। इस दौरान पठानिया ने स्टूडेंट्स को विधानसभा की कार्यवाही के बारे में अवगत करवाया।

अध्यापकों को यूनिफॉर्म पहनने के लिए विवश कर रही सरकार

महेंद्र कुमार, सुन्नी

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ और प्रधानाचार्य निरीक्षण अधिकारी संघ ने सरकार द्वारा स्कूलों में शिक्षकों को गरिमा पूर्ण और सभ्य पोशाक पहने संबंधी सर्कुलर जारी करने का स्वागत किया है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से विद्यालय में शालीन पोशाक में आने की बात कही थी। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री व सरकार ने स्पष्ट किया था कि सरकार राज्य में यूनिफार्म लागू नहीं कर रही है। सर्कुलर जारी शिक्षकों से शालीन ड्रेस में स्कूल आने के लिए कहा गया, जिसका स्कूल प्रवक्ता संघ स्वागत करता है। सयुंक्त प्रेस बयान में हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह नेगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजपाल ठाकुर, महासचिव संजीव ठाकुर, वित्त सचिव राकेश भड़वाल प्रदेश मुख्य प्रेस सचिव प्रेम शर्मा व कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी व समस्त प्रवक्ता संघ के जिला अध्यक्षों एवं महासचिवों और प्रधानाचार्य निरीक्षण अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा आदि ने बताया कि कुछ जिलों में शिक्षा उपनिदेशक सरकार द्वारा जारी किए गए सर्कुलर को अपने तरीके से परिभाषित कर रहे हैं और विभिन्न स्कूलों में अध्यापकों को यूनिफॉर्म पहनने के लिए विवश कर रहे हैं, जिसका स्कूल प्रवक्ता संघ और स्कूल प्रधानाचार्य संघ विरोध करता है। सरकार द्वारा ड्रेस कोड लागू किया गया है यूनिफार्म नहीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस सर्कुलर के अनुसार ही कार्रवाई करने की बात मांग की है। (अनंत ज्ञान)

पॉलिटेक्निकल कॉलेज में क्षय रोग पर हुई कार्यशाला

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहड़ू में वीरवार को क्षय रोग पर जागरूकता अभियान चलाया गय। कार्यशाला में ट्यूबरक्लोसिस के फैलने के कारण और किस तरह से इसका उपचार किया जा सकता है, इस विषय पर बहुतकनीकी संस्थान में विस्तार से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्त्रोत व्यक्ति डॉ. रविंद्र मुखिया चिकित्सा अधीक्षक नागरिक अस्पताल रोहड़ू, डॉ. हार्दिक, डॉ. अनिल और अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया।

उन्होंने विस्तार से इस मुख्य विषय पर विचार रखे कि क्षय रोग एक जीवाणुजनित रोग है, जो फेफड़ों पर हमला करता है। राजकीय बहुतकनीकी कालेज रोहड़ू और नागरिक अस्पताल रोहड़ू ने इस विषय पर एक एमओयू भी साइन किया, जिसमें संस्थान के प्रधानाचार्य शशि शर्मा व नागरिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने मुख्य भूमिका निभाई और जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शशि शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से आए चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया। वहीं, इस दौरान क्षय रोग के कारणों के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्यात मोती शर्मा, प्रवक्ता महेश चौहान, उदय चौहान, प्रेम शर्मा, निशा शर्मा, नीरज बाला आदि मौजूद रहे।

रोहड़ू में युवक से सोने के आभूषण व नकदी बरामद

दशमी रावत, रोहड़ू। रोहड़ू उपमंडल के पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत पुलिस ने चोरी के आरोपी खशधार गांव के 28 वर्षीय रोकिंद्र उर्फ राकी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक से ढाई तोले सोने के आभूषण बरामद किए है। वहीं, 1,31,349 रुपए की नकदी भी बरामद की है। युवक ने चोरी के पैसों से एक मोबाइल फोन भी खरीदा है, जिसे पुलिस ने युवक से बरामद किया है। वहीं, चोरी हुए सोने के आभूषण व नकदी पुलिस ने युवक से बरामद की है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 305 व 331(4) के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

सौगात मोदी सरकार ने किया सीयू के बजट को 250 से 500 करोड़

केंद्रीय विवि के लंबित कार्यों की पूर्ति के लिए बुलाई जाए बैठक : अनुराग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने संसद भवन में केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण में देरी को लेकर सरकार से आग्रह किया है कि छात्र हित में जल्द ही एक बैठक बुला कर इस से जुड़े लंबित कार्यों को पूरा किया जाए।

अनुराग ने कहा कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय पूरे हिमाचल प्रदेश के लिये बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। वर्ष 2009 में हिमाचल में केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा-धर्मशाला की स्वीकृति हुई। आज 16 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह यह विश्वविद्यालय किराए के एक अस्थायी परिसर में चल रहा है। हिमाचल में केंद्रीय विश्वविद्यालय लाने का उदेश्य छात्रों के उज्ज्वल भविष्य से संबंधित था। मोदी सरकार ने इसके निर्माण में कोई कमी नहीं रखी, मोदी जी ने 250 करोड़ के बजट को बढ़ाकर 500 करोड़ कर दिया जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करना चाहता हूं। मगर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि देने में देरी, फारेस्ट क्लीयरेंस में कमी व अन्य कारणों से अभी भी छात्रों को किराए के भवन में पढ़ना पड़ रहा है। मौजूदा समय में सीपीडब्लू की तरफ़ से जिन अधिकारियों की नियुक्ति होनी थी। वो भी अभी तक नहीं हो पाई है, साथ ही इस से संबंधित अधिकारियों की जो गंभीरता दिखनी चाहिए थी, वो भी नहीं दिख पा रही है।

हिमाचल में नशाखोरी पर जताई चिंता

अनुराग ने कहा कि आज हिमाचल में नशा एक बहुत बड़ी समस्या बनकर सामने आया है। युवाओं में ड्रग्स की लत को ख़त्म करने के लिए सरकार, सांसदों, विधायकों व समाज को आगे आना होगा, तभी हम अपने युवाओं को ड्रग्स जैसी बुरी लत से बचाने व भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सफल होंगे।

डोडरा क्वार सिविल अस्पताल में रिक्त पदों को भरने के हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

विधि संवाददाता, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला जिला के डोडरा क्वार सिविल अस्पताल में रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने के आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने यह नियुक्तियां इस प्रकार से करने को कहा है कि अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा अधिकारी और अधीनस्थ कर्मचारी उपलब्ध हों, ताकि उक्त क्षेत्र के निवासियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जा सके। जनहित याचिका में सरकार द्वारा दायर शपथपत्र में बताया गया कि सिविल अस्पताल, डोडरा क्वार में स्वीकृत पदों के विरुद्ध चार चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं, जबकि स्टाफ नर्स के स्वीकृत पांच व अस्पताल में कोई स्वीपर भी नहीं है। कोर्ट ने डॉक्टरों की सहायता के लिए सहायक स्टाफ की नियुक्ति करने के पश्चात आवश्यक विवरण देते हुए अगली सुनवाई तक नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए।

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

यूं तो होली के त्यौहारी दिनों में राज्य भर में धूम रहती है लेकिन पपरोला के जिला स्तरीय मेले का इतिहास ही अलग है यहां 1892 से यह मेला धूमधाम से मनाया जाता रहा है द्य यहां निकलने वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र इसलिए ही होती हैं क्योंकि पूर्व समय में जब गाड़ियां और वाहन नहीं होते थे तब कहार बनकर लोग अपने कंधों पर डोली में बिठाकर झांकियां निकालते थे द्य द्यमान्यता यह थी कि ऐसा करने से क्षेत्र में कोई भी प्राकृतिक आपदा न आए द्य मेले के अंतिम दिन काली माता की निकाली जाने वाली झांकी का इतिहास भी बेहद निराला है द्य झांकी का संचालन करने वाले पंडित पंकज शर्मा बताते हैं कि उनकी पांच 5 पीढ़ियां लगातार काली माता की झांकी निकालती आई हैं द्य वे बताते हैं कि सर्वप्रथम 1892 में देवी मां ने स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद शर्मा को सपने में ऐसा करने के लिए कहा था द्य तब उन्होंने होली के दिन देवी को अपने कंधों पर उठाकर कस्बा पपरोला की परिक्रमा करवाई थी द्य माना जाता है कि उसके बाद कभी भी क्षेत्र पर कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा नहीं आई द्य उस समय के बाद कहार काली माता का रूप धारण कर व्यक्ति को बांस से बनाई गई पालकी पर बिठाते थे और माता के रूप में व्यक्ति को रस्सी से बांध दिया जाता था द्य उसके बाद स्व. खेमराज स्वर्गीय कमल किशोर शर्मा ने यह क्रम जारी रखा और अब वह स्वयं लगातार इस झांकी को निकालते हैं द्य पंडित पंकज शर्मा बताते हैं कि कई बार माता उग्र भी हुई हैं द्य तब उन्हें बीच रास्ते में से ही झांकी को रोकना पड़ा द्य उसके बाद शांत स्वरूप मानी जाने वाली चामुंडा देवी की %ओम एम हीम क्लीन चामुंडाए विच्चे नमः 'के जाप के साथ माता का श्रृंगार किया जाता है द्य

72 वर्षीय सुभाष सूद के अनुसार वह बचपन से ही बड़ी माता के डोले को देखते आए हैं द्य राक्षस महिषासुर शुंभ निशुंभ ने जब देवताओं पर हमला कर विजय हासिल की तो वे माता पार्वती को जबरन नरक लोक में ले जाने के लिए आगे बढ़े तो माता का क्रोध सातवें आसमान पर पहुंच गया द्य क्रोध की वजह से माता का रंग काला पड़ गया राक्षसों का संहार करते हुए माता आपे से बाहर हो गई और रास्ते में आने वाले प्रत्येक का संघार करने लगी द्य यहां तक की माता के आगे आने वाले देवता की भी माता के क्रोध का शिकार बन बैठे द्य ऐसे में देवताओं के आग्रह पर भगवान शंकर माता पार्वती के रास्ते में लेट गये द्य जैसे ही माता पार्वती का पैर भगवान शंकर पर पड़ा तो अपनी गलती का एहसास हुआ द्य की जीभ बाहर निकल गई और आंख आंखों से आंसू की धारा बहने लगी द्य देवी मां के इसी रूप को पपरोला में हर वर्ष 'बड़े डोले 'के नाम से निकाला जाता है द्य हालांकि चार दिवसीय जिला स्तरीय इस मेले रमें। के आखिरी दिन इस झांकी को निकाला जाता है जिसके दर्शन करने के लिए लोग दूर-दराज के गांवों से भी पपरोला चले आते हैं द्य बाजार के अन्य हिस्सों से भी माता के अन्य रूपों, देशभक्ति से ओतप्रोत और संदेशात्मक झांकियां निकलती हैं जो कि आकर्षण का केंद्र होती हैं

91 वर्षीय चमन लाल ग्रोवर का कहना है कि एक दफा 1965 में जब देवी मां अपने रौद्र रूप में आ गई थी तो पंडित खेमराज जी ने अपनी उंगली काट कर उसका खून माता के माथे पर लगाया था तब जाकर माता शांत हुई थी

पपरोला के सेवानिवृत्त शिक्षक रविंद्र दीक्षित बताते हैं की पपरोला की होली शुरू से ही काफी मशहूर रही है। पहले यहां झांकियों के साथ साथ माता वैष्णो देवी और अमरनाथ जी की गुफा भी बनाई जाती थी। जो अब जगह की कमी के कारण नहीं बन पाती है। लेकिन यहां के लोगों ने अब भी अपनी पुरानी संस्कृति को जीवित रखा है।

96 वर्षीय अंजना सहगल का मानना है कि देवी पार्वती के इस रूप की झांकी के दर्शन से न केवल संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है, बल्कि सुहागिनों का सुहाग भी बरकरार रहता है द्य यही वजह है कि इलाके से बाहर ब्याही गई बेटियां माता के स्वरूप के दर्शन के लिए बकायदा अपने मायके चली आती हैं द्य नवजात बच्चों के लिए बौद्धिक विकास की देवी भी मानी जाती है

आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

संजय अग्रवाल
ब्यूरो, धर्मशाला
मो. 98160-64741

राकेश डोगरा
संवाददाता, डरोह
मो. 98167-99396

आशीष दामीर
संवाददाता, कांगड़ा
मो. 86298-08387

होली पर्व की कांगड़ा व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई

प्रो. डॉ. अश्विनी शर्मा
अटल बिहारी राजकीय महाविद्यालय तकिपुर

सुलह के लोकप्रिय विधायक श्री विपिन सिंह परमार जी को भवारना मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से जन्मदिवस एवं होली की ढेरों शुभकामनाएं।

विपिन सिंह परमार

हंसराज
मंडलाध्यक्ष भवारना

निवेदक
भाजपा भवारना मंडल सुलह विधानसभा

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संजय सिंह चौहान व व्यापार मंडल डरोह के अध्यक्ष संदीप ठाकुर की ओर से सभी सुलह विधानसभा क्षेत्र वासियों व प्रदेश वासियों को होली उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

संजय सिंह चौहान
उपाध्यक्ष
हिमाचल प्रदेश कांग्रेस

संदीप ठाकुर
अध्यक्ष, व्यापार मंडल डरोह

सुलह के लोकप्रिय विधायक श्री विपिन सिंह परमार जी को जन्म दिवस एवं होली की ढेरों शुभकामनाएं।

विकास धीमान
मंडल अध्यक्ष
भंडारी राम
महामंत्री
विजय राणा
महामंत्री
प्रताप पठानिया
उपाध्यक्ष

सरोज शर्मा
उपाध्यक्ष
जोगिंदर चौहान
उपाध्यक्ष
महेंद्र राणा
उपाध्यक्ष
मनोज शर्मा
कोषाध्यक्ष

निवेदक भाजपा थुरल मंडल सुलह विधानसभा

School Code:17035 ESTD 1994 Recognition No.1477
32th Successful Years in the Field of Education
Priyadrashni Sr. Sec. School
Patti, Palampur (H.P.)
Registration Open
Free Education For 25% Weaker Studenta
For Nursery to +2 (Commerce & Science)
Board Exam Center (2315 Code) For 10th &+2
Required Staff
PGT. Physics PGT Hindi TET. Qualified PGT. English
PGT. Physical Education TGT. S.Science English
English Knowledge is compulsory
Known For Discipline, Meritoricus Results & Based on Molarity
Special Coaching For NDA, English Speaking Course & Personality Development Course, CCTV & WIFI Campus
Bus facility
Contact School Office
98570-77077, 74286-10544, 8580492397, 9882149008
rocky.priyadarshan@gmail.com, www.priyadarshinischoolpatti.in

मेडिकल
नान-मेडिकल
कॉमर्स
आर्ट्स
दाखिला शुरू
प्लवे से 12वीं तक

बिंदिया ठाकुर, प्रिंसिपल

ऐंजल कॉन्वेंट स्कूल
Affiliated to CBSE vide Affiliation No. 630201
पहले 50 दाखिले पर 50 प्रतिशत छूट
केवल कुछ ही सीटें उपलब्ध
गांव कुटकना, नजदीक सरकारी कॉलेज दहरी डाकखाना खेर, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.
विशेष सुविधाएं
◆ दूसरे राज्यों से पढ़ा-लिखा और योग्य स्टाफ ◆ इंग्लिश बोलने पर विशेष ध्यान ◆ इंडोर और आउटडोर गेम्स की सुविधा ◆ पूरी तरह से सुसज्जित कम्प्यूटर लैब ◆ इंटरनेट सुविधाओं के साथ ◆ दूसरे स्मार्ट लैब की सुविधा भी उपलब्ध है ◆ पूरी तरह से सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशाला और स्कूल पुस्तकालय ◆ कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान Fully Air Conditioned Kindergarten section ◆ HPCA cricket Academy
आसपास के सभी क्षेत्रों के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध
www.angelsconventschool.com
Email :- angelschool653@gmail.com
98167-50583, 82192-58690
82193-45348, 98059-97535

VMI PALAMPUR
HAPPY Holi
festival of colours

24x7 EEG, MRI, CT SCAN, ANGIOPLASTY, TRAUMA CARE
ECHS ALL INSURANCE FACILITY AVAILABLE
Vivekanand Medical Institute, Mohal Holta, Palampur, Kangra, H.P-176062
Ph. 01894-2360/10/12 Website: www.vmipalampur.com

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


सुखविन्दर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

आर एस बाली
अध्यक्ष, पर्यटन निगम
एवं विधायक नगरोटा बगवां

राजकुमार जसवाल
कांग्रेस नेता व
पूर्व प्रधान

हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग
जलमेव जीवनम्
जल शक्ति विभाग
मंडल थुरल एवं उपमंडल धीरा की ओर से

इंजी. श्रवण ठाकुर
अधिशाषी अभियंता थुरल

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

इंजी. डिंपल कुमार
सहायक अभियंता धीरा

न्यूज ब्रीफ

जवाली के डोल भनसुआ में लगा बोरवेल

अनंत ज्ञान, कोटला। जवाली विधानसभा क्षेत्र की पधर पंचायत के तहत डोल भनसुआ में जलशक्ति विभाग ने बोरवेल लगाकर लोगों की बरसों पुरानी मांग को पूरा कर दिया है। यह क्षेत्र ड्राई जोन में आता है और यहां के लोगों को अक्सर पेयजल की समस्या रहती है। कांग्रेस कार्यकर्ता वीरेंद्र कौशल ने बताया कि कांग्रेस सरकार और मंत्री चंद्र कुमार के नेतृत्व में जवाली विधानसभा की कोटला, नगरोटा व जवाली बेल्ट में एक समान विकास किया जा रहा है। डोल में लोगों को पानी की काफी परेशानी थी, जिसके चलते कांग्रेस सरकार के मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने लोगों की समस्या को देखते हुए बोरवेल की स्वीकृति करवाई ओर फलस्वरूप आज बोरवेल लग गया है।

मटौर कॉलेज में होनहारों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। राजकीय महाविद्यालय मटौर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. ज्योति कुमार बतौर मुख्यातिथि तथा राजकीय महाविद्यालय बड़ोह प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा विशेष अतिथि, सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. अशोक गुप्ता, सेवानिवृत प्राचार्या प्रो. शुभ्रा गुप्ता, स्थानीय विद्यालय प्रधानाचार्य संदीप शर्मा भी अथिति रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गद्दी नाटी, झमाकड़ा, शिमला नाटी, एकल नृत्य जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आज जहां विद्यार्थियों के पास हर तरह की सुविधा है पर अच्छी सेहत, मेहनत, लगन के बिना कोई विद्यार्थी कुछ नहीं कर सकता। मुख्यातिथि डॉ. ज्योति कुमार ने और विशेष अतिथि डॉ. नीरज शर्मा ने शैक्षणिक क्षेत्र में, डॉ. अशोक गुप्ता ने सांस्कृतिक, प्रो. शुभ्रा गुप्ता ने खेल क्षेत्र, एनएसएस, रोवर/रेंजर इकाई व विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया रंगों का पर्व

अनंत ज्ञान, योल। सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट थेहड़ खनियारा स्थित दिव्यांग बच्चों ने स्टैनफोर्ड स्कूल सुक्कर के बच्चों के संग होली मनाई। इसमें स्टैनफोर्ड स्कूल के 25 बच्चे एवं प्रिंसिपल बबिता ठाकुर, म्यूजिक टीचर निधि एवं पीटि टीचर गौरव भी शामिल थे। बच्चों को दिव्यांगता के बारे में बताया गया और सबने मिलकर गेम्स खेली तथा बाद में होली खेली। बता दें कि सूर्य उदय स्कूल पिछले आठ वर्ष से दिव्यांग बच्चों का स्कूल एवं वोकेशनल सेंटर चला रहा है। स्कूल का मकसद दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है।

अपैक्स कंप्यूटर संस्थान मटौर में खेली होली

आशीष दमीर, कांगड़ा। अपैक्स कंप्यूटर टेक्निकल मटौर में बुधवार को रंगों का पर्व होली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान संस्थान के संचालक अमित सैनी अमित ने छात्र-छात्राओं के साथ खूब होली खेली। (अनंत ज्ञान)

जेबकतरों ने काटी पटवारी-कानूनगो की जेबें

अनंत ज्ञान, गगल। जेबकतरों ने पटवारी-कानूनगो संघ के तीन नेताओं की जेबें उस समय साफ कीं, जब वे आठ मार्च को मुख्यमंत्री से मिलने गगल हवाई अड्डे पर आए हुए थे। एयरपोर्ट पर भीड़ का फायदा उठाते हुए जेबकतरों ने जहां महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी की जेब से नोटों से भरा पर्स उड़ा लिया, वहीं महासंघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष विचित्र सिंह की जेब से कीमती आईफोन भी उड़ा ले गए। जेबकतरों ने महासंघ के ऊना जिला के अध्यक्ष रविंद्र कुमार की जेब पर भी अपना हाथ साफ करते हुए उसकी जेब से नोटों से भरा पर्स उड़ा लिया। इसके बारे में संघ के नेताओं ने गगल पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज करवाई है।

कांगड़ा जिले में आज से 27 मार्च तक आयोजित होगा सघन दस्त पखवाड़ा

बच्चों को घर पर मिलेगा ओआरएस घोल एवं जिंक की टैबलेट्स : एडीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बताया कि कांगड़ा जिला में 14 मार्च से लेकर 27 मार्च तक सघन दस्त पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इसमें पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 99000 बच्चों को घर द्वार पर ओआरएस घोल तथा जिंक की टैबलेट्स वितरित की जाएंगी। वीरवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में सघन दस्त एवं निमोनिया पखवाड़ा के आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि दस्त रोग बच्चों के लिए एक जानलेवा बीमारी है तथा इसी की रोकथाम तथा जागरूकता के लिए सघन दस्त पखवाड़ा मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष में तीन बार जून माह, नवंबर माह तथा मार्च माह में सघन दस्त पखवाड़ा आयोजित किया जाता है, ताकि दस्त के जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। गत वर्ष शून्य से पांच वर्ष के 97829 के करीब बच्चों को ओआरएस घोल तथा जिंक की टैबलेट्स वितरित की गई थीं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा आशा वर्कर्स के माध्यम से ओआरएस घोल तथा जिंक की टैबलेट्स घर-द्वार पर मुहैया करवाई जाएगी तथा इसके उपयोग को लेकर भी अभिभावकों को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्दियों की बारिश के बाद अमूमन डायरिया के मामले सामने आते हैं। प्रदूषित जल और गंदगी डायरिया के मुख्य कारणों में से एक है। एडीसी ने कहा कि टीकाकरण अभियान के तहत शत-प्रतिशत बच्चों को शामिल करने के लिए महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग सहयोग सुनिश्चित करें। टीकाकरण अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से शेड्यूल भी जारी किया जाता है। इस बाबत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टर इत्यादि लगाएं जाएं ताकि अभिभावकों को जानकारी मिल सके।

स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाएं

एडीसी ने आईपीएच विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने की दिशा में कारगर कदम उठाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को हैंड बॉश तथा नाखून साफ रखने को लेकर जागरूक करें ताकि बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके। इससे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए दस्त सघन पखवाड़ा लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों से अवगत करवाया।

पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने धर्मशाला में किया अभ्यास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

विश्व के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में शुमार एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में वीरवार को पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। कोच रिकी पोंटिंग भी खिलाड़ियों को क्रिकेट के गुर सिखाते हुए नजर आए। यह अभ्यास सत्र सुबह 12 बजे से शुरू होकर 3 बजे तक चला। इस दौरान पंजाब किंग्स के युजवेंद्र चहल, प्रभसिमरण व शशांक भी अभ्यास सत्र में अभ्यास करते हुए नजर आए। इस बार आईपीएल सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। पंजाब किंग्स की टीम लखनऊ, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के साथ 4, 8 और 11 मई को मैच खेलेगी। दो मैच शाम साढ़े सात बजे होंगे व एक मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।

तारकेश्वर टंग मेला कल से 17 तक

अनंत ज्ञान, योल। धर्मशाला ब्लॉक के योल के साथ सटे गांव टंग में हर वर्ष होने वाला तारकेश्वर टंग मेला इस बार 15 से 17 मार्च तक होगा। इस मेले में स्थानीय लोग अपनी दिनचर्या की कुछ चीजों की खरीददारी भी करते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी दंगल का आयोजन किया जाएगा। पंचायत प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि 15 मार्च को छोटी माली और 17 मार्च को बड़ी माली होगी।

हिमालयन थार के शिकारियों को मिला छह दिन का रिमांड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पालमपुर के जिया क्षेत्र में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची-1 में शामिल हिमालयन थार घोरा अवैध शिकार के सैंपलों को देहरादून के फॉरेस्ट इंस्टीट्यूट भेजा जाएगा। शिकारी ने शिकार करते हुए पांच हिमालयन थार मार गिराए थे। वीरवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए धर्मशाला वन मंडल की सीएफ डॉ. बसु कौशल ने बताया कि विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें अदालत में पेश किया गया और सभी आरोपियों को 6 दिन के रिमांड पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इनमें चार शिकारी और एक वाहन चालक शामिल है। कौशल ने कहा कि वन विभाग की टीम ने बैनर पावर प्रोजेक्ट की ओर जाने वाले धायला मार्ग पर नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान वन विभाग की टीम ने मंगलवार रात एक पिकअप को रोक गाड़ी की तलाशी में वहां से घोरल का मांस व डबल बैरल राइफल बरामद की।

टीम द्वारा नाके पर पकड़े गए शिकारियों को गिरफ्तार कर उन्हें 6 दिन के रिमांड पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा किए गए बेहतरीन कार्य के मद्देनजर रखते हुए विभाग की ओर से उनकी सराहनीय प्रशंसा की जा रही है इतना ही नहीं बसु कौशल ने बताया कि 15 अगस्त के लिए वन विभाग टीम के इन कर्मचारियों को सम्मानित के लिए उनके नाम भी आगे भेजे जाएंगे।

जखाड़ा में बराबरी पर छूटी बड़ी माली

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। जखाड़ा स्थित बाबा गोपाल दास छिंज मेला बुधवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। छिंज मेले बारे जानकारी देते हुए मेला कमेटी की तरफ से सुशील शर्मा ने बताया जखाड़ा क्षेत्र में बाबा गोपाल दास की असीम कृपा रही है। इसके चलते स्थानीय अलग-अलग गाबों के लोगों द्वारा हर वर्ष बाबा गोपाल दास के नाम से छिंज मेला करवाया जाता है। इसमें हिमाचल के अतिरिक्त अन्य राज्यों के पहलवान भी अपनी-अपनी कुश्ती का जौहर दिखाने पहुंचते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे नशे से दूर रहते हुए छिंज मेलों में कुश्ती दिखाते हुए लोगों का मंनोरजन करने के साथ अपनी आजीविका भी चलाएं। छिंज मेले में बड़ी माली के लिए पप्पी लमा नाला व बसीम पठानकोट के बीच मुकाबला हुआ, जोकि बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचे बराबरी पर छूटा।

एडीएम ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक में दी जानकारी

चंबा जिले में चार महीने में वितरित की 18.68 करोड़ की खाद्य सामग्री

अनंत ज्ञान, चंबा

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने बताया कि जिला में 516 उचित मूल्य की दुकानों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से नवंबर, 2024 से फरवरी, 2025 तक 18 करोड़ 68 लाख 99 हजार 567 रुपए की खाद्य वस्तुएं जिला के 4 लाख 80 हजार 534 राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर, 2024 से फरवरी, 2025 तक खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 652 निरीक्षण किए गए और इस अवधि के दौरान विभिन्न 80 अनियमितताओं के पाए जाने पर 49120 रुपए का जुर्माना वसूला गया है तथा 25 मामलों में चेतावनी, 5 हजार 500 रुपए पॉलीथीन कम्पाउंडिंग के तहत जुर्माना किया गया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर थोक भंडारण केंद्रों, आटा मिलों और उचित मूल्य की दुकानों से सैंपल एकत्रित किए गए।

उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान 44 सैंपल एकत्रित करने के उपरांत जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजे गए थे, जिनमें से 43 नमूने सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही पाए गए हैं। एक गंदम आटे का नमूना सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही नहीं पाया गया, जिसके संदर्भ में कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में 9 गैस एजेंसीयों के पास कुल 1 लाख 53 हजार 746 एलपीजी उपभोक्ता पंजीकृत हैं। उक्त अवधि के दौरान 1 लाख 73 हजार 355 एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री की गई। एडीएम ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि विभाग उचित मूल्य की दुकानों में सभी आवश्यक वस्तुएं समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें, ताकि राशनकार्ड धारकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

धर्मशाला-लमडल-ब्रेहि-धरवाला सड़क मार्ग से घटेगी चंबा की दूरी

राहुल कुमार, चंबा

चंबा जिले को शेष प्रदेश से जोड़ने के लिए लंबे समय से सड़क संपर्क को बेहतर बनाने की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में धर्मशाला-लमडल झील-ब्रेहि-धरवाला सड़क मार्ग निर्माण का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के समक्ष रखा गया है। इस मार्ग के बनने से न केवल चंबा और धर्मशाला के बीच की दूरी आधी हो जाएगी, बल्कि गद्दी समुदाय के आस्था केंद्र लमडल झील तक भी सुगम पहुंच संभव हो सकेगी।

यह मांग गैलेंट्री अवॉर्ड विजेता और समाजसेवी नवनीत चौफल ने उठाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति और धनराशि उपलब्ध कराने की अपील की है। बता दें कि राज्य की दूसरी राजधानी धर्मशाला से चंबा मुख्यालय पहुंचने में वर्तमान में करीब 150 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। हालांकि, केंद्र सरकार द्वारा पठानकोट-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया गया है, जिससे यात्रा में सुधार हुआ है, लेकिन दूरी में कोई विशेष कटौती नहीं हुई है।

अगर धर्मशाला से चंबा तक करेरी-ब्रेहि-धरवाला मार्ग को विकसित किया जाए तो यह दूरी घटकर महज 70-80 किलोमीटर रह जाएगी, जिससे यात्रा समय भी आधा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि देशभर में में पिछले कुछ वर्ष में हजारों किलोमीटर सड़कें बनाई जा सकती हैं, तो यह 20-25 किलोमीटर की सड़क क्यों नहीं? यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि चंबा की प्रगति का रास्ता है। (अनंत ज्ञान)

ब्रेहि-करेरी मार्ग से बढ़ेगा पर्यटन और व्यापार

नवनीत चौफल ने कहा कि गद्दी समुदाय के लिए मणिमहेश झील की तरह लमडल झील भी अत्यंत पवित्र मानी जाती है। वर्तमान म धर्मशाला से करेरी तक सड़क मार्ग (21 किलोमीटर) उपलब्ध है, जिसके बाद यात्रियों को 12 किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ती है। इसी प्रकार भरमौर की धरवाला सड़क से ब्रेहि तक 18 किलोमीटर का सड़क मार्ग बना हुआ है, लेकिन वहां से भी 12-15 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। यदि ब्रेहि से करेरी तक 20-25 किलोमीटर का सड़क मार्ग बनाया जाता है, तो यह न केवल गद्दी समुदाय के लिए आस्था का केंद्र लमडल झील तक पहुंचने का नया और आसान मार्ग होगा, बल्कि इससे हिमाचल प्रदेश के पर्यटन और व्यापार को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

शाहपुर पुलिस ने युवक से बरामद किया 2.34 ग्राम चिट्टा

अनंत ज्ञान, शाहपुर। थाना शाहपुर के अंतर्गत बीती रात पुलिस ने मझग्रा में भारत पेट्रोल पंप के पास चिट्टा बेचने की फिराक में खड़े एक 31 वर्षीय युवक की तलाशी लेने पर 2.34 ग्राम चिट्टा पकड़ा। चिट्टा बेचने वाले आरोपी की पहचान लक्की निवासी मझग्रा के तौर पर हुई है। पुलिस को इस बारे गुप्त सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस ने मौका पर पहुंच कर आरोपी को पकड़ा। वहीं दो स्थानों कैरी और धनोटू में शराब बरामद की है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कैरी में कंफेक्शनरी की दुकान पर दबिश दी तो तलाशी के दौरान पांच पेटी बीआरबी संतरा ब्रांड देसी शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी दुकानदार अरुण कुमार निवासी कैरी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने धनोटु में करयाना की दुकान में दबिश दी तो मौका से 9000 मिलीलीटर संतरा ब्रांड देसी शराब बरामद की पुलिस ने आरोपी कुलविंद्र निवासी धनोटू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा बज्रेश्वरी घाट : एसडीएम

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कांगड़ा की बनेर खड्ड के ऊपर बज्रेश्वरी घाट का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसका निरीक्षण शुक्रवार को एसडीएम कांगड़ा द्वारा किया गया। इस मौके पर उनके साथ मंदिर अधिकारी नीलम राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य भी मौजूद रहे। एसडीएम कांगड़ा ने कहा बनेर खड्ड पर बनाए जा रहे बज्रेश्वरी घाट का निर्माण भव्य तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा यह कांगड़ा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और यहां के आम लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगा।

उन्होंने बताया कि जुलाई माह तक इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। घाट के अंदर भव्य द्वार, आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शौचालय, स्नानागार, वस्त्र बदलने का स्थान, दर्शक दीर्घा, दुकानें, चार दीवारी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा इस घाट का सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र संध्याकालीन आरती के लिए बनाया जा रहा घाट होगा, जहां पर प्रतिदिन भव्य तरीके से आरती की जाएगी। उन्होंने कैप्टन शैलेश रियालच फाउंडेशन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया, जो इस घाट के निर्माण के लिए आर्थिक रूप से बड़ा सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि घाट के इस पुण्य कार्य के लिए इच्छुक दानी सज्जन आर्थिक रूप से अपना सहयोग दें।

नशा तस्करों की जानकारी देने वाले को मिलेगा 11 हजार रुपए का इनाम

अनंत ज्ञान, कोटला। नशे के खात्मे के लिए शुरू की गई नुरपुर पुलिस की मुहिम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्रिलोकपुर भी शुमार हो गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य बलजीत दियोलिया ने नशा तस्करों की जानकारी देने वाले व्यक्ति के लिए इनाम की घोषणा की है। जिस व्यक्ति की सूचना के आधार पर नशा तस्कर को पकड़ा जाएगा, उसे वह अपने स्तर पर 11 हजार रुपए की नकद इनामी राशि देंगे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्रिलोकपुर के प्रधानाचार्य बलजीत दियोलिया ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई के लिए एसएमसी एवं स्थानीय लोग भी सरकार और प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं, जो भी व्यक्ति नशा तस्करों की जानकारी देगा, उसकी पहचान को पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा। अगर कोई शख्स नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सूचना देता है, तो उसके लिए इनाम की नकद राशि को भी बढ़ाकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग नशा तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही इस मुहिम में साथ हैं। उन्होंने कहा कि यह नशे के खिलाफ जंग है, जिसमें समाज के सभी लोगों को एक साथ लड़ना होगा, तभी युवा पीढ़ी को इस जानलेवा लत से बचाया जा सकेगा।

अवैध खनन करते 3 टिप्पर व जेसीबी जब्त, 7 आरोपी काबू

अशोक ठाकुर, पठानकोट

पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध खनन करने वाले लोगों से सख्ती से निपटने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करके जिला पुलिस को सख्त निर्देश जारी किए। इन निर्देशों के क्रम में पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करते अवैध माइनिंग करते हुए 1 जेसीबी मशीन और 3 टिप्परों के साथ 7 आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

जानकारी देते हुए एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि गत सायं करीब 4 बजे चक्की दरिया में गांव हाड़ा के नजदीक अवैध खनन के संबंध में खूफिया सूत्रों के माध्यम से सूचना मिलने पर मुख्य अधिकारी थाना धारकलां ने पुलिस पार्टी और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ एक विशेष अभियान के दौरान छापेमारी की तो मौके पर अवैध रूप से खनन करते हुए लोगों को देखा गया। चेकिंग की तो प्रत्येक टिप्पर में लगभग 300 फीट कच्चा माल भरा हुआ था। इस पर माइन ऐंड मिनरल एक्ट-1957 की धारा 21(1) तहत मुकदमा नंबर 03 मार्च 12-03-2025 को अवैध खनन करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमरजीत सिंह पुत्र सुभाष सिंह, निवासी ग्राम तरगना तह नूरपुर जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, बोध राज पुत्र धर्म सिंह निवासी गांव बनयाना तह नूरपुर जिला कांगड़ा, हिमाचल, सुभाष पुत्र गोरखू राम निवासी ग्राम कुठेड़ थाना शाहपुरकंडी जिला पठानकोट, विशाल सिंह पुत्र उकार सिंह निवासी ग्राम बधानी, थाना मामून कोट, जिला पठानकोट, अनिल गुलेरिया पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम रोड तह नूरपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश, अली पुत्र गुलजारदीन निवासी सुखनियाल थाना धारकलां जिला पठानकोट व सेहल पुत्र विद्या चंद निवासी गांव मेहरा, तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उक्त गिरफ्तार अभियुक्तों को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ की जाएगी और पूछताछ के आधार पर अन्य संबंधित आरोपियों को भी कानून के दायरे में लाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

पठानकोट कैंट स्टेशन पर चलाया तलाशी अभियान

अनंत ज्ञान, पठानकोट। लगातार जहां पुलिस की ओर से चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं एक बार फिर से जीआरपी व आरपीएफ की तरफ से संयुक्त रूप से पठानकोट कैंट स्टेशन पर होली के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया गया। खासतौर पर इस चेकिंग का अभियान में मौजूद यात्रियों के साथ-साथ स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों में भी चेकिंग की गई। इस मौके पर जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि लगातार अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए यह चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी एक बार फिर दोबारा होली के पर्व को मद्देनजर रखते हुए यह चेकिंग अभियान अमल में लाया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान उनके साथ आरपीएफ के जवान भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि ऐसे चेकिंग अभियान समय-समय पर संयुक्त रूप से चलाए जाते हैं और लोगों को जागरूक किया जाता है कि उन्हें किसी भी संदिग्ध वस्तु और व्यक्ति के बारे में पता चलने पर वह पुलिस को अवश्य सूचित करें, ताकि किसी भी प्रकार की अपनी घटना से बचाव किया जा सके।

लोगों को बताए आपदा में बचाव के तरीके

अनंत ज्ञान, नगरी। रेंज ऑफिस पालमपुर व रेंज ऑफिस डरोह में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व जिला प्रशासन के सौजन्य से वंशिका सांस्कृतिक युवा मंच के कलाकारों ने लोगों को आपदा में बचाव बारे नाटक व गीतों के माध्यम से जागरूक किया। इस कार्यक्रम में कलाकारों राजेश हैप्पी, अनुपमा शाही, प्रियंका, प्रिया, राहुल, परवीन, समीर, बॉबी,अरुण दत्त, अक्षय पठानिया ने लोगों को जागरूक किया।

इंदौरा में वन मित्र भर्ती का परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान, इंदौरा। वन परिक्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत वन मित्र के पद के लिए हुई भर्ती का परिणाम बुधवार को घोषितकर दिया गया है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदौरा अभिनव ठाकुर ने बताया कि वन परिक्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत 9 महिला अभ्यर्थियों सहित कुल 20 वन मित्रों को मैरिट के आधार पर चयनित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के नाम व गांव का नाम निम्नलिखित है सानिया कौंडल काथल से, शगुन शर्मा चमोली, विकास सिंह चंद्राहन, साहिल सिंह घोड़न, स्माइल शर्मा राजा खासा, रंजना देवी मंगवाल, खुशबू भपू, अनुज रियाल भनोरी, मनजीत इंदपुर, मोहित डडवाल गठोता, गुरप्रीत कौर मंड मियाणी, लक्ष्मण सिंह घण्डरां, रजत कुमार टिप्परी, नितिश कुमार डमटाल, आंचल हगवाल, प्रथम बाईं अटारियां, अरुण चौधरी सूरजपुर, सलोनी सरगोत्रा अटाहड़ा व नितिन ध्याला से वन मित्र भर्ती में चुने गए हैं, जिन्हें इस संदर्भ में पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदौरा के कार्यालय में अपना चिकित्सा प्रमाण पत्र, शपथपत्र व विभाग द्वारा जारी पत्र साथ लेकर आएं और यदि कोई अभ्यर्थी उक्त अवधि में ज्वाइन नहीं कर पाया तो मेरिट में अगले अभ्यर्थी को योग्य मानते हुए वन मित्र पद पर नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी।

नगरी में धूमधाम से मनाया रंगों का त्योहार

अनंत ज्ञान, नगरी। नगरी में वीरवार को होली बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार गांव में जिस घर में लड़के की शादी हुई हो, उस घर में सुबह दस बजे पर गांव के लोग इकट्ठे हो जाते हैं और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली खेलते हैं। अंत में स्थानीय मंदिर में जा कर सभी लोग माता की आरती करते हैं। इस दिन गांव के स्थानीय लोगों द्वारा तीन झांकियों को निकला जाता है।

बुजुर्ग दंपती को नहीं मिल रही बुढ़ापा पेंशन

अनंत ज्ञान, चंबा। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने एक गरीब बुजुर्ग दंपती की पीड़ा को उजागर किया है। सुल्तानपुर, चंबा निवासी जसवंत और उनकी पत्नी विजय कुमारी पिछले 7-8 महीनों से अपनी बुजुर्ग पेंशन से वंचित हैं और पूरी तरह इसी पर निर्भर हैं। मीडिया के सामने रोते हुए इस दंपती ने कहा कि सरकारी खजाने में फंड की कमी बताकर प्रशासन द्वारा उनकी पेंशन रोकी गई है। दंपती का कहना है कि उन्हें 1 लाख 20 हजार रुपए की टॉयलेट योजना की राशि भी अभी तक नहीं मिली है। उन्हें यह राशि सदर के विधायक द्वारा दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुजुर्ग दंपती ने प्रशासन और विधायक से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की अपील की है, ताकि उन्हें उनकी पेंशन और योजना की राशि मिल सके।

इतिहास मेले के अंतिम दिन काली माता की निकाली जाने वाली झांकी का इतिहास निराला

पपरोला में 1892 से मनाया जा रहा होली मेला

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

यूं तो होली के दिनों में राज्यभर में धूम रहती है, लेकिन पपरोला के जिला स्तरीय मेले का इतिहास ही अलग है। यहां 1892 से यह मेला धूमधाम से मनाया जाता रहा है। यहां निकलने वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र इसलिए ही होती हैं क्योंकि पूर्व समय में जब गाड़ियां और वाहन नहीं होते थे तब कहार बनकर लोग अपने कंधों पर डोली में बिठाकर झांकियां निकालते थे। मान्यता यह थी कि ऐसा करने से क्षेत्र में कोई भी प्राकृतिक आपदा न आए। मेले के अंतिम दिन काली माता की निकाली जाने वाली झांकी का इतिहास भी बेहद निराला है।

काली माता की झांकी का संचालन करने वाले पंडित पंकज शर्मा बताते हैं कि उनकी पांच 5 पीढ़ियां लगातार काली माता की झांकी निकालती आई हैं। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम 1892 में देवी मां ने स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद शर्मा को सपने में ऐसा करने के लिए कहा था। तब उन्होंने होली के दिन देवी को अपने कंधों पर उठाकर कस्बा पपरोला की परिक्रमा करवाई थी। माना जाता है कि उसके बाद कभी भी क्षेत्र पर कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा नहीं आई। (अनंत ज्ञान)

काली माता की झांकी के बारे में क्या कहते हैं लोग

72 वर्षीय सुभाष सूद के अनुसार वह बचपन से ही बड़ी माता के डोले को देखते आए हैं। राक्षस महिषासुर, शुंभ निशुंभ ने जब देवताओं पर हमला कर विजय हासिल की तो वे माता पार्वती को जबरन नरक लोक ले जाने के लिए आगे बढ़े। इससे माता का क्रोध सातवें आसमान पर पहुंच गया और माता का रंग काला पड़ गया। 91 वर्षीय चमन लाल ग्रोवर का कहना है कि 1965 में जब देवी मां अपने रौद्र रूप में आ गई थी तो पंडित खेमराज ने अपनी अंगुली काटकर उसका खून माता के माथे पर लगाया था, तब जाकर माता शांत हुई थी। पपरोला के सेवानिवृत्त शिक्षक रविंद्र दीक्षित बताते हैं कि पपरोला की होली शुरू से ही काफी मशहूर रही है। पहले यहां झांकियों के साथ-साथ माता वैष्णो देवी और अमरनाथ की गुफा भी बनाई जाती थी, जो अब जगह की कमी के कारण नहीं बन पाती हैं, लेकिन यहां के लोगों ने अब भी अपनी पुरानी संस्कृति को जीवित रखा है। सेवानिवृत्त अध्यापिका संतोष कटोच का मानना है कि देवी पार्वती के इस रूप की झांकी के दर्शन से न केवल संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है, बल्कि सुहागिनों का सुहाग भी बरकरार रहता है। यही वजह है कि इलाके से बाहर शादी की गई बेटियां माता के स्वरूप के दर्शन के लिए बकायदा अपने मायके चली आती हैं।

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. राजीव भारद्वाज सांसद कांगड़ा चंबा लोकसभा क्षेत्र | किशोरी लाल विधायक बैजनाथ | मुल्ख राम प्रेमी पूर्व विधायक | दूलो राम पूर्व विधायक | देवी चंद ठाकुर एसडीएम बैजनाथ | अनिल शर्मा डीएसपी | रविन्द्र बिट्टू | अनुराग शर्मा मुख्य सलाहकार कांग्रेस | रमन ठाकुर तहसीलदार | मनीश कुमार थाना प्रभारी | राहुल धीमान अधिशाषी अभियंता | अजय सूद अधिशाषी अभियंता | मनोज मिन्हास अधिशाषी अभियंता | अनिल धीमान एपीआरओ | डा. गुरमीत कटोच | संजीव राणा सह. मंदिर अधिकारी

किशोरी लाल कपूर | घनश्याम अवस्थी ट्रस्टी शिव मंदिर | नवनीत डोगरा निदेशक भारती विद्या पीठ | मनोज कपूर अध्यक्ष व्यापार मंडल | रेणु शर्मा प्रिंसिपल, बिनवा पब्लिक स्कूल | रोमा कौशल सदस्य, रोगी कल्याण समिति | रितु कुमारी पार्षद | अरुण कपूर प्रिंसिपल गुरूकुल पब्लिक स्कूल | तिलक राज संयोजक लोक जन मंच | डा. मोनिका कटोच | राकेश पटियाल विकास खंड अधिकारी | विकास बाबा साहित्यकार | राकेश शर्मा कनिष्ट अभियंता | संजीव आचार्य | प्रताप राणा होटल व्यवसायी | सुनील कुमार सेवानिवृत्त सुपरीटेंडेंट

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

जितेन्द्र कौशल
मंडल संवाददाता बैजनाथ
मो. 9418610000

भाजपा मीडिया प्रभारी | सुरेंद्र कपूर भाजपा मंडल अध्यक्ष | रवि कपूर एमडी, विजन पब्लिक स्कूल | पार्षद, नगर पंचायत बैजनाथ | रुचि कपूर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत बैजनाथ | भाजपा महामंत्री, बैजनाथ | पंकज शर्मा पत्रकार

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभम इंडेन गैस एजेंसी धानग
की ओर से होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रोहित कपूर
मो. 9459278000

मंडल भाजपा की ओर से क्षेत्र वासियों को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित अवस्थी
प्रवक्ता

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
BRAIN WOODS
REASONS TO JOIN US
AFFORDABLE FEE STRUCTURE
MINIMUM FEE STRUCTURE
LOCATED CONVENIENTLY
NEAR BAIJNATH NEW ISBT
SMALL CLASS SIZES
PERSONALIZED INSTRUCTION
DIVERSE CURRICULUM
SPORTS AND ARTS
LIMITED SEATS
PER CLASS
ADMISSIONS OPEN
NURSERY TO 12TH CLASS
SCIENCE AND COMMERCE
CONTACT US
9805111099
8679165597
9816900078

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
iti Industrial Training Institute
DHAULADHAR ITI
GANESH BAZAR BAIJNATH
Affiliated to NCVT, Ministry & Labour & Employment
Govt. of India Affiliation No.
DGET-6/8/11/2009-TC&DGT-12/1/2025

Trade	Duration	Eligibility
Elecrician	2 Years	10th Pass
Fitter	2 Years	10th Pass

Get Skill Development Allowance
Rs. 1000 & 1500 From H.P. Govt
After 10th Two Years ITI Course in Equivalent to 10+2

M/s Vaishnavi Traders
Vill. Hadi, P.O. Mahalpatt, Teh. Baijnath, Kangra (H.P.)
Contact For: All Construction Material
सीमेंट, सरिया, ईंट, टाइल ब्लॉक्स, रेत, बजरी, शटरिंग
सीमेंट मिक्सचर, पत्थर, क्रैशर के लिए संपर्क करें।
हर प्रकार के मकान व दुकान का काम सामग्री सहित तसल्ली बख्श किया जाता है
नोट : टिप्पर के लिए संपर्क करें
PROP: SHALINI DESH RAJ KHANORIA
Mob: 82192-73630, 82192-57040, 94182-51466, 94185-81610

CRASH COURSE
NEET/IIT JEE/NDA/CDS
HP SET, B.Sc. NURSING, MNS, PARAMEDICAL
OUR RECENT ACHIEVERS (2024)

ADITYA JEE Mains 2025 99.93% lie | RANJEET SINGH AIIMS Patna 2024 | DIVESH KUMAR NDA 2024

CLASSES STARTING FROM 21ST, 25TH & 28TH MARCH
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Institute has given 100+(NDA, CDS) Army Officers, 500+ Doctors & 90+IITians
RCC STUDY CENTRE धर्मशाला
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
SERVING SINCE 1995
Mob 88943-95895 70183-71320
Behind Hotel Centre Point, Civil Lines www.rccdharamshala@gmail.com

दी बैजनाथ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित
बैजनाथ, मो. 9418516585

अमित कपूर (प्रधान) | संजीव आचार्य (सचिव) | नागेश अवस्थी (उपप्रधान)
जसबंत सिंह (कोषाध्यक्ष) | प्रशांत सूद (कमेटी सदस्य) | सोनु कुमार सदस्य
कर्मचारी वर्ग
संजीव आचार्य (सचिव)
राकेश नेगी (विक्रेता)
रिंटू कुमार (विक्रेता)

Holi Hai
GURUKUL
PUBLIC SR. SEC SCHOOL
Baijnath, Distt. Kangra (H.P.) 176125
PLAY WAY
NURSERY TO +2
(Science, Commerce & Arts)
Ph. No. 01894-262882, Mob. 9816925111, 9418056446
Website: www.gurukulpublicschoolbaijnath.com

महाशिवा रोलर फ्लोर मिल्स बैजनाथ (पंजाला)
की ओर से आपसी भाईचारे तथा रंगों के पावन त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं

किशोरी लाल कपूर चेयरमैन | मनोज कपूर (बंटू) एमडी | अमित कपूर (मीतू) पार्षद वार्ड नं. 3 नगर परिषद बैजनाथ पपरोला

लोक जन मंच
की ओर से समस्त क्षेत्र वासियों को रंगों के त्यौहार होली की बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं

तिलक राज संयोजक लोक सेवा मंच | रीतू कुमारी पार्षद बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत | सुरेश कुमार समाज सेवी

Mount Carmel School
Affiliate to the Council for the Indian School Certificate Examination.
New Delhi (School Code: HP-028/2005)
Ph.: 01894-263524 (M) 7807630966,
Email: mcs.baijnath@yahoo.com
PANTEHAR ROAD, P.O. BAIJNATH,
DISTT. KANGRA, H.P. PIN-176125
Website: www.mountcarmelbaijnath.com

ऊना में इंश्योरेंस कंपनी ने लगाया रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला मुख्यालय में टाटा इंश्योरेंस कंपनी के सौजन्य से ब्लड बैंक ऊना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का शुभारंभ कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय शर्मा ने किया। कई युवाओं और कंपनी के कर्मियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में डॉक्टर सुरभि, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, नीलम, सतपाल, जोगिंदर, अमरीक सिंह, अजय, अजय वर्मा, सन्नी, जयमल सिंह नंगल, अनिमेष कपूर आनंदपुर साहिब, सुखजिंदर सिंह भटोली, चरणजीत सिंह भानुपली और विशाल कुमार चौकीमनियार उपस्थित थे। कंपनी के स्थानीय प्रबंधक जोगिंदर सिंह ने बताया कि कंपनी के संस्थापक जमशेद जी टाटा के जन्म दिवस (जयंती) के उपलक्ष्य में पूरे देश में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

भोरंज बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी घोषित

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट बलदेव जसवाल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में एडवोकेट दिनेश संधू को महासचिव, एडवोकेट अशोक शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एडवोकेट वीरेंद्र चंदेल को उपाध्यक्ष, एडवोकेट अखिलेश रंगरा को संयुक्त सचिव, एडवोकेट राकेश वर्मा को कोषाध्यक्ष, एडवोकेट सुरेंद्र कुमार डोगरा को ऑडिटर, एडवोकेट रीना को लाइब्रेरियन बनाया गया। इसके साथ ही एडवोकेट राजीव सोनी और एडवोकेट विश्वजीत शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। बार के अध्यक्ष बलदेव जसवाल ने भोरंज बार एसोसिएशन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे अधिवक्ताओं के कल्याण एवं एसोसिएशन के विकास के लिए कार्य करेंगे। बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने एसोसिएशन के विकास व अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं और पदाधिकारियों ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और उनके नेतृत्व में बार एसोसिएशन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लदरौर में कल मनाया जाएगा विश्व उपभोक्ता दिवस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को लदरौर कलां स्थित लखबीर दास मंदिर में सुबह 10.30 बजे आयोजित होगा। इसमें भोरंज के विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन के महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया है।

केंद्र के सहयोग से चल रही सुक्खू सरकार : डॉ. सिकंदर

अनंत ज्ञान, बंगाणा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार को मजबूती से काम करने में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। राज्य सरकार को केंद्र की मोदी सरकार का आभार प्रकट करना चाहिए। ये शब्द राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने बंगाणा में मीडिया से कहे। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए आर्थिक और नीतिगत सहायता दे रही है। इसी सहयोग के चलते प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम हो पा रही है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार का समर्थन न होता तो प्रदेश सरकार को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता। केंद्र सरकार ने हमेशा हिमाचल प्रदेश को प्राथमिकता दी है। इस मौके पर सूरम सिंह,प्रवीण पादा, तिलक राज बांटा मौजूद रहे।

हर्बल रंगों से सजा घुमारवीं शहर का बाजार

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। रंगों के पर्व होली के अवसर पर लोगों के स्वास्थ्य का खास ख्याल रखते हुए घुमारवीं के दुकानदारों द्वारा केवल मेड इन इंडिया हर्बल व ऑर्गेनिक रंग ही बिक्री के लिए रखे गए हैं, जिसकी डिमांड काफी ज्यादा है। वहीं, स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पहले होली पर्व पर केमिकल रंगों का ज्यादा चलन था जिसके साइड इफेक्ट को देखते हुए इस बार उन्होंने केवल हर्बल व ऑर्गेनिक रंग ही अपनी दुकानों में रखे हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन शॉपिंग के चलन से उनकी दुकानदारी पर खासा असर तो पड़ा है फिर भी कई लोग ऑनलाइन खरीददारी को छोड़ दुकानों से सामान खरीदने आ रहे है।

बाल वाटिका-3 के छात्रों ने मनाया जश्न

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर हमीरपुर में विद्या प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बाल वाटिका-3 के नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया। विद्यालय प्रांगण को खूबसूरत सजावट और रंग-बिरंगी थीम से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस विशेष अवसर पर विद्यालय चेयर पर्सन प्रो. आरसी लखनपाल, अकादमिक, प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, समन्वयिका मनीषा मारवाह, कंचन लखनपाल समर्पित बाल वाटिका के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय चेयर पर्सन प्रो. आरसी लखनपाल ने कहा कि बाल वाटिका-3 के इन विद्यार्थियों की जिज्ञासा और सीखने की ललक हमें भविष्य की एक बेहतर और उज्ज्वल पीढ़ी की झलक दिखाती है।

रस्साकशी मुकाबले में चकमोह वृत्त जीता

एसके ठाकुर, बड़सर। महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग के सौजन्य से ताल स्टेडियम बिझड़ी में खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) एसडीएम राजेंद्र गौतम ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने हिमाचल सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन के दौरान बेटियों ने मेराथन दौड़ और महिलाओं ने रस्साकशी, मटकी फोड़, नाटक तथा अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मेराथन दौड़ में आंचल प्रथम, संजना ने दूसरा और श्रेया तथा पायल ने तीसरा स्थान हासिल किया। मटकी फोड़ में आंगनबाड़ी वृत्त ब्याड़ और रस्साकसी में चकमोह वृत्त ने बाजी मारी। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और साहियकाओं को भी सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

ट्रक के नीचे आने से व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, दधोल। भराड़ी थाना के तहत शिमला- मटौर नेशनल हाईवे पर दधोल पुल के समीप सड़क पर व्यक्ति का शव बुरी तरह कुचला हुआ मिला है। हादसे की जानकारी मिलते ही भराड़ी पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। व्यक्ति की पहचान मान बहादुर पुत्र नयाराम गांव वीरेंद्रनगर सुखरेत नेपाल के तौर पर हुई है। सीसीटीवी में पता चला कि वीरवार सुबह के करीब 5 बजे यह व्यक्ति सड़क किनारे खड़े एक तेल के टैंकर के पीछे खड़ा था। इस दौरान वह एकदम से ट्रक के टायर के नीचे आ गया। ट्रक मौके पर नहीं था। पुलिस जांच में घटनास्थल के नजदीक एक बैग मिला है, जिसमें मृतक का पहचान पत्र व मोबाइल मिला है। भराड़ी थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि बैग में मिले मोबाइल से इसके परिजनों को सूचित कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

दियोटसिद्ध मंदिर में चैत्र मास मेला आज से, पंजाब के श्रद्धालुओं की रहती है बड़ी तादाद

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

दियोटसिद्ध (हमीरपुर) उत्तर भारत की प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में महिलाओं के माथा टेकने की परंपरा भी 'निराली' है। महिलाएं गुफा तक तो नहीं पहुंचतीं, लेकिन दूर से ही इसके ठीक सामने बनाए गए समानांतर 'थड़े' से गुफा के दर्शन करके अपनी 'मन्नतें' पूरी करती हैं।

हालांकि गुफा में महिलाओं का प्रवेश ट्रस्ट प्रशासन की ओर से निषेध नहीं है, लेकिन मंदिर के साथ जुड़ी हुई परंपराओं को बनाए रखने में खुद महिलाएं ही आगे बढ़ रही हैं। इक्का-दुक्का बार कभी महिला प्रवेश को लेकर विवाद हुए हैं, लेकिन वह इस मंदिर की परंपरा के लिए 'मायने' नहीं रखते। 'चैत्र मास' मेला शुक्रवार सुबह से शुरू हो जाएगा और अगले तकरीबन 3 महीनों तक बाबा की इस पहाड़ी पर श्रद्धालुओं का ऐसा 'तांता' लगेगा, मानों पूरा पंजाब प्रांत ही इस पहाड़ी पर आ पहुंचा हो। श्रद्धालुओं की बड़ी तादाद पंजाब राज्य की ही रहती है। वैसे

बाबा की गुफा।

तो यह भीड़ परंपरा के मुताबिक एक महीने तक रहा करती थी, लेकिन अब बदली सुख सुविधाओं की आबोहवा में गर्मियों के मौसम में तकरीबन 3 महीने तक लाखों श्रद्धालु इस 'सिद्ध पीठ' में जिस अंदाज में माथा टेकने पहुंचते हैं, उसी के साथ इस मंदिर की आय और चढ़ावा भी निर्भर करता है।

झंडा चढ़ाने की रस्म से शुरू होती है मेले की शुरुआत

मेले की शुरुआत झंडा चढ़ाने की रस्म अदायगी से होती है। वहीं, मेले के दौरान जिंदा बकरे की सुगंध 'दियोट' राक्षस को सुंघाई जाती है। मंदिर की गुफा में मीठे रोट और हलवे का चढ़ावा चढ़ाया जाता है। लंबे-लंबे बाबा के झंडे उठाकर पंजाब प्रांत से 'जयकारा पौणाहरी दा' के नारे लगाते हुए जब श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं, तो इस पूरी पहाड़ी का दृश्य देखने लायक होता है। दिन हो या रात, श्रद्धालुओं का जोश कभी ठंडा नहीं होता, इसलिए चैत्र मास मेले के दौरान मंदिर 24 घंटे खुला रहता है।

विदेशों से पहुंचते हैं श्रद्धालु : करोड़ों की आय वाले इस मंदिर में विदेशों से भी बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

इन तमाम की सुविधा के लिए ट्रस्ट प्रशासन ने यहां बंदोबस्त तो खूब किए हैं, लेकिन एक कमी भी यहां खूब अखरती है। अक्षम और असहाय लोगों या बुजुर्गों के लिए कोई ऐसा रास्ता नहीं बनाया है, जो उन्हें सीधे बिना किसी असुविधा के गुफा तक दर्शन करवाने के लिए बेहतर साबित हो सके, क्योंकि सड़क से सीढ़ियों की मार्फत ही उतरा और चढ़ा जाएगा। इसकी योजनाएं तो खूब बनी हैं, लेकिन अमलीजामा पहनाने में लेट-लतीफी अभी भी जारी है।

> अक्षम, असहाय और बुजुर्गों के लिए गुफा तक अलग रास्ता बनाया जाएगा। यह बेहद जरूरी है। यह समस्या उनके ध्यान में है। 65 करोड़ का एशियन डेवलपमेंट बैंक का प्रोजेक्ट अब चालू हो रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को कई नई तरह की सुविधा होगी व्यवस्था में भी कई परिवर्तन होंगे।
>
> -राजेंद्र गौतम, अध्यक्ष, दियोटसिद्ध मंदिर

मेले में 24 घंटे बंटेगा लंगर : श्रद्धालुओं के लिए यहां लंगर की व्यवस्था रहती है। मेलों के दौरान यह व्यवस्था 24 घंटे चलती है। इसका निर्माण बहुत ही बेहतर तरीके से अब किया गया है। ठहरने की व्यवस्था के लिए भी यहां ट्रस्ट प्रशासन और निजी लोगों की कई धर्मशालाएं भी हैं। (अनंत ज्ञान)

3 करोड़ से बनेगा सैनिक स्कूल का हॉस्टल

मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्कूल स्टूडेंट्स की डाइट मनी 10 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए की

अनंत ज्ञान, हमीरपुर/सुजानपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को सुजानपुर टीहरा स्थित सैनिक स्कूल का दौरा कर स्टूडेंट्स और संस्थान के लिए दो बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने स्कूल परिसर में चल रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल के नए हॉस्टल के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपए देने और स्कूल के बजट में वृद्धि करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्कूल के ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक की व्यवस्था की जाएगी।

सुक्खू ने कहा कि सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों की डाइट मनी को 10 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए और स्थानीय विधायक के माध्यम से स्कूल के लिए एंबुलेंस का प्रावधान भी किया जाएगा। काबिलेगौर यह है कि डाइट मनी

सैनिक स्कूल सुजानपुर की प्रिंसिपल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करती हुई।

बढ़ाने की मांग पिछले लंबे समय से चल रही थी।

उन्होंने कहा कि सुजानपुर सैनिक स्कूल की आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रखी थी और सुजानपुर के विकास में कांग्रेस की सरकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रिंसिपल ग्रुप कैप्टन रचना जोशी और अन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा स्कूल की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया।

इस अवसर पर राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, उपायुक्त अमरजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गौर हो कि राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव के शुभारंभ पर घोषणा की थी कि सुजानपुर होली मेला अब अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा, आईपीएच का डिवीजन सुजानपुर में खुलेगा, सुजानपुर अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा मिलेगी, सुजानपुर के सैनिक रेस्ट हाउस में ईसीएचएस की सुविधा मिलेगी, सुजानपुर में सैनिक स्कूल के पास सिंथेटिक ट्रैक बनेगा।

इसके बाद पहली सांस्कृति कसंध्या का शुभारंभ हास्य कलाकार एहसान कुरैशी ने किया और सबको अपने हास्य व्यंग्य सुनाकर लोटपोट किया। इसके बाद बालीवुड कलाकार शबाब शबरी ने क्लासिक गीतों से समां बांधा।

अटारी-मनाली नेशनल हाईवे पर 31 मार्च तक मिलेगी धूल से निजात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

निर्माण में कई तरह की खामियों के 'हिचकोले' खाने के बाद आखिर अब अटारी-मनाली नेशनल हाईवे-03 की हालत अणू चौक से अवाहदेवी तक 31 मार्च तक सुधरने के आसार दिखने लगे हैं। इस सड़क पर 'टारिंग' का काम जारी है, जिससे अब सफर सुहाना होगा। इस टू-लेन सड़क का निर्माण करीब 3 साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन शुरू से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे। समय पर काम नहीं हुआ। धूल-मिट्टी झेलते हुए व्यापारियों को तो दिक्कत हुई ही है, आमजन भी इस निर्माण की लेटलतीफी से बहुत परेशान चलते आ रहे हैं, लेकिन अब उम्मीद अगले महीने से बेहतर होने वाली है।

करीब पौने तीन साल बाद नेशनल हाईवे को पक्का करने का कार्य बारी मंदिर में आरंभ हो गया है। दरअसल इस सारी सड़क को एक साथ उखाड़ने का काम शुरू हो गया था। जगह-जगह काम पेंडिंग हो गया था, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हुई, मगर आप लगभग 90 फीसदी काम इस टारिंग के साथ मकम्मल हो जाएगा।

लिंक रोड भी हो जाएंगे ठीक : अंकित

हाईवे में इंचार्ज इंजीनियर अंकित सिंह ने कहा है कि 31 मार्च से पहले टौणी देवी से आवाहदेवी तक अधिकतर हाईवे पक्का हो जाएगा। हाईवे से जुड़े सभी लिंक रोड भी जनता की सुविधा के लिए रैंप बनाकर ठीक कर दिए जाएंगे। तकरीबन 22 फुट चौड़ी सड़क पर टारिंग की जा रही है। आबादी वाली जगह पर 28 फुट तक पक्की हो रही। अब 7-8 बाइपास भी बन गए हैं। लिहाजा दूरी भी 23 किलोमीटर से घटकर 20 किमी रह जाएगी। अवाहदेवी से पारछू तक करीब 90 फीसदी काम मकम्मल हो गया है। 50 एमएम मोटी टारिंग प्रथम फेस में की जा रही है, जिसके बाद 30 एमएम की और डलेगी। कुल मिलाकर 80 एमएम पक्का गोला तैयार होगा।

ऊना जिले के 66 वन मित्रों को फॉरेस्ट विभाग ने दिए नियुक्ति पत्र

अनंत ज्ञान, बंगाणा

ऊना जिले में वन विभाग द्वारा 66 वन मित्रों को नई नियुक्ति पत्र देकर होली का विशेष तोहफा दिया गया है। वन विभाग ने सभी चयनित वन मित्रों को बुलाकर उनके ऑफर लेटर सौंपे, जिससे उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई। दो दिन में सभी 66 वन मित्रों की मेडिकल जांच और अन्य औपचारिकताएं पूरी करके रविवार को जिले के 66 वन मित्रों को ज्वाइनिंग लेकर दिए जाएंगे।

इसके बाद यह अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र में योगदान देंगे। जिला फॉरेस्ट अधिकारी सुशील राणा ने बताया कि वन विभाग द्वारा ऊना जिले की पांच वन रेंजों में इन वन मित्रों की तैनाती की है। ये वन मित्र जंगलों में अवैध कटान रोकने, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण को बढ़ावा देने और जंगलों में आग की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए कार्य करेंगे। यह कदम जिले में वन संपदा को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

तीन दिनों के भीतर सभी वन मित्र अपनी ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। और 16 से 30 अप्रैल के बीच सभी जिले के 66 वन मित्रों को ज्वाइनिंग देनी होगी।

बिलासपुर नगर परिषद ने शुरू किया कूड़ा उठाने का कार्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर नगर परिषद ने अंततः कूड़ा उठाने का कार्य शुरू कर दिया है, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। लंबे समय से नगर परिषद परिसर में कूड़े के पहाड़नुमा बड़े-बड़े ढेर जमा हो रहे थे। नगर परिषद परिसर में जमा कूड़े से आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल रही थी, जिससे लोगों का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया था।

इसके अलावा मच्छर और अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा था। स्थानीय नागरिकों ने कई बार इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

अब नगर परिषद ने इस कूड़े को सीमेंट कंपनी भेजना शुरू कर दिया है, जिससे इलाके में सफाई की स्थिति में सुधार हो रहा है।

हालांकि, कुछ महीनों तक सीमेंट कंपनी सुखा कूड़ा लेने से मना कर रही थी, जिसके चलते यह समस्या लगातार बढ़ती गई थी। गौरतलब है कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह कदम पहले ही उठा लिया जाता तो वे इस समस्या से इतने लंबे समय तक परेशान नहीं होते।

'अनंत ज्ञान' द्वारा प्रमुखता से मुद्दा उठाए जाने के बाद समस्या हल होने पर लोगों को मिली राहत।

सीमेंट कंपनी को नियमित भेजा जा रहा कूड़ा : कमल

नगर परिषद अध्यक्ष बिलासपुर कमल गौतम ने बताया कि सीमेंट कंपनी के साथ बातचीत के बाद अब कूड़ा नियमित रूप से वहां भेजा जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो, इसके लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। इस पहल से नगर परिषद परिसर और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि नगर परिषद इस बार सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में लापरवाही नहीं करेगी। अब देखना यह होगा कि यह सफाई अभियान लंबे समय तक जारी रहता है या फिर कुछ समय बाद हालात फिर से वैसे ही हो जाते हैं।

ऊना में प्रचार वाहन से एचआईवी जागरूकता की मुहिम शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना जिले में एच.आई.वी./एड्स को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रदेशभर में संचालित एच.आई.वी. जागरूकता गतिविधियों के तहत इस अभियान में जिले में प्रचार वाहन के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अधिकारी राहुल चौहान ने बताया कि इस अभियान के तहत स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर निशुल्क जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम

जागरूकता अभियान में शामिल प्रतिभागी और आयोजक।

आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें ऊना, टाहलीवाल, विभिन्न डि-एडिक्शन केंद्र, जेल, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स और अन्य संवेदनशील आबादी को लक्षित कर जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1 मार्च से प्रारंभ हुआ यह अभियान 15 मार्च तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस क्रम में आज जिला ऊना के रायपुर क्षेत्र में विशेष जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें निशुल्क एचआईवी जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। इस दौरान 150 लोगों को एच.आई.वी. के प्रति जागरूक किया गया, जबकि 73 व्यक्तियों की निशुल्क एच.आई.वी. जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा ने कहा कि एचआईवी संक्रमण को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। सरकारी अस्पतालों में यह जांच पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध है और जांच करवाने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। समय पर जांच और उचित परामर्श से इस संक्रमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस जागरूकता अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और नियमित जांच के लिए आगे आएं, ताकि इस संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके।

बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगा मनाई होली

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। केकी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया। स्कूल की प्रिंसिपल पूजा कटोच ने इस अवसर पर सभी बच्चों को मिठाई और पिचकारी व रंग बांटे। केकी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड का परीक्षा केंद्र भी है और व वीरवार को साइंस का पेपर भी था। पेपर के बाद होली उत्सव मनाया गया। बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

एक्शन अवैध खनन के खिलाफ ऊना जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

खनन नियमों के उल्लंघन पर जेसीबी की जब्त

अनंत ज्ञान, ऊना

अवैध और अवैज्ञानिक खनन पर नकेल कसने के ठोस प्रयासों के क्रम में ऊना के उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घालूवाल क्षेत्र में स्वां नदी के समीप खनन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान एक जेसीबी को जब्त किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि जिले के प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण प्रशासन की जिम्मेदारी है। अवैध खनन पर्यावरण को गंभीर नुकसान

पहुंचाने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के लिए भी खतरा पैदा करता है। इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन नियमित निरीक्षण और सख्त कार्रवाई करता रहेगा। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से अवैध खनन जैसी गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन से साझा करने के अपील की है ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करके प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित बनाया जा सके। उल्लेखनीय है कि हिमाचल सरकार ने अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्पष्ट निर्देश हैं कि अवैध और अवैज्ञानिक खनन से प्रदेश को नुकसान पहुंचाने वालों पर पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाए, साथ ही उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी ऊना जिला प्रशासन को अवैध खनन पर लगाम को कड़ी निगरानी रखने और औचक निरीक्षण के साथ कड़ाई कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मंदिर विस्तार के लिए भूमि देने के इच्छुक करें संपर्क

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। सहायक आयुक्त मंदिर सचिन शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं को और सुविधाएं देने के लिए चिंतपूर्णी तलवाड़ा बाइपास पर रेन शेल्टर, शौचालय, पार्किंग और बैठने के लिए बैंच लगाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने हेतु कमेटी का गठन हुआ।

बैठक में मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल और नायब तहसीलदार भरवाई अरुण कुमार को सदस्य बनाया गया है। अजय मंडयाल ने बताया कि मीटिंग मे यह निर्णय लिया गया कि जो भी इछुक व्यक्ति अपनी भूमि मंदिर को दान देना या बेचना चाहता है, वह एक सप्ताह के भीतर प्रार्थना पत्र के साथ जमाबंदी मंदिर कार्यालय में जमा करवा सकता है।

घुमारवीं के उपप्रधान व 5 सदस्यों का इस्तीफा

नीरज शर्मा, घुमारवीं

उपमंडल घुमारवीं की घुमारवीं पंचायत में वीरवार को पंचायत उपप्रधान किशोरी लाल शर्मा सहित सभी पांच पंचायत सदस्यों ने सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। यह इस्तीफा उन्होंने पंचायत में चल रहे लंबे विवाद के समाधान के लिए पंचायत में पहुंचे जिला पंचायत अधिकारी को सौंपा। इस सारे घटनाक्रम के बाद उपप्रधान तथा सभी पंचायत सदस्यों द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायत प्रधान पिछले कई महीनों से पंचायत में विकासात्मक कार्य नहीं करवा रही थी, साथ ही, पूर्व में किए गए कार्यों की बकाया राशि भी जारी नही की जा रही थी।

इसके अलावा, प्रधान द्वारा पंचायत सदस्यों के मानदेय का भुगतान भी नहीं किया जा रहा था, जबकि इस संदर्भ में सभी सदस्यों ने उपप्रधान के

पंचायत प्रधान से नाखुश होकर लिया निर्णय

साथ मिलकर मंगलवार को उपायुक्त बिलासपुर को ज्ञापन भी सौंपा था।

इसमें पंचायत प्रधान पर विकास कार्यों को रोकने, अपनी मनमानी करने और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के चलते तानाशाही रवैया अपनाने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। इन लोगों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी इस बारे में खंड विकास अधिकारी को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद खंड विकास अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश जारी किए और प्रधान को निर्देश दिया कि वह सभी कामों की बकाया राशि एवं सदस्यों का मानदेय जल्द जारी करें, लेकिन पंचायत प्रधान ने इन आदेशों की अवहेलना की और कोई भी भुगतान जारी नहीं किया।

उपप्रधान ने बताया कि इस सारे मामले के बाद वीरवार को जिला पंचायत अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया। उन्होंने पंचायत प्रधान को निर्देश दिया कि वह पंचायत के लंबित विकास कार्यों को पूरा करें और सदस्यों की बकाया राशि जारी करें। इन लोगों का आरोप है कि प्रधान ने इन आदेशों को मानने से इनकार कर दिया। इस स्थिति से आहत होकर पंचायत उपप्रधान और सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा कि यदि पंचायत में विकास कार्य नहीं होंगे, तो उनके पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। (अनंत ज्ञान)

शक्ति जीवन है, निर्बलता मृत्यु है। विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु है। प्रेम जीवन है, द्वेष मृत्यु है। **-स्वामी विवेकानंद**

संपादकीय

कैश फॉर वोट

हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र में हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने देहरा विधानसभा उपचुनाव में पैसे बांटने का आरोप लगाकर प्रदेश की सियासत गरमा दी है। इन आरोपों में कितनी सच्चाई है, यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन फिलहाल विपक्षी भाजपा सत्तारूढ़ कांग्रेस की सुक्खू सरकार को घेरने की पूरी जुगत में है। इस मसले को लेकर भाजपा का विधानसभा से वॉकआउट करना यह संकेत देता है कि आने वाले समय में भाजपा सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से नहीं चलने देना चाहती है। भाजपा के हाथ बहुत बड़ा मुद्दा लग गया है, जो राज्य की सुक्खू सरकार के लिए एक गंभीर चुनौती हो सकता है। ये आरोप न केवल चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं, बल्कि सरकार की छवि और चुनावी जीत की ईमानदारी पर भी सवालिया निशान लगाते हैं। विधायक आशीष शर्मा ने चुनाव रद्द करने की मांग उठाई है और ऐसे आरोपों का यदि उचित समाधान नहीं किया गया, तो यह सरकार के लिए एक राजनीतिक संकट का रूप ले सकता है।

सवाल यह उठता है कि क्या कांग्रेस सरकार इन आरोपों का सही तरीके से जवाब दे पाएगी? और यदि भाजपा इस मामले को चुनाव आयोग तक ले जाती है, तो क्या सरकार को संकट का सामना करना पड़ सकता है? यदि भाजपा चुनाव आयोग को इस आरोप के बारे में शिकायत दर्ज करती है, तो कांग्रेस सरकार के लिए खतरे का संकेत हो सकता है। चुनाव आयोग के पास चुनावी अनियमितताओं, जैसे कि वोट खरीदने या पैसे बांटने के मामलों की जांच करने का अधिकार है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो चुनाव रद्द किए जा सकता है, या फिर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। इससे न केवल सरकार की स्थिति कमजोर हो सकती है, बल्कि यह सरकार के कार्यकाल के अंत में राजनीतिक संकट को भी जन्म दे सकता है। कांग्रेस सरकार को ऐसे गंभीर आरोपों का जवाब देने में कोई जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, बल्कि पूरी सतर्कता और पारदर्शिता दिखानी चाहिए। अगर यह आरोप सही नहीं हैं, तो सरकार को इसका साफ और तर्कपूर्ण खंडन करना चाहिए और चुनाव आयोग से मांग करनी चाहिए कि मामले की निष्पक्ष जांच हो। साथ ही, यह भी जरूरी है कि कांग्रेस सरकार अपने पक्ष को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करे और आरोप लगाने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाए, यदि आरोप आधारहीन साबित होते हैं।

यदि आरोप सही हैं, तो कांग्रेस सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए। ऐसे मामलों में कानून की प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करना और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को बनाए रखना जरूरी होता है। सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि वह इस प्रकार की किसी भी गड़बड़ी की जांच और दंडित करने की प्रक्रिया में पूरी तरह से सहयोग करे। ऐसा नहीं है कि कैश फॉर वोट का मामला केवल हिमाचल में ही उछला है, बल्कि देशभर में चुनावों के दौरान कैश फॉर वोट के मामले सामने आते रहे हैं। वोट खरीदने के आरोप भारतीय चुनावी राजनीति का एक काला पहलू रहे हैं। विभिन्न राज्यों में समय-समय पर ऐसे मामलों की रिपोर्ट्स आई हैं, जिनमें मतदाताओं को पैसे देकर उनकी वोटिंग दिशा को प्रभावित करने की कोशिश की गई है। इस प्रकार के मामलों में कई सरकारें संकट में आई हैं, क्योंकि यह लोकतंत्र की निष्पक्षता को प्रभावित करता है।

मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में भी ऐसे कई उदाहरण हैं जहां चुनाव आयोग ने चुनावी अनियमितताओं के आरोपों पर जांच की और चुनाव रद्द किए। इन घटनाओं से सरकारें न केवल सत्ता से हटीं, बल्कि उनका सार्वजनिक विश्वास भी कमजोर हुआ। चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को बनाए रखना सरकार और चुनाव आयोग दोनों की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का कार्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों। यदि चुनाव आयोग को यह शिकायत मिलती है कि पैसे बांटे गए हैं या वोट खरीदने का प्रयास किया गया है, तो यह आयोग का कर्तव्य बनता है कि वह मामले की पूरी तरह से जांच करे और उचित कार्रवाई करे। चुनाव आयोग की जांच में अगर कोई गंभीर अनियमितता पाई जाती है, तो वह चुनाव रद्द कर सकता है या चुनाव में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की सजा दे सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार कैश फॉर वोट और चुनावी अनियमितताओं से जुड़े मामलों में बड़े फैसले दिए हैं। इन फैसलों ने चुनाव प्रक्रिया को और अधिक निष्पक्ष बनाने का प्रयास किया है। बहरहाल, देखना है कि विधायक आशीष शर्मा की ओर से लगाए गए आरोपों का कांग्रेस सरकार किस तरीके से जवाब देती है। ■

सुप्रसिद्ध पौराणिक त्योहार सर्वत्र समृद्धि का प्रतीक

होली एक सुप्रसिद्ध त्योहार है यह हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली रंगों का हंसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है। यह त्योहार एकता, प्रजनन अनुष्ठान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

होली सबसे प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है जो इस वर्ष 13 से 14 मार्च को है। यह भारत में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक हिंदू बसंत त्योहार है। यह मुख्य रूप से मार्च में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है और बसंत के आगमन का जश्न मनाता है। होली का त्योहार राधा कृष्ण के प्रेम का है प्रतीक भी माना जाता है। राधा कृष्ण के प्रेम का प्रतीक मानी जाने वाली होली की शुरुआत बरसाने में हुई थी। कहा जाता है कि जब राधा और कृष्ण बचपन में थे, तो वे अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे। यह खेल उनके प्रेम और स्नेह का प्रतीक था, जो आज भी होली के रूप में मनाया जाता है। होली का त्योहार सामाजिक एकता, प्रकृति के बदलाव, और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली के त्योहार से जुड़ी बहुत सी बातें हैं होली का त्योहार हर साल फाल्गुन महीने में मनाया जाता है। होली के पहले दिन होलिका दहन किया जाता है और दूसरे दिन रंगों वाली होली खेली जाती है।

होलिका दहन की पूजा करने से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं। होलिका दहन की पूजा करने से परिवार के सदस्यों को बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसी भी मान्यता है। होली का त्योहार बसंत ऋतु में मनाया जाता है। होली के त्योहार में रंगों का इस्तेमाल करके सामाजिक बंधन टूट जाते हैं। होली के त्योहार में रंगों का इस्तेमाल करके समुदाय और एकजुटता की भावना को बढ़ावा दिया जाता है। होली का त्योहार जीवन, आनंद, और बसंत की

सुंदरता का उत्सव है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, भगवान श्रीकृष्ण का रंग सांवला था और राधा रानी गोरी थी।

भगवान श्रीकृष्ण को लगता था कि राधा उन्हें पसंद नहीं करेंगी। माता यशोदा ने भगवान श्रीकृष्ण से कहा कि अगर तुम जाकर राधा को रंग लगा दोगे तो उसका रंग तुम्हारी तरह ही हो जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर राधा रानी और उनकी सहेलियों को रंग लगाया। ब्रजवासियों को श्रीकृष्ण की यह शरारत बहुत पसंद आई और तब से रंग वाली होली का चलन शुरू हो गया। होली के रंग खेलने से लोग आज भी बहुत आनंदित होते हैं। आज भी होली पर रंग खेलने से प्रेम और खुशी प्रतीत होती है। होली पर रंग खेलने से आपसी सौहार्द बढ़ता है। होली पर रंग खेलने से लोगों के दिलों के बीच की दूरियां खत्म होती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि होली के दिन भगवान शिव की तपस्या भंग हुई थी। उन्होंने रोष में आकर कामदेव को भस्म कर दिया तथा यह संदेश दिया कि होली पर काम मोह, इच्छा, लालच, धन, आदि के मद को अपने पर हावी न होने दें।

तब से ही होली पर बसंत उत्सव एवं होली जलाने की परंपरा प्रारंभ हुई। इस घटना के बाद शिवजी ने माता पार्वती से विवाह की सम्मति दी। पुराणों के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण व स्टीक कथा हिरण्यकश्यप नामक एक असुर की है जो भगवान विष्णु का कट्टर दुश्मन माना जाता था, लेकिन उसका खुद का पुत्र प्रह्लाद विष्णु जी का सबसे बड़ा भक्त था। उसकी भक्ति को देखकर हिरण्यकश्यप बहुत क्रोधित रहा करता था। वह चाहता था कि प्रह्लाद उसकी शक्ति को माने और विष्णु की पूजा न करके उसकी पूजा करे। प्रह्लाद ने ऐसा करने से मना कर दिया। तब हिरण्यकश्यप उसे नाना प्रकार से मार डालने की योजना बनाने लगा। श्री विष्णु कृपा से प्रहलाद हर बार बच जाता था।

तब हिरण्यकश्यप के क्रोध का अंत न रहा। उसने अपनी बहन होलिका से प्रह्लाद को जलाकर मार डालने की प्रार्थना करने लगा। उसकी बहन होलिका को यह अशीर्वाद था कि वह अग्नि में नहीं जल सकती थी। अत: उसने अपनी बहन को मनाया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाए। अग्नि उसे छू भी न सकेगी, लेकिन प्रह्लाद उस अग्नि में भस्म हो जाएगा। बहन ने अपने भाई की बात मान ली और एक नियत समय पर वह प्रह्लाद को गोद में लेकर बैठी। उसने अग्नि का आह्वान किया। आश्चर्यजनक रूप से होलिका उस अग्नि में बुरी तरह झुलस गई उसके प्राण भी पूरे हो गए, जबकि भक्त प्रह्लाद साफ-साफ बच गए।

इस प्रकार इस महान ऐतिहासिक दुर्घटना के बाद बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में देश भर में होली का त्योहार मनाया जाता है। कहते हैं कि हिरण्यकश्यप के जीते जी ही बुराई का कैसे अंत होता उसने देखा कि, होलिका के रूप में बुराई जल गई और अच्छाई के रूप में भक्त प्रहलाद बच गए। उसी दिन से होली को जलाने और भक्त प्रहलाद के बचने की खुशी में अगले दिन रंग गुलाल लगाए जाने की शुरुआत हो गई। इसलिए गुलाल लगाने से पहले होलिका दहन का रिवाज बन चुका है। गुलाल लगाना जीवन में उत्साह का प्रतीक माना जाता है। सभी में भाई-चारा स्थापित होता है। विभिन्न प्रकार के पकवान बनते हैं जो आपसी प्रेम के कारण एक दूसरे को खिलाए जाते हैं। कई जगहों की होली भी बहुत प्रसिद्ध हैं। ब्रज की होली और बरसाने की होली पूरी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। राजस्थान में स्थित उदयपुर में शाही ठाठ बाट से होली मनाई जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

उल्लास के त्योहार होली के रंगों में छिपा है जीवन का संदेश

यह त्योहार जीवन की विविधता, उल्लास और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। होली का त्योहार हमें सिखाता है कि जीवन में हर भावना, हर परिस्थिति का स्वागत खुले मन से करें।



लेखक : श्री श्री रविशंकर
आध्यात्मिक गुरु

यह पर्व प्रेम, सद्भाव, आनंद और आध्यात्मिक जागरण का एक दिव्य अवसर है, जो हमें जीवन को संपूर्णता से जीने की प्रेरणा देता है।

रंगों का गहरा अर्थ और जीवन का संदेश : रंग केवल दृश्य सौंदर्य ही नहीं, बल्कि भावनाओं के भी प्रतीक होते हैं। लाल रंग क्रोध का प्रतीक है, हरा ईर्ष्या का, पीला उल्लास का, गुलाबी प्रेम का, नीला विशालता का, सफेद शांति का, भगवा त्याग का और बैंगनी ज्ञान का। जब हम भीतर से स्थिर और संतुलित होते हैं, तो हम इन सभी रंगों को सहज रूप से स्वीकार कर सकते हैं और जीवन के हर रंग का आनंद ले सकते हैं। होली और आध्यात्मिक जागरण होली केवल बाहरी रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह आत्मा के भीतर छिपे रंगों को पहचानने और उन्हें अभिव्यक्त करने का पर्व भी है।

यह त्योहार हमें बताता है कि हमें अपने जीवन में अनावश्यक बंधनों और चिंताओं को छोड़कर हल्के और आनंदमय बनना चाहिए। होली एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जहां हम पुराने दुखों और शिकायतों को जलाकर एक नए उल्लास और प्रेम से भरे जीवन का स्वागत करते हैं।

अतीत का दहन और नई ऊर्जा का संचार : होली अतीत के सभी बंधनों, दर्द और नकारात्मकताओं को जलाने का अवसर है। जब हम

पुराने दर्द और बोझों को छोड़ देते हैं, तब जीवन में एक नई ऊर्जा और उल्लास का संचार होता है। यह हमें जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने और नई संभावनाओं के लिए अपने हृदय और मन को खोलने का अवसर देता है।

होली की पौराणिक कथा और उसका महत्व : होली की कथा अच्छाई की बुराई पर विजय की प्रतीक है। हिरण्यकश्यप एक अहंकारी राजा था, जो चाहता था कि हर कोई उसकी पूजा करे, लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान नारायण का भक्त था। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका से कहा कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठे, क्योंकि उसे आग में न जलने का वरदान था, लेकिन सत्य और भक्ति के बल पर प्रह्लाद सुरक्षित बच गया और होलिका जलकर भस्म हो गई। यह हमें यह सिखाती है कि सच्ची आस्था, निष्ठा और मासूमियत किसी भी कठिनाई को पार कर सकती है।

विविधता में एकता और जीवन का सौंदर्य : होली में विभिन्न रंग मिलकर सौंदर्य और उल्लास उत्पन्न करते हैं, वैसे ही हमें भी जीवन में विभिन्नता को अपनाना चाहिए। यदि सभी रंग एक साथ मिल जाएं, तो वे काले हो जाते हैं। इसी प्रकार, जब हम जीवन में अपनी भूमिकाओं को स्पष्ट रूप से नहीं समझते, तो भावनात्मक असंतुलन उत्पन्न होता है।

ध्यान-जीवन को संतुलित और आनंदमय बनाने की कला : जीवन में सच्चा आनंद तब आता है जब हम अपने भीतर गहराई से उतरते हैं और अनावश्यक चिंताओं को छोड़ देते हैं। ध्यान केवल एक साधना नहीं, बल्कि 'कुछ भी न करने की कला' है। ध्यान के माध्यम से हमें गहरे स्तर पर विश्राम प्राप्त होता है, जो हमें सभी इच्छाओं से परे ले जाता है और हमारे मन को स्थिरता और शांति प्रदान करता है। होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गहरे अर्थ को समझने का एक सुनहरा अवसर है।

यह हमें सिखाती है कि जीवन में हर भावना का अपना महत्व है, और हमें उन्हें खुले हृदय से अपनाना चाहिए। जब हम प्रेम, ध्यान और भक्ति के माध्यम से अपने जीवन को संपूर्णता के साथ जीते हैं, तो जीवन अपने आप एक उत्सव बन जाता है। आत्मा जब आनंदित होती है, तो जीवन में रंग और उल्लास स्वयं ही प्रकट होते हैं। इस होली पर, हम सभी अपने भीतर प्रेम, आनंद और सद्भाव के रंग भरें और जीवन को एक सच्चे उत्सव के रूप में मनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

हमारे पहाड़ी प्रदेश यानी हिमाचल प्रदेश में दिनोंदिन चिट्टे की तस्करी के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। हर दूसरे या तीसरे दिन कोई न कोई युवा इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहा है। ऐसे में सरकार को इसके खिलाफ सख्त कदम उठाकर ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना होगा, जो लोग बाहर से नशीले पदार्थों को लाकर प्रदेश के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। नशा तस्करी से जुड़े तमाम लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए, ताकि हिमाचल प्रदेश में नशे के कारोबार को खत्म किया जा सके और युवाओं को नशे से बचाया जा सके। वर्तमान समय में कई युवतियां भी इस चिट्टे की चपेट में आ रही हैं। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों तथा समाजसेवी संगठनों के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना भी जरूरी है। हमारे युवा व युवतियां गुमराह हो रहे हैं और वह नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है।

राजीव गुप्ता, बगली

युद्ध के सख्त खिलाफ थे फादर ऑफ मॉडर्न फिजिक्स आइंस्टीन

फादर ऑफ मॉडर्न फिजिक्स कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन हमेशा युद्ध के खिलाफ थे जानते हैं महान वैज्ञानिक के बारे में अल्बर्ट आइंस्टीन का जन्म 14 मार्च, 1879 को जर्मनी में एक उदार, धर्मनिरपेक्ष और छोटे व्यवसाय वाले यहूदी परिवार में हुआ था।

लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

युवा अल्बर्ट का बचपन और शुरुआती जीवन अधिकांश सामान्य लोगों जैसा ही था। 19वीं सदी के अंत में पैदा हुए कई युवाओं की तरह, वह जिज्ञासु थे, डार्विन को पढ़ते थे, पदार्थ, प्राकृतिक दुनिया में उनकी गहरी रुचि थी और 'प्रकृति के रहस्य' को पूरी तरह से समझना चाहते थे ताकि 'कानून के भीतर कानून' को जान सकें। 1895 में, 16 साल की उम्र में, आइंस्टीन ने जर्मन नागरिकता त्याग दी और स्विट्जरलैंड चले गए। इसका मुख्य कारण सैन्य सेवा से दूर रहना और ज्यूरिख पॉलिटेक्निक में अपनी शिक्षा पूरी करना था। उन्होंने अंतत: जर्मन और ऑस्ट्रियाई विश्वविद्यालयों की तुलना में यहां अपेक्षाकृत मुक्त वातावरण में पीएचडी प्राप्त की, जो यहूदी-विरोधी और अरब-विरोधी विचारों से ग्रस्त थे, लेकिन ज्यूरिख में अध्ययन करने के अन्य लाभ भी थे। आइंस्टीन ने ओडियन कैफे में बहुत समय बिताया, जो रूसी क्रांतिकारियों का अड्डा था और जहां पहले अलेक्जेंडर कोलोनताई और लियोन ट्रॉट्स्की और बाद में लेनिन अक्सर आते थे।

आइंस्टीन ने खुद स्वीकार किया कि उन्हें ओडियन में अपना अधिकांश समय बिताना अच्छा लगता था, यहां तक कि वे कॉफी हाउस में होने वाली गरमागरम राजनीतिक बहसों में भाग लेने के लिए कक्षाएं भी छोड़ देते थे। अकादमिक नौकरी पाने में विफल होने के बाद, आइंस्टीन 1902 में बर्न में स्विस पेटेंट कार्यालय में काम करने चले गए। यहीं पर 1905 में उन्होंने सापेक्षता के सिद्धांत, क्वांटम यांत्रिकी और ब्राउनियन गति पर शोध पत्र प्रकाशित करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 1914 में उन्हें बर्लिन विश्वविद्यालय में पूर्ण प्रोफेसर पद की पेशकश की गई, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। द आइंस्टीन



फाइल्स के लेखक जेरोम के अनुसार, यह प्रस्ताव संभवत: ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के विश्वविद्यालयों के बीच अपनी-अपनी सरकारों के साम्राज्यवादी डिजाइनों को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी प्रतिभाओं को खोजने की भयंकर प्रतिस्पर्धा का परिणाम था।

दुर्भाग्य से, आइंस्टीन ने अपना पद ठीक उसी समय संभाला जब प्रथम विश्व युद्ध छिड़ा था जिसमें जर्मनी मुख्य युद्धरत देशों में से एक था। आइंस्टीन ने युद्ध का विरोध किया। इससे जर्मन सोशल डेमोक्रेट्स के साथ उनके संबंधों में तनाव पैदा हो गया, जिनके साथ वे पहले सहानुभूति रखते थे। उनके बजाय, उन्होंने पार्टी में अल्पसंख्यकों का पक्ष लिया, जिन्होंने युद्ध को शासक वर्गों के बीच संघर्ष के रूप में देखा। इस मुद्दे पर, आइंस्टीन के अपने अधिकांश वैज्ञानिक सहयोगियों के साथ भी मतभेद थे।

आइंस्टीन के समकालीन भौतिक विज्ञानी मैक्स प्लैंक और लगभग सौ अन्य वैज्ञानिकों ने एक अंधराष्ट्रवादी 'सभ्य दुनिया के लिए घोषणा पत्र' पर हस्ताक्षर किए, जिसने युद्ध को 'रूसी भीड़' 'मंगोलों' और 'नीग्रो' द्वारा श्वेत जाति के खिलाफ छेड़े गए युद्ध के खिलाफ प्रतिरोध के एक न्यायपूर्ण युद्ध के रूप में उचित ठहराया। जर्मनी के युद्ध उद्देश्यों का समर्थन करने वाले उस घोषणा पत्र की भाषा, एक पीढ़ी बाद नाजी बयानबाजी का अग्रदूत थी। आइंस्टीन और तीन अन्य ने एक दस्तावेज में जवाब दिया जिसमें वैज्ञानिकों (दुर्भाग्य से उनमें से कई कलाकार और लेखक थे) के व्यवहार को शर्मनाक बताया गया। तत्कालीन सरकार ने इस दस्तावेज को दबा दिया। हस्ताक्षर करने वालों में से कम से कम एक को जेल में डाल दिया गया। आइंस्टीन को जेल नहीं हुई।

यह उनकी नई-नई अर्जित प्रसिद्धि की शक्ति का पहला उदाहरण था, जिसने न केवल उनकी रक्षा की, बल्कि उन्हें बोलने के लिए प्रोत्साहित भी किया। जबकि दूसरों को बोलने की अनुमति नहीं थी। अमेरिका के अशांत दिनों के दौरान भी आइंस्टीन इसके खिलाफ बोलते रहे। यह प्रसिद्ध है कि जिस दिन कैसर विल्हेम को गद्दी से उतारा गया, उसके एक पखवाड़े के भीतर न केवल युद्ध समाप्त हो गया, आइंस्टीन के अंतिम वर्षों का अधिकांश हिस्सा मध्य शताब्दी के 'लाल खतरे' की छाया में बिताए गए थे। उन्होंने लिखा कि 'पुरानी जर्मन तबाही खुद को दोहरा रही थी। 1950 के दशक की शुरुआत में एक तरफ, शहर के बाहरी इलाके में बड़ी संख्या में यहूदियों से मुलाकात की गई थी, जिनमें फिलिस्तीन के लोग भी शामिल थे उनका हमेशा से दोनों में शांतिप्रिय माहौल बनाए रखना था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

हिंदी फिल्मों के सुप्रसिद्ध अभिनेता

आमिर खान हिंदी फिल्मों के भारतीय अभिनेता है। इनका नाम पूरा नाम मोहम्मद आमिर हुसैन खान है, हिंदी फिल्म अभिनेता होने के साथ-साथ यह निर्देशक, स्क्रीनराइटर, निर्माता और टीवी प्रस्तोता भी हैं। आमिर खान देश के मशहूर अभिनेताओं में से एक हैं जो कि अच्छी स्क्रिप्ट वाली फिल्मों में काम करने के लिए जाने जाते हैं, इसीलिए लोग उन्हें मिस्टर परफेक्शिनिस्ट के भी नाम से जानते हैं। हिंदी फिल्मों में उनका योगदान अद्भुत और अतुलनीय है। आमिर को उनके कार्यों के लिए कई अवार्ड्स भी मिल चुके हैं। आमिर खान का जन्म मुंबई में हुआ था। उनके पिता का नाम ताहिर हुसैन और उनकी पिता का नाम जीनत हुसैन है। आमिर खान के एक भाई भी हैं जिनका नाम फैजल खान है। आमिर खान की बहनों का नाम फरहत खान और निखत खान है। उनके परिवार के कई सदस्य फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े रहे हैं। उनके पिता ताहिर हुसैन फिल्म निर्माता थे। उनके अंकल नासिर हुसैन निर्माता-निर्देशक थे। उनके भांजे इमरान खान भी मौजूदा वक्त में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता हैं। मुख्य अभिनेता के तौर पर उन्होंने फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से शुरुआत की जो कि उस समय की बड़ी हिट फिल्मों में से एक है। इसके बाद आमिर ने कई फिल्में की जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए पैमाने बनाए। ■



आमिर खान
जन्म : 14 मार्च 1965

कविता

होली खेल रहे कैलाशी

डॉ. एमडी सिंह

होली खेल रहे कैलाशी, होली खेल रहे कैलाशी।
गा रही है नाच रही है, भीग रही है काशी।
कोई बहरा कोई गूंगा,
कोई चले लिए बैसाखी।
हाथ किसी के कीचड़ है,
तो किसी के हाथ में राखी।
झूम-उछल रहे मस्ती में, सब नहीं कहीं उदासी।
गा रही है नाच रही है, भीग रही है काशी।
खेलत गिरिजा संग महेश,
नाचत नंदी साथ गनेश।
नारद बजा रहे करताल,
पीट थपरी रहे सुरेश।
राजा रंक रंग खेल रहे सब आज दास न दासी
गा रही है नाच रही है, भीग रही है काशी।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

हिमाचल में लोगों को नए नल कनेक्शन मिलने पर संकट

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार अभी पानी की नई पाइपलाइन उपलब्ध नहीं करवा पा रही। इसका कारण बजट और धन की कमी माना जा रहा है। यह बात जनता की समझ से बाहर रहती है कि कोई भी सरकार लोगों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त धन और संसाधनों का इंतजाम क्यों नहीं कर पाती है। जानकारी तो यह भी है कि पिछले कई-कई महीनों से ही प्रदेश सरकार जल शक्ति विभाग को नई पाइपलाइन उपलब्ध करवाने में असमर्थ रही है और यह भी व्यापक रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आर्थिक, सामाजिक, व्यक्तिगत, राजनीतिक, प्राकृतिक कोई अन्य कारण इन अप्रिय परिस्थितियों के पीछे रहे हैं? इन हालात के कारण जनता को नए जल कनेक्शन मिलना तो लगभग असंभव सा ही प्रतीत होता है।

लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

यही नहीं दुर्भाग्यवश उन सभी गांवों, कस्बों और अन्य स्थानों को भी पानी लगभग नहीं के ही बराबर पहुंच रहा है, जिनकी स्वीकृत योजनाओं से संबंधित सभी सरकारी और कानूनी

औपचारिकताएं हर स्तर पर पूरी हो चुकी हैं।

प्रदेश में लंबे ड्राई स्पेल के कारण कुछ ही सप्ताह पहले यह बड़ा बहाना बनाया जा सकता था कि पानी के स्रोतों से ही पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है, लेकिन पिछले ही दिनों हिमाचल प्रदेश में हुए काफी ज्यादा हिमपात तथा बारिश के कारण हिमाचल में लगभग हजारों जगह बड़ी मात्रा में पानी पर्याप्त रूप से उपलब्ध होने लगा है।

कई जगहों पर तो प्राकृतिक पानी के नए स्रोत भी निकल कर सामने आए हैं। इसलिए अब बदले हुए और अनुकूल हालात के उपस्थित होने पर संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रदेश के जल शक्ति मंत्रालय को अवश्य ही अलग दृष्टिकोण से सोचते-समझते हुए सकारात्मक, शीघ्र और ठोस कार्रवाई करते हुए हजारों हजार लोगों के सुख और सुविधाओं के लिए पूर्ण ईमानदारी और समर्पण से कार्य करना चाहिए। इनमें भी विशेषकर देश के आकांक्षक जनपदों में से एक जिला चंबा की ओर विशेष ध्यान दिया जाना अनिवार्य है। जब पेयजल तक भी उपलब्ध न हो तो, बहुमुखी विकास की अन्य योजनाओं पर क्या ही कार्य किया जा सकता है?

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और जल शक्ति मंत्री का यह विशेष कर्तव्य बन जाता है कि प्रदेश के हजारों-हजार नागरिकों की पीड़ा, परेशानी, व्यथा दूर व खत्म करने के लिए पर्याप्त संख्या में पानी की नई पाइपें और सभी आवश्यक सामग्री को जल शक्ति विभाग को जल्द से जल्द उपलब्ध करवाकर ठोस, सशक्त, प्रभावी और शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि लोगों को नए कनेक्शन मिल सकें। प्रदेश के लाखों लोगों की आशाएं, अपेक्षाएं हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ जुड़ी हुई हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

बंजार उपमंडल में देवता बुंगडू ने लोगों के साथ खेली होली।

छोटी काशी में होली के रंग श्री राज माधव राय के संग

हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की.. से गूंजा मंडी नगर, जिलेभर में खूब उड़ा गुलाल, मंडी वासियों ने प्रभु पर बरसाए रंग

अनिल शर्मा, मंडी

जिलेभर के हर उपमंडल सुंदरनगर, सरकाघाट, पधर, जोगिंद्रनगर आदि में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। ऐतिहासिक नगरी छोटी काशी मंडी में होली के रंग श्री राज माधव राय के संग बड़ी ही शिद्दत से खेले जाते हैं। वीरवार सुबह से ही सेरी मंच पर हजारों की संख्या में युवक युवतियों ने डीजे की धुनों पर होली खेल कर खूब मस्ती की।

तत्पश्चात दोपहर बाद श्री माधव राय पालकी में राज मंदिर से निकल कर शहर वासियों के साथ होली खेलने निकले। हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की के नारों से सारा शहर गूंज उठा। मंडी वासियों ने अपने घरों के ऊपर से माधव राय के रंग बरसाए। सदियों से यह प्रथा अनवरत चली आ रही है। माधव राय चौहटा से होते हुए समखेतर पहुंचे, वहां की गलियों से होते हुए पलाख्या मोहल्ला, बाबा बालकरूपी और फिर चिंतपूर्णी माता मंदिर से होते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचे, जहां महंत देवानंद सरस्वती ने उनका स्वागत सत्कार परंपरा निर्वहन के लिए प्रभु के विग्रह को होली के रंग लगाए। इसके पश्चात पुनः चौहटा बाजार में लोगों ने प्रभु के साथ होली के रंग बरसाए। एक लय में बजती घंटी घड़ीयाल इस मनमोहक शोभायात्रा में हजारों भक्त शामिल हुए और उन्होंने प्रभु को राज मंदिर पहुंच कर विश्व की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। (अनंत ज्ञान)

होली का बदला स्वरूप

होली के बदलते स्वरूप को लेकर बुद्धिजीवी वर्ग ने चिंता जाहिर की है। मंडी शहर में युवाओं को बिना कपड़ों के मस्ती करते देखा गया तो वहीं दोपहिया वाहनों पर भी बिना कपड़ों के युवाओं ने खूब मस्ती की। कहीं अंडे फोडे गए तो कहीं जाम भी खूब छलके।

बच्चों में देखा गया खासा उत्साह

अनंत ज्ञान, महादेव। होली का पर्व यानी जिसे छोटी होली का नाम भी दिया गया है। क्षेत्र में बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने जगह-जगह एक-दूसरे को रंग लगाया और होली मुबारक कहा। होली पर्व पर लोग बड़े ही खुश नजर आए और गांव अथवा शहर खासकर चौक-चौराहों पर डीजे की धुनों-गाने बजाकर झूमते-नाचते रहे, ऐसे में बड़े ही उत्साहित बच्चों की टोलियां भी इधर-उधर एक-दूसरे पर गुलाल डालते रही और पिचकारियों का भी खूब प्रयोग करते दिखे। इसके साथ ही शाम के समय लोगों ने अपने-अपने घरों में विधिवत पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया।

सेरी मंच के प्रांगण पर लगे रंगों के ढेर

युवाओं ने सेरी मंच पर होली के रंगों सहित खूब अठखेलियां की। रंगों के लगे ढेर से पता चल रहा था कि सेरी मंच पर व आसपास लगभग 5 क्विंटल रंग से होली खेली गई। होली के बाद जब सफाई कर्मियों ने सेरी मंच के प्रांगण में साफ-सफाई की तो पांच-पांच इंच रंग ढेर लगे हुए थे। इसके साथ ही हजारों प्लास्टिक के लिफाफे, फटे हुए कपड़े और कचरा साफ किया गया।

लॉर्ड्स स्कूल में मनाई होली

सरकाघाट। सुप्रसिद्ध स्थानीय पाठशाला लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल में होली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण रंगों और खुशियों से सराबोर था, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ होली महोत्सव का आनंद लिया। प्रधानाचार्या सपना ठाकुर ने बच्चों को होली का पौराणिक महत्व बताया और कहा कि यह पर्व हमारे समाज में एक-दूसरे को गले लगाकर गिले शिकवे मिटाते हुए प्रेम, प्यार और भाईचारे का संचार करता है। उन्होंने बच्चों से घर पर कीचड़ कालिख और रासायनिक रंगों से होली खेलने से परहेज करने और गुलाल रंगों के साथ होली खेलने पर जोर दिया।

न्यूज ब्रीफ

हत्या मामले में उद्घोषित आरोपी पंचकूला में पकड़ा

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय सरकाघाट के न्यायालय में विचाराधीन हत्या मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को हरियाणा के पंचकूला के 26 सेक्टर से गिरफ्तार कर आगामी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना धर्मपुर के हवाले कर दिया है। आरोपी की पहचान पारूल ठाकुर पुत्र रविंद्र कुमार निवासी गांव झड़ियार डाकघर कांगू का गेहरा तहसील धर्मपुर जिला मंडी के तौर पर हुई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में पुलिस थाना धर्मपुर में हत्या मामले को लेकर एफआईआर दर्ज हुई थी। वहीं, आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय सरकाघाट के समक्ष केस विचाराधीन था। ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 27 फरवरी 2025 को उद्घोषित आरोपी घोषित कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पीओ सेल टीम मंडी ने हत्या मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सैनिक वीर सिंह का 90 वर्ष की आयु में निधन

रितेश चौहान, सरकाघाट। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन वीर सिंह का 90 वर्ष की आयु में वीरवार को उनके पैतृक स्थान रखोह में निधन हो गया, वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। ईएसएम लीग, सरकाघाट तथा सैनिक कल्याण जिला हमीरपुर के निदेशक तथा जिला मंडी के उपनिदेशक ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया व भगवान से उनके परिवार को इस कठिन समय में इस अपूरणीय क्षति को सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की तथा परिवार के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। जिला निदेशालय हमीरपुर व मंडी की तरफ से ईएसएम लीग सरकाघाट, व भूतपूर्व सैनिकों ने कैप्टन वीर सिंह के निधन पर उन्हें रीत द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और 2 मिनट का मौन भी रखा। इस मौके पर सरकाघाट लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद, वाइस चेयरमैन कैप्टेन हुक्म चंद, सचिव कैप्टन बलदेव राज, कोषाध्यक्ष कैप्टन रघवीर सिंह, सूबेदार मेजर विजय कुमार आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

लांगना पंचायत में पानी की किल्लत

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। गर्मियों से पहले ही लांगना पंचायत में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। लांगना जागृति मंच के महासचिव ठाकुर सिंह वर्मा ने जल शक्ति विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि कोल से डबरेहल टैंक तक बिछाई गई पाइप लाइन करीब 40 साल पुरानी हो चुकी है और जगह-जगह से फट गई है, जब पानी प्रेशर से भेजा जाता है तो वह पाइपों से लीक होकर बह जाता है और डबरैहल टैंक तक नहीं पहुंच पाता। वेल्डिंग से भी समस्या हल नहीं हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि टैंक का बोरवेल स्लैब पिछले एक साल से टूटा हुआ है, जिससे उसमें जीव-जंतु और सांप तक गिर रहे हैं। दूषित पानी की सप्लाई से लोग बीमारियों के खतरे से जूझ रहे हैं। लांगना जागृति मंच के सदस्यों ने कई बार जल शक्ति विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया, लेकिन विभागीय अधिकारी सिर्फ टालमटोल कर रहे हैं। मंच के महासचिव ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण जल शक्ति कार्यालय का घेराव कर सकते हैं। इस संबंध में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता शशि भूषण ने कहा कि लांगना की पेयजल समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

एक दिन में 12वीं के दो पेपर होना ठीक नहीं

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा अंग्रेजी विषय का पेपर रद्द करने के उपरांत मार्च 29 तारीख को शाम के समय संपन्न करवाने का फरमान जारी किया गया है। 29 मार्च को सुबह डांस विषय का पेपर है और शाम को बच्चों को अंग्रेजी विषय का पेपर देना पड़ेगा। बोर्ड के अड़ियल रवैये के कारण बच्चों को यह खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद सूद और प्रांत एवं जिला कार्यकारिणी के सभी कार्यकर्ताओं ने हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए 29 मार्च को शाम के समय अंग्रेजी विषय की रखी गई परीक्षा को या सुबह की डांस विषय की परीक्षा को अगले किसी कार्य दिवस में संपन्न करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव को कहा। हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ प्रांत मीडिया प्रमुख शशि शर्मा ने कहा कि 29 मार्च को पाठशाला में व्यस्ततम दिन है उस दिन सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी घोषित करने पड़ेंगे, क्योंकि 30 और 31 मार्च को दो दिन की छुट्टियां हैं।

17 मार्च को गठित होगी नई कार्यकारिणी

अनंत ज्ञान, आनी। जिला कुल्लू के आनी की 13 पंचायतों के आराध्य शमशरी महादेव मंदिर में 17 मार्च को नई कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी का गठन देवता के हारियान करेंगे, ताकि मंदिर से जुड़े सभी कार्यों का सुचारु रूप से संचालन हो सके। मंदिर के कारदार संतोष कुमार ने हारियानों और क्षेत्र की जनता से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेने का आह्वान किया। यह कमेटी मंदिर प्रबंधन के साथ-साथ देवता की संपत्तियों, मेलों और धार्मिक आयोजनों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक है। कारदार ने बताया कि मंदिर का संविधान पहले ही तैयार किया जा चुका है। इसमें देवता की हारियान और लोगों से बैठक में भाग लेने का आह्वान किया व परंपराओं, रीति-रिवाजों और संपत्तियों को संरक्षित रखने के सभी आवश्यक प्रावधान शामिल किए हैं। देवता के पास सैकड़ों बीघा जमीन है, जिसे सुव्यवस्थित रूप से व्यवस्थित करने के लिए एक जिम्मेदार कमेटी का गठन अनिवार्य हो गया है। कारदार संतोष कुमार ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एकता बनाए रखने और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस ऐतिहासिक निर्णय का हिस्सा बनने की अपील की है।

दो दुकानों से 13 बोतलें देसी शराब जब्त

अनंत ज्ञान, आनी। पुलिस ने आनी और निरमंड थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से कुल 13 बोतल देसी शराब बरामद की। आनी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कंडुगाड़ में एक महिला की किराना दुकान में छापेमारी की। यहां से पुलिस ने 'ऊना नंबर 1 मार्का की 8 बोतल देशी शराब बरामद की। वहीं, निरमंड थाने के अंतर्गत आने वाली नित्थर चौकी पुलिस ने भी गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने मोइन में किशोरी लाल की किराना दुकान से 5 बोतलें देसी शराब जब्त की। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है व आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

जाबो से चंडीगढ़ बस के सीधे टिकट न बनने से सवारियों को हो रहा नुकसान

अनंत ज्ञान, निरमंड। एचआरटीसी सब डिपो आनी के अंतर्गत जाबो से चंडीगढ़ जाने वाली बस सेवा में यात्रियों को पिछले छह महीने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एचआरटीसी की नई टिकट मशीनों में सीधे चंडीगढ़ के स्टेशन इंस्टॉल न होने के कारण यात्रियों को पहले आनी तक का टिकट लेना पड़ रहा है और फिर आनी से चंडीगढ़ के लिए नया टिकट बनाना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया में यात्रियों को करीब 22 रुपए अधिक चुकाने पड़ रहे हैं, जिससे उनमें नाराजगी है। स्थानीय यात्रियों वेद ठाकुर, शांता कुमार, देवेंद्र शर्मा, चंद्र मोहन, तारा चंद शर्मा, दलीप कुमार, नानक चंद और संदीप ने इस समस्या को लेकर एचआरटीसी प्रबंधन से शिकायत की है। उनका कहना है कि पहले जाबो से चंडीगढ़ के लिए सीधे टिकट मिल जाते थे, लेकिन नई मशीन इंस्टॉल होने के बाद यह सुविधा बंद हो गई है, अब यात्रियों को दो बार टिकट कटवाना पड़ता है, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि यात्रा में भी अनावश्यक बाधा उत्पन्न हो रही है। यात्रियों का आरोप है कि एचआरटीसी प्रबंधन इस समस्या से अनजान बना हुआ है। इस कारण न सिर्फ यात्रियों को अतिरिक्त पैसे देने पड़ रहे हैं, बल्कि टिकट लेने की प्रक्रिया भी जटिल हो गई है। यात्रियों ने मांग की है कि टिकट मशीनों में जल्द सभी स्टेशनों को इंस्टॉल किया जाए, ताकि जाबो से चंडीगढ़ के लिए सीधे टिकट मिल सकें। इस मामले पर एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक रामपुर अतुल गुप्ता ने कहा कि इस समस्या को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि यात्रियों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

होली के रंगों में रंगी रघुनाथ की नगरी

कमलेश वर्मा, कुल्लू

भगवान रघुनाथ जी की नगरी कुल्लू में जहां बुधवार से होली उत्सव शुरू हो गया है। वहीं, वीरवार को भी पूरा शहर होली के रंगों में रंगा रहा और बड़ी होली के मौके पर शहरवासियों सहित दूरदराज गांव के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर गुलाल लगाया।

वैरागी समुदाय के लोगों ने डफली की धुन पर अलग-अलग टोलियों में होली की रीति को निभाया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की स्वर लहरियों के साथ होली मनाई गई। देश व प्रदेश में जहां होली उत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। वहीं, कुल्लू में हर साल परंपरानुसार दो दिन पहले से ही होली की धूम रही, जिसके चलते बुधवार को भी कुल्लू शहर के कुछ क्षेत्रों में होली की धूम रही, लेकिन वीरवार को विधिविधान के साथ बड़ी होली मनाई गई। एक तरफ जहां पूरे कुल्लू शहर में लोगों ने टोलियों में निकलकर होली गीत गाकर गुलाल उड़ाया। वहीं, डीसी

रेजिडेंस में भी होली की खूब धूम रही। यहां पर अधिकारियों व पत्रकारों ने जहां एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं, होली पर्व के उपलक्ष्य पर सभी लोग डीजे की धुन पर भी खूब झूमें। साथ ही डीसी कार्यालय के बाहर भी डीसी व अधिकारियों ने होली मनाई। उधर, वैरागी समुदाय के लोगों ने घर-घर जाकर होली के गीत गाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। वहीं, लोगों ने एक-दूसरे को जमकर गुलाल लगाया और ढोल-नगाड़ों के साथ घर-घर नृत्य किया और होली के गीत गाए। उधर, रथ मैदान में देवता गौहरी युवक मंडल के द्वारा डीजे की व्यवस्था की थी। यहां भी खूब गुलाल उड़ा और युवा डीजे की धुन पर खूब झूमें। रघुनाथ की नगरी में होली सबसे अलग होती है। पूरे देश में जहां होली का उत्सव एक दिन मनाया जाता है। वहीं, कुल्लू की होली 40 दिन पहले बंसत पंचमी के दिन से मनाई जाती है। देश में जहां होली का पर्व होलिका दहन के बाद मनाया जाता है। कुल्लू में होली के पर्व को होलिका दहन से पहले मनाया जाता है। दूसरे दिन होलिका का दहन किया जाता है। कुल्लू में होली उत्सव को लेकर सभी में खासा उत्साह दिखाई दिया। कुल्लू में बसंत उत्सव के दौरान कुल्लू के राजा महेश्वर सिंह पीला गुलाल फेंककर होली उत्सव का आगाज करते हैं। इसके बाद 40 दिन तक महंत समुदाय के लोग घर-घर जाकर होली के गीत गाते हैं। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने भी जिला वासियों को होली की बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

वैरागी समुदाय सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का कर रहा निर्वहन : महंत

नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने सभी लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का त्योहार जिला कुल्लू में धूमधाम से मनाया जाता है और आज भी यहां पर वैरागी समुदाय के द्वारा जो सैकड़ों साल पुरानी परंपरा है, उसका निर्वहन किया जा रहा है। ऐसे में होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है और इससे लोगों में आपसी सद्भावना भी बढ़ती है।

परंपराओं का बखूबी किया जा रहा निर्वहन

कुल्लू में भगवान रघुनाथ की नगरी में दो दिन पूर्व ही होली मनाई जाती है। इतिहास बताता है कि कुल्लू जनपद में राजा जगत सिंह का शासनकाल वर्ष 1637 से 1662 तक रहा है। इसी दौरान अयोध्या से भगवान राम की मूर्ति को कोढ़ से मुक्त पाने के लिए यहां लाई गई थी। इसके बाद से ही करीब पिछले 400 सालों से बसंत पर होली का आगाज होता है, जो अगले 40 दिनों तक चलती है। ब्रज की भाषा में होली के गीत वृंदावन के बाद कुल्लू घाटी में ही गूंजते हैं। भगवान रघुनाथ के छड़ीबदार महेश्वर सिंह के अनुसार सदियों से परंपराओं का बखूबी निर्वहन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस बार भी दो दिन धूमधाम से होली मनाई गई।

50 साल से खेल रहा होली

वहीं, कुल्लू में होली खेलने आए 92 साल के बुजुर्ग ने बताया कि वह पिछले 50 सालों से लगातार होली खेलने के लिए ढालपुर आते हैं और रंगों के त्योहार के बीच खुशियां मनाते हैं। बेशक आज की होली में थोड़ा बदलाव जरूर हुआ है, लेकिन लोग अभी भी अपने भाईचारे की संस्कृति को अपनाए हुए हैं।

वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक 16 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। वरिष्ठ नागरिक परिषद जिला मंडी की बैठक प्रधान रणपत सिंह राणा की अध्यक्षता में रविवार 16 मार्च को जेल रोड स्थित मांडव चेरीटेबल ट्रस्ट के ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक भवन में होगी। जिला महासचिव तेज सिंह गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में जिले की नई कार्यकारिणी के चुनावों पर विचार-विमर्श होगा तथा इसकी तारीख व स्थान तय किया जाएगा। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। सभी जिले की इकाइयों से कहा गया है कि जिनके चुनाव हो चुके हैं, वह अपने चयनित सदस्यों की सूची साथ लेकर आएं। सभी इकाईयों के प्रधान व सचिव इस बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं क्योंकि राज्य स्तर पर वरिष्ठ नागरिक परिषद का गठन हो चुका है ऐसे में आगामी कार्यवाही को लेकर जरूरी रणनीति बनाई जानी है।

डीजे की धुनों पर झूमे युवा

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर में पहली बार जुगल जोड़ी सरकार की भव्य रथ यात्रा के साथ सामूहिक होली महोत्सव का आयोजन हुआ। रामलीला मैदान में अबीर-गुलाल की वर्षा के बीच युवाओं ने डीजे की धुनों पर नाटी और बॉलीवुड गानों पर थिरकते हुए पर्व का आनंद उठाया। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चले इस उत्सव की शुरुआत अन्नपूर्णा मंदिर लदरुही से हुई।

मठाधीश 1008 राम मोहनदास रामायणी जी के नेतृत्व में जुगल जोड़ी सरकार की भव्य रथ यात्रा निकाली गई, जिसका शहरभर में फूलों और अबीर के साथ स्वागत किया गया। आयोजन को भव्य बनाने के लिए जगह-जगह लंगर सेवा का आयोजन किया गया, जिससे भक्ति और सेवा का माहौल बना रहा। रामलीला मैदान में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राम मोहनदास रामायणी ने कहा होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और एकता का त्योहार है। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और ऐसे सकारात्मक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लक्की ड्रा भी निकाला गया, जिसमें 40 भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। (अनंत ज्ञान)

जल रक्षकों को मानदेय दे सरकार

अनंत ज्ञान, बालीचौकी। सराज हल्के में जलरक्षा विभाग में कार्यरत जल रक्षकों को पिछले 3 माह से मानदेय की अदायगी नहीं हो पाई है। भाजपा बालीचौकी मंडल के अध्यक्ष मुकेश मैडी ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल रक्षकों को जल्द ही उनके मानदेय की अदायगी की जाए, अन्यथा भाजपा जल रक्षकों के हितों से खिलवाड़ करने वाली सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जब कांग्रेस विपक्ष में थी, तो कहती थी कि जल रक्षकों को न्यूनतम 300 रुपए दिहाड़ी देगी, लेकिन दिहाड़ी बढ़ाना तो दूर रहा, उन्हें उनके मानदेय से भी महरूम रखा जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर विफल हो गई है और समाज के सभी वर्ग सरकार की कार्यप्रणाली के चलते पूरी तरह हताशा और निराशा के वातावरण में जी रहे हैं।

मजदूरों के कल्याण पर इस साल बोर्ड का तीस प्रतिशत बजट ही हुआ खर्च : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की बैठक गत दिवस शिमला में नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें अगले वित्त वर्ष के लिए 207 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया, जिसमें 160 करोड़ रुपए मजदूरों की सहायता के लिए तथा अन्य मुद्दों के लिए रखे गए हैं, लेकिन गत तीन वर्षों की एक लाख सात हजार मजदूरों की 500 करोड़ रुपए की देनदारियां अभी लंबित हैं और वर्तमान में बोर्ड के पास 1200 करोड़ रुपए उपलब्ध होने के बाद भी मजदूरों को अदा नहीं हो रही है।

वर्ष 23-24 में 26.79 करोड़ 24-25 में 33 करोड़ ही खर्च हुए हैं, जबकि प्रावधान एक सौ बीस करोड़ प्रत्येक वर्ष में रखा गया था। इसके बारे बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य व सीटू के मंडी जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वे मजदूरों की सहायता राशी जल्द जारी करने बारे पिछली तीन बैठकों से मुद्दा उठा रहे हैं और पिछली बोर्ड बैठक में इस बैठक तक पचास प्रतिशत पेंडेंसी किलीयर करने का फैसला हुआ था, लेकिन इस बैठक तक मात्र 1872 मजदूरों को 6.76 करोड़ रुपए की सहायता ही जारी हुई है, जबकि एक लाख से ज्यादा मजदूरों की सहायता लंबित है। भूपेंद्र सिंह ने ये मुद्दा बोर्ड बैठक में उठाया और लंबी बहस के बाद बोर्ड अध्यक्ष ने बोर्ड ऑफिस हमीरपुर शिफ्ट होने के कारण अगली बैठक तक मजदूरों की सहायता राशी जारी करने का आश्वासन दिया। भूपेंद्र ने बताया कि बोर्ड के विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों के 51 पद खाली पड़े हैं और सरकाघाट आफिस जो धर्मपुर व गोपालपुर खंडों के 30 हजार मजदूरों के लिए स्थापित है, यहां पर दो साल से मोटिवेटर नहीं है, अगर 31 मार्च तक यहां पर मोटीवेटर न लगाया गया तो इसके लिए सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

लारजी बांध में जल्द शुरू होंगी जल क्रीड़ा की गतिविधियां : तोरुल रवीश

- वाटर स्कूटर व छोटी नाव स्टीमर की सवारी होगी
- पर्यटन गतिविधियों को विकसित करने के लिए सरकार उठा रही कदम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिलाधीश एवं चेयरमैन तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में द कुल्लू डिस्ट्रिक्ट वाटर स्पोर्ट्स एंड एलाइड एक्टिविटीज सोसायटी, लारजी की बैठक आयोजित की गई।

डीसी ने बताया कि कुल्लू के लारजी बांध में जल क्रीड़ा की गतिविधियां शुरू होने वाली हैं। यहां वाटर स्कूटर, छोटी नाव और स्टीमर की सवारी की जा सकेगी, जिसके लिए पर्यटन विभाग को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। लारजी झील में जल क्रीड़ा को बढ़ावा मिलने से यह जिले का एक महत्वपूर्ण स्थान बन जाएगा तथा लारजी बांध क्षेत्र में जल क्रीड़ा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि लारजी डैम को पर्यटन की दृष्टि से जलक्रीडा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां वाटर स्पोर्ट्स का मजा लेकर पर्यटक बंजार के जीभी, तीर्थन घाटी, जलोड़ी जोत, सरयोलसर झील तथा सैंज के देहूरी, शांघड़ आदि का रुख कर मनमोहक नजारों को निहार सकेंगे। प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को विकसित करने के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है। शिमला जिले के तत्तापानी में जलक्रीडा केंद्र शुरू होने के बाद कुल्लू के लारजी डैम में भी पर्यटक वाटर स्कूटर, छोटी वोट व स्टीमर की सवारी पर्यटक कर सकेंगे। लारजी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और कैफेटेरिया बिल्डिंग को निविदा के आधार पर तीन साल के लिए लीज पर दिए जाने का विचार किया गया, जिसके लिए निर्धारित मापदंड रखने वाले ऑपरेटर से जल क्रीड़ा के संचालन के काम को सुचारु एवं पेशेवर रूप से चलाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। लारजी झील में जल क्रीड़ा गतिविधियों और कैफेटेरिया के लिए दो बार निविदाएं आमंत्रित की गई थीं, लेकिन कोई बोलीदाता आगे नहीं आए, अब इस दोनों कार्यों के लिए अलग अलग निविदाएं ली जाएंगी। बैठक की कार्यवाही का संचालन सदस्य सचिव एवं जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनयना शर्मा ने किया। बैठक में निदेशक पर्वतारोहण संस्थान मनाली अविनाश नेगी, सहायक आयुक्त वित्त सहित सोसायटी के सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

हिमपात लाहौल-स्पीति, अटल टनल, शिकुंला, कुंजम व बारालाचा दर्रों सहित सभी ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी

मौसम ने फिर बदली करवट, बर्फबारी का क्रम जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/कुल्लू

लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू जिले में मौसम ने एक बार फिट करवट बदल ली है। वीरवार को रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रों में सुबह हिमपात का क्रम शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। लाहौल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिर रहे हैं, जबकि कुल्लू के मनाली सहित अन्य सभी निचले क्षेत्रों में बारिश का क्रम जारी है। लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग सहित दारचा, जिस्पा, प्यूकर, स्टिंगरी, कोकसर, अटल टनल, सिस्सू, गोंदला, मुलिंग, तांदी, नैन गाहर, गवाड़ी, नील कंठ सहित मायड़ घाटी में बर्फ के फाहे गिरना शुरू हो गए हैं।

मनाली घाटी में भी बर्फबारी की उम्मीद बढ़ गई है। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रों में बर्फबारी जारी है, लेकिन लाहौल घाटी में वाहनों की आवाजाही सुचारु है। दोनों जिले के ऊंचाई वाले कई क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है। उधर, बारिश व बर्फबारी से एक बार फिर लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले में दुश्वारियां बढ़ गई हैं। जिले में जगह-जगह हिमस्खलन भी गिर रहे हैं। अभी तक दोनों जिलों में 100 से अधिक सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हैं। हालांकि, मनाली-केलांग मार्ग पर भी दिन भर वाहनों की आवाजाही सुचारु रही, लेकिन शाम को बर्फबारी होता देख आवाजाही बंद कर दी। रोहतांग सहित हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकर वेद, इंद्र किला, चंद्रखणी, हामटा धुंधी, भृगु व दशहोर की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे। रोहतांग के उस पार चंद्रताल, लेडी ऑफ केलांग, दारचा की पहाड़ियों सहित सीबी रेंज की समस्त चोटियों पर बर्फबारी का क्रम जारी है। डीएसपी केलांग राज कुमार ने बताया कि समस्त जिले में बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि मौसम साफ होने तक घरों में रहें। उन्होंने बताया कि हालात पर नजर रखी जा रही है।

सोलंगनाला में साहसिक खेलों की धूम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। सर्दियों में सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले पर्यटक स्थल सोलंगनाला में साहसिक गतिविधियों की धूम मच गई है। ताजा हिमपात के बाद से स्कीइंग ढलान भी बर्फ से ढक गई है।

सेलानियों ने पैराग्लाइडिंग सहित माउंटेन बाइक के सुहाने सफर का आनंद उठाया। मनाली में सैलानियों की आमद भी अब धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। सैलानियों ने घुड़सवारी का आनंद लेकर बर्फ से लदे धार्मिक स्थल अंजनी महादेव का भी रुख किया। सोलंगनाला सहित फातरु व अंजनी महादेव पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। तीन दिन पहले बर्फबारी से अटल टनल सैलानियों के लिए बंद है, लेकिन पर्यटकों को सोलंगनाला व आसपास के क्षेत्र में बर्फ के आसानी से दीदार हो रहे हैं। पर्यटन कारोबारी जगदीश, घनश्याम व सुरेंद्र ने बताया कि सोलंगनाला में पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइक व घुड़सवारी जैसी साहसिक खेलों की धूम मची हुई है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि जल्द ही पर्यटन कारोबार के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

यूं तो होली के त्यौहारी दिनों में राज्य भर में धूम रहती है लेकिन पपरोला के जिला स्तरीय मेले का इतिहास ही अलग है यहां 1892 से यह मेला धूमधाम से मनाया जाता रहा है द्य यहां निकलने वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र इसलिए ही होती हैं क्योंकि पूर्व समय में जब गाड़ियां और वाहन नहीं होते थे तब कहार बनकर लोग अपने कंधों पर डोली में बिठाकर झांकियां निकालते थे द्य द्यमान्यता यह थी कि ऐसा करने से क्षेत्र में कोई भी प्राकृतिक आपदा न आए द्य मेले के अंतिम दिन काली माता की निकाली जाने वाली झांकी का इतिहास भी बेहद निराला है द्य झांकी का संचालन करने वाले पंडित पंकज शर्मा बताते हैं कि उनकी पांच 5 पीढ़ियां लगातार काली माता की झांकी निकालती आई हैं द्य वे बताते हैं कि सर्वप्रथम 1892 में देवी मां ने स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद शर्मा को सपने में ऐसा करने के लिए कहा था द्य तब उन्होंने होली के दिन देवी को अपने कंधों पर उठाकर कस्बा पपरोला की परिक्रमा करवाई थी द्य माना जाता है कि उसके बाद कभी भी क्षेत्र पर कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा नहीं आई द्य उस समय के बाद कहार काली माता का रूप धारण कर व्यक्ति को बांस से बनाई गई पालकी पर बिठाते थे और माता के रूप में व्यक्ति को रस्सी से बांध दिया जाता था द्य उसके बाद स्व. खेमराज स्वर्गीय कमल किशोर शर्मा ने यह क्रम जारी रखा और अब वह स्वयं लगातार इस झांकी को निकालते हैं द्य पंडित पंकज शर्मा बताते हैं कि कई बार माता उग्र भी हुई हैं द्य तब उन्हें बीच रास्ते में से ही झांकी को रोकना पड़ा द्य उसके बाद शांत स्वरूप मानी जाने वाली चामुंडा देवी की %ओम एम हीम क्लीन चामुंडाए विच्चे नमः'के जाप के साथ माता का श्रृंगार किया जाता है द्य

72 वर्षीय सुभाष सूद के अनुसार वह बचपन से ही बड़ी माता के डोले को देखते आए हैं द्य राक्षस महिषासुर शुंभ निशुंभ ने जब देवताओं पर हमला कर विजय हासिल की तो वे माता पार्वती को जबरन नरक लोक में ले जाने के लिए आगे बढ़े तो माता का क्रोध सातवें आसमान पर पहुंच गया द्य क्रोध की वजह से माता का रंग काला पड़ गया राक्षसों का संहार करते हुए माता आपे से बाहर हो गई और रास्ते में आने वाले प्रत्येक का संघार करने लगी द्य यहां तक की माता के आगे आने वाले देवता की भी माता के क्रोध का शिकार बन बैठे द्य ऐसे में देवताओं के आग्रह पर भगवान शंकर माता पार्वती के रास्ते में लेट गये द्य जैसे ही माता पार्वती का पैर भगवान शंकर पर पड़ा तो अपनी गलती का एहसास हुआ द्य की जीभ बाहर निकल गई और आंख आंखों से आंसू की धारा बहने लगी द्य देवी मां के इसी रूप को पपरोला में हर वर्ष 'बड़े डोले 'के नाम से निकाला जाता है द्य हालांकि चार दिवसीय जिलाा स्तरीय इस मेले रमें। के आखिरी दिन इस झांकी को निकाला जाता है जिसके दर्शन करने के लिए लोग दूर-दराज के गांवों से भी पपरोला चले आते हैं द्य बाजार के अन्य हिस्सों से भी माता के अन्य रूपों, देशभक्ति से ओतप्रोत और संदेशात्मक झांकियां निकलती हैं जो कि आकर्षण का केंद्र होती हैं

आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

संजय अग्रवाल
ब्यूरो, धर्मशाला
मो. 98160-64741

भूषण शर्मा
स्टाफ रिपोर्टर, नूरपुर
मो. 98822-53372

91 वर्षीय चमन लाल ग्रोवर का कहना है कि एक दफा 1965 में जब देवी मां अपने रौद्र रूप में आ गई थी तो पंडित खेमराज जी ने अपनी उंगली काट कर उसका खून माता के माथे पर लगाया था तब जाकर माता शांत हुई थी

पपरोला के सेवानिवृत शिक्षक रविंद्र दीक्षित बताते हैं की पपरोला की होली शुरू से ही काफी मशहूर रही है। पहले यहां झांकियों के साथ साथ माता वैष्णो देवी और अमरनाथ जी की गुफा भी बनाई जाती थी। जो अब जगह की कमी के कारण नहीं बन पाती है। लेकिन यहां के लोगों ने अब भी अपनी पुरानी संस्कृति को जीवित रखा है।

96 वर्षीय अंजना सहगल का मानना है कि देवी पार्वती के इस रूप की झांकी के दर्शन से न केवल संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है, बल्कि सुहागिनों का सुहाग भी बरकरार रहता है द्य यही वजह है कि इलाके से बाहर ब्याही गई बेटियां माता के स्वरूप के दर्शन के लिए बकायदा अपने मायके चली आती हैं।

I.T. NEXT GENERATION SCHOOL
Affiliated with C.B.S.E (New Delhi) Aff. No. 630280
DAY BOARDING & PLAY WAY SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
LIMITED SEATS
Distinctive Features of I.T.N.G.School :-
- NEP BASED CBSE CURRICULUM
- HI-TECH COMPUTER LAB AND FULLY WI-FI CAMPUS.
- WELL EQUIPPED SCIENCE AND MATHS LAB.
- PASSIONATE AND TRAINED STAFF.
- LUSH GREEN PLAYGROUND
- UNDER CCTV SURVEILLANCE
- PROVIDES SKATING, TAEKWONDO, KARATE AND DEFENCE TRAINING
- MUSIC AND DANCE CLASSES
- KINDERGARTEN PROGRAMME AND CHILDCARE FACILITIES.
- A SCHOOL WITHOUT NEED OF TUITIONS.
E-mail :- itng.suliali@gmail.com Web.:- www.itngschool.com
Contact No:- 8628802548,8628802549
Suliali (Makor Jaman) Tehsil Nurpur, Distt. Kangra - 176211 (H.P.)

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY Holi
श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश
नीशू मोंगरा
अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

होली के रंग बृजराज के संग
होली महोत्सव
स्थानः बृजराज स्वामी मन्दिर नूरपुर
वीरवार 13-03-2025 फूलों की होली
शुक्रवार 14-03-2025 रंगों की होली
झांकियों का खास प्रबन्ध
निवेदक : राजा साहिब दशहरा व रामलीला क्लब नूरपुर
मनीष महाजन (पिंटू) प्रधान
गायक ईशांत भारद्वाज 14-03-2025
श्री कृष्ण बिहारी राधा जी महाराज (श्री राम कृष्णम) 13-03-2025
सौजन्यः समस्त आर.के. महाजन परिवार एवं समस्त नूरपुर वासी

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
इंद्रजीत ठाकुर
(वार्ड नंबर -7,प्रधान मनीमहेश यूथ क्लब बोड (नूरपुर)

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
खुशबंत सिंह
(प्रधान ममूह गुरचाल)

PM SHRI BTC GMGSSS OF EXCELLENCE
NURPUR, DISTT. KANGRA (H.P.)
ADMISSION OPEN 2025-26
विशेषताएं :- कक्षा 6वीं से 12वीं तक
- प्री पाठ्य पुस्तकों की सुविधा।
- कम्प्यूटर शिक्षा का प्रबन्ध।
- पुस्तकालय की सुविधा।
- भयमुक्त वातावरण और मैत्रीभाव से शिक्षा।
- कक्षा छठी से आठवीं तक नि:शुल्क शिक्षा।
- मिड-डे-मील की विशेष सुविधा।
- सरकार द्वारा अनुमोदित छात्रवृत्तियां।
- बच्चों में नेतृत्व विकास के लिए विशेष जोर।
- इंग्लिश और हिंदी दोनों माध्यमों से शिक्षा (कक्षा छठी से दसवीं तक)
- शारीरिक शिक्षा और योग, NSS, स्काउट एवं गाइडस।
- अनुभवी व उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त अध्यापकगण।
- कक्षा +1 में मेडिकल, नॉन मेडिकल, आर्टस और कॉमर्स कोर्स की सुविधा।
- विद्यालय में व्यवसायिक शिक्षा जिसमें टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी तथा हैल्थ केयर का विशेष प्रबन्ध है।
- विद्यालय में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन।
- अभिभावकों की सहभागिता से कई तरह के विशेष आयोजन।
- आधुनिक तकनीक से युक्त कम्प्यूटर और स्मार्ट क्लास और सम्पूर्ण विद्यालय परिसर वाई-फाई से युक्त।
- हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाई जाती है।
OUR ACHIEVEMENTS UPTO NATIONAL LEVEL IN DIFFERENT ACTIVITIES
अपना विद्यालय अपना मान, सबको शिक्षा सबको सम्मान
For admission enquiry & further details contact : 9418288448, 9625579393, 9882253372

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ST. PAUL'S SR. SEC. SCHOOL
Admission Open for Classes Nursery to +2 (Session 2025-26)
Palampur, Distt. Kangra-176061 (H.P.)
Ph. +91 1894-235445 (Off)
+91 1894-230612 (Res.)
+91 1894-235445 (Fax)
www.stpaulspalampur.com
Email: stpaulschool.palampur@gmail.com

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गर्ग आँखों का अस्पताल पालमपुर
मोतियाबिंद का ऑपरेशन
अत्याधुनिक फेको (लेजर) तकनीक द्वारा
बिना टीका - बिना दर्द - बिना पट्टी
Dr. Ravi Garg
M.S. EYE
Phaco & Lasik Surgeon
Dr. Shilpa Sood
M.S. EYE
Phaco & Medical Retina Specialist
EMPANELED WITH HP GOVERNMENT
MONDAY TO SATURDAY 9:30 AM TO 5:30 PM
Second Floor, Palampur City Mall, Above V-Mart Near Vishal Mega Mart, Palampur
Contact: 8894450249, 9988765249

होली पर्व
विकास बख्शी
अधीक्षण अभियंता
जल शक्ति वृत नूरपुर
आनंद बलोरिया
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति मंडल नूरपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL
DIABETES GASTRO CENTRE
Dr. Prem Bhardwaj
Director, BMH
Radhika Sharma
CEO
ECHS AVAILABLE FOR
- General Medicine
- Cardiology 2D Echo/TMT
- Diabetology
- Endoscopy/Gastro
- Critical care
- ICU & Ventilator
For more details please contact | Your Health is Our Concren | Coming soon ECHS
BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL
N.H. 20, Near Railway Crossing, VPO Arla, Palampur, Distt. Kangra (H.P.) Ph. 01894-238338, Mob. 98055-73338

होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रणवीर सिंह निक्का
(विधायक नूरपुर)

होली पर्व

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश शर्मा
जिला प्रभारी ऊना
मो. 9816396500

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

राजेश ठाकुर
पत्रकार बंगाणा
मो. 9817158247

विवेक शर्मा
पत्रकार अम्ब

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Nanda Institute of Nursing and Nanda Multi Specialty Hospital

Hamirpur Road Una HP

होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अभय राणा
युवा भाजपा नेता कुटलैहड़

होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार मनकोटिया
उपाध्यक्ष कुटलैहड़ भाजपा मण्डल

होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अजय ठाकुर
समाज सेवी कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र

होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश कुमार (जोनू)
युवा नेता कुटलैहड़ कांग्रेस

AJAY HEALTHCARE
दवाईयां

दवाइयाँ

- जीवन रक्षक दवाइयाँ
- मधुमेह/कैंसर की दवाइयाँ
- शल्य चिकित्सा उपकरण
- सभी तरह के चिकित्सा उपकरण

—Diagnostics Services—

Blood test | Imaging | Services | Allergy testing | Diabetes Management | Cardiac Diagnostics

SHOP NOW

यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाइयाँ मिलती है

Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) 174303

7087432364, 8699005364 ajayhealthcare@gmail.com

Holi Hai

Abhishek Steel Hamirpur Road Una
Mahadev Tractors Ajnoli Una

करण ठाकुर | अनिल ठाकुर | चंदन ठाकुर | अमरीक सिंह

आप सभी को **होली** की हार्दिक शुभकामनाएं...

जैन एंड संस हमीरपुर रोड ऊना हिमाचल प्रदेश

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

टिक्का अमरिन्द्र सोढी
डेरा बाबा बड़भाग सिंह जी (बेरी साहब) की ओर से संगतों को होली मेला की लख-लख बधाई

डेरा बाबा बड़भाग सिंह
(बेरी साहब) मैड़ी तहसील अम्ब जिला ऊना हिमाचल प्रदेश

सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री

HPDT DEPARTMENT OF TRANSPORT

Road Safety

मुकेश अग्निहोत्री
उप मुख्यमंत्री

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

वाहन नियंत्रित गति से चलाएं, जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं।
सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं समस्त विभागीय टीम ऊना हिमाचल प्रदेश

श्री चरण गंगा परिवार

की ओर से होली पर्व एवं मेले में पधारे सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ

रंगों के इस पावन त्योहार होली की आप सभी को कोटि-कोटि शुभकामनाएँ। यह पर्व आपके जीवन में प्रेम, आनंद और समृद्धि के रंग भर दे।

आप सभी आई हुई संगतों को बधाई एवं धन्यवाद, जिन्होंने इस शुभ मेले को अपनी उपस्थिति से धन्य किया। आपके सहयोग और प्रेम से ही यह दिव्य आयोजन सफल हो पाया।

श्रद्धा और भक्ति के इस पावन अवसर पर
हम शिव गोस्वामी, शादी लाल गोस्वामी, शंभू गोस्वामी, और अश्विनी गोस्वामी जी की ओर से आप सभी भक्तों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं।

भगवान श्री चरण गंगा की कृपा आप सभी पर बनी रहे!

न्यूज ब्रीफ

स्वास्थ्य जांच के साथ करवाया योगाभ्यास

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला आयुष विभाग सिरमौर के सौजन्य एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा के नेतृत्व में मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यक्रम के तहत गिरिपार क्षेत्र के अजरोली पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अजरोली पंचायत तथा इसके आसपास के गांव के लोगों का जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा के दिशा-निर्देश अनुसार एवं उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. जसप्रीत कौर की देखरेख में मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा अजरोली गांव में जाकर 60 लोगों का स्वास्थ्य जांचा और रक्त जांच के द्वारा 15 मरीजों की मधुमेह रोग की भी जांच की गई। डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग के योग प्रशिक्षों द्वारा दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में लोगों को योग अभ्यास की जानकारी देकर रोगों के अनुसार योगाभ्यास करवाया गया। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा ये मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यक्रम चलाया गया है, जिसमें लोगों को घर-घर विशेषत ग्रामीण इलाकों में इलाज प्रदान करने के लिए मोबाइल आयुष वैन शिलाई ब्लॉक के लिए सरकार द्वारा संचालित की गई है, जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ, योग प्रशिक्षक की टीम गांव-गांव में जाकर लोगों का ईलाज कर योग एवं आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ा रही है।

सराहां कॉलेज में मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

अनंत ज्ञान, सराहां। राजकीय महाविद्यालय सराहां में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि भूतपूर्व सैनिक बाबू राम चौहान बतौर वशिष्टातिथि मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ साक्षी शर्मा, जीनिया शर्मा व महक शर्मा एवं सखियों द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। उसके बाद कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. गुलशन कुमार द्वारा वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई, जिसमें उन स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया, जिन्होंने वर्ष भर में शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्हें मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। तत्पश्चात पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि बाबूराम चौहान ने भी मेधावी स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

क्वालिटी कनेक्ट अभियान का हो रहा आयोजन

अनंत ज्ञान, नाहन। विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून द्वारा क्वालिटी कनेक्ट अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों को क्वालिटी कनेक्ट ऐप के माध्यम से गुणवत्ता मानकों के प्रति संवेदनशील बनाना है। 15 मार्च को मनाए जा रहे उपभोक्ता दिवस को लेकर ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड देहरादून के सौजन्य से गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक पांवटा साहिब के सदस्यों ने वीरवार को नाहन में कार्यवाहक सिरमौर एलआर वर्मा से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड जिला सिरमौर के रिसोर्स पर्सन विपुल शर्मा ने बताया कि 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में क्वालिटी कनेक्ट अभियान के तहत एक मांग पत्र डीसी को सौंपा गया और अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की जा रही है। इस अभियान का मकसद लोगों को क्वालिटी के बारे में जागरूक करना है, ताकि खरीददारी करते समय उपभोक्ता निर्धारित स्टैंडर्ड का ध्यान रख सकें। अभियान के तहत अधिकारियों से मुलाकात की जा रही है और धीरे-धीरे आम लोगों तक इस अभियान को पहुंचाया जाएगा।

अस्पताल में पर्ची काउंटर में घंटों लाइनों में लग रहे रोगी

सोलन अस्पताल की व्यवस्थागत खामियों से रोगियों की भीड़ से संक्रमित बीमारियों के पनपने का खतरा

आर मोहन चौहान, सोलन

स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में व्यवस्थागत खामियों के कारण रोगियों को बीमारी की हालत में पर्ची काउंटर में घंटों लाइन में लग कर भी उपचार को तरसना पड़ता है।

मुख्य पर्ची काउंटर में रोगियों को भारी भीड़ में कई बार बच्चों और बुजुर्गों को पर्ची लेने के लिए घंटों खड़े रहना पड़ता है। इसका खामियाजा दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को भुगतान पड़ता है। रोगियों की सुबह ही अस्पताल के मुख्य द्वार पर बने पर्ची काउंटर में भीड़ जुट जाती है। इसी तरह पर्ची काउंटर के दूसरी तरफ दवा काउंटर में भी रोगियों की लाइन लगी रहती है, ऐसे में अस्पताल से अंदर-बाहर आने में दिक्कत होती है। अस्पताल में रोजाना 1200 से 1500 से रोगी उपचार को आते हैं। (अनंत ज्ञान)

संक्रमित बीमारियों का खतरा

रोगियों की भीड़ से संक्रमित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसको रोकने के लिए मास्क पहनना जरूरी किया जा सकता है पर इससे ज्यादा जरुरी अस्पताल में पर्ची काउंटर की संख्या बढ़ाई जा सकती है। लोगों की मांग के बावजूद इसकी अभी तक व्यवस्था नहीं हुई है। ऐसे में रोगियों को उपचार करवाने के लिए बीमारी की हालत में पर्ची काउंटर में घंटों खड़ा रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन को शायद यह मानवीय संवेदना नहीं दिख रही है।

> **अस्पताल** में पर्ची काउंटर में लग रही भीड़ को देखते हुए दो अतिरिक्त काउंटर खोले जाने हैं। इसके लिए आरकेएस के माध्यम से दो कर्मचारी रखे जाने हैं। इसका निर्णय गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया जाना है।
> **एमपी सिंह, एमएस, सोलन अस्पताल।**

फार्मासिस्ट की कमी

अस्पताल में फार्मासिस्ट की कमी से रोगियों को एक ही काउंटर से दवाइयां दी जा रही हैं। इससे कांउटर में लंबी लाइनें लग रही हैं। इससे रोगियों को बीमारी के हालत में परेशान तो होना ही पड़ रहा है। वहीं, समय की बर्बादी भी हो रही है। डिस्पेंसरी में सरकार की तरफ से अस्पताल में उपलब्ध की गई करीब 350 तरह की दवाइयां के वितरण का जिम्मा फार्मासिस्ट के जिम्मे रहता है। इस समय अस्पताल में सात फार्मासिस्ट की सेवाएं मिल रही हैं। इमरजेंसी में आने वाले रोगियों की देखरेख का जिम्मा भी फार्मासिस्ट पर ही रहता है।

दवाइयां लेने के लिए भी मशक्कत

सरकार ने रोगियों को मुफ्त दवाइयों की सुविधा तो दी, लेकिन व्यवस्थागत खामियों के कारण रोगियों को दवाइयां लेने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। अस्पताल में फार्मासिस्ट की कमी से रोगियों को एक ही काउंटर से दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इससे रोगियों को दवाइयां लेने के लिए लंबी लाइन में तो लगना ही पड़ रहा है। वहीं समय भी बर्बाद हो रहा है। अस्पताल में उपचार के लिए आ रहे रोगियों को पहले पर्ची लेने के लिए फिर चिकित्सा जांच के लिए ओपीडी के बाहर लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ रहा है। डॉक्टरी जांच होते ही रोगियों को अस्पताल की डिस्पेंसरी के बाहर दवाइयां लेने के लिए खड़े रहना पड़ता है। उपचार की इस जटिल प्रक्रिया से रोगियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी रही है। अव्यवस्था के कारण अस्पताल के मुख्य गेट में पर्ची बनाने, टेस्ट की फीस जमा करवाने और दवाइयों के काउंटर में लाइनें लग रही हैं। इससे अस्पताल में आने-जाने वाले रोगियों व तीमारदारों को दिक्कतें आ रही हैं। बावजूद इसके व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।

पंजाब के किसानों व कृषि अधिकारियों ने सीखी प्राकृतिक खेती

अनंत ज्ञान, सोलन। स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास में, डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने हालही में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पंजाब के प्रतिभागियों के लिए पर्यावरण के अनुकूल खेती की तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह एनएमएनएफ पहल के अंतर्गत प्राकृतिक खेती केंद्र द्वारा आयोजित प्रशिक्षण का दूसरा बैच है। इस कार्यक्रम में पंजाब के कृषि विभाग (परियोजना निदेशक और कृषि विकास अधिकारी), बागवानी विभाग (बागवानी विकास अधिकारी) और पशु चिकित्सा विभाग (पशु चिकित्सा अधिकारी) के अधिकारियों सहित प्रमुख हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही। इसके अतिरिक्त, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (कृषि आजीविका) और पंजाब के विभिन्न हिस्सों के किसान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

हंसराज को जिला भाजपा अध्यक्ष ने नवाजा

अनंत ज्ञान, नाहन। भाजपा जिला सिरमौर इकाई के अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने 2 दिन पहले चूड़धार में शिवरात्रि के दिन से लापता पंचकूला के अक्षय साहनी का शव ढूंढने वाले दल में शामिल अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष हंसराज को सम्मानित किया। बर्फ से ढकी करीब 11900 ऊंची चूड़धार चोटी पर जान जोखिम में डालकर लापता युवक को ढूंढने वाले हरीश, हंसराज व तपेंद्र के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में शेष दोनों स्थानीय युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

सिरमौर के 18 युवा बने इतिहास प्रवक्ता

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए इतिहास प्रवक्ता के परिणाम में जिला सिरमौर के 18 युवाओं ने इतिहास प्रवक्ता की परीक्षा पास की है, जिनका चयन हिस्ट्री लेक्चर के लिए हुआ है। जानकारी के मुताबिक सिरमौर से 10 बेटियों ने कामयाबी हासिल की है, जबकि आठ लड़कों ने आकाश चुमा है। सिरमौर के 18 में से 15 युवा गिरिपार क्षेत्र से संबंध रखते हैं। जिला सिरमौर के युवा शिक्षा के साथ प्रशासनिक सेवाओं में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

चूड़धार में मिले पंचकूला के युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए नाहन अस्पताल रेफर

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर की सबसे ऊंची चूड़धार चोटी पर मिले पंचकूला के अक्षय के शव का वीरवार को 15वें दिन संगड़ाह अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

खंड स्वास्थ्य अधिकारी संगड़ाह डॉ. अतुल भारद्वाज के अनुसार शव 2 सप्ताह पुराना होने के चलते इसे मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर किया गया। इससे पहले कल पूरी रात पंचकूला के इस युवक के परिजनों ने संगड़ाह में मौजूद शव गृह के बाहर खुले आसमान के नीचे आग अथवा अलाव जलाकर काटी। शिवरात्रि के दिन लापता हुए 28 वर्षीय अक्षय साहनी का शव सोमवार को नौहराधार क्षेत्र के हरीश, हंसराज व तपेंद्र ने ढूंढ निकाला था और कल रात नौहराधार होकर इसे संगड़ाह लाया गया। दो बार माउंट एवरेस्ट फतह कर चुकी सोलन की पर्वतारोही बलजीत कौर के साथ हरीश, हंसराज व तपेंद्र 3 दिन पहले चूड़धार गए थे। इससे पहले सिरमौर अथवा संगड़ाह प्रशासन द्वारा पुलिस, एसडीआरएफ तथा राजगढ़ उपमंडल के कथित माउंटेनियरिंग विशेषज्ञों के माध्यम से युवक की तलाश की थी। डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Kuldeep Chauhan
CDPO Sujanpur



होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जोगेंद्र ठाकुर

GARIB DAS FOUNDATION
UNITING FOR A BETTER TOMORROW
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Sh Dev Raj
Chairman and Founder
Garib Das Foundation

Dr Ashish Kumar
State chairman Indian Youth Congress
Doctor Cell Himachal Pradesh
Director and Co founderGarib Das foundation

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
J GOLDEN MARBLES
IN WHOLESALE RATE
All Kinds of
Marble, Stone, Tiles etc.
NADAUN ROAD, NEAR PANCHAYAT GHAR SASAN,
P.O. JHANIYARI DEVI, DISTT. HAMIRPUR H.P.
MOB.: 9418163321, 9736995561

समाजसेवी
विजेन्द्र जैन
की तरफ से
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

HP GAJRAJ
HP CENTRE
की तरफ से
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Pure Quality
& Right Quantity
of Petrol & Diesel
Service: 6.00 AM
to 11.00 PM

Vijay Kumar
JAHU ROAD (BARU) HAMIRPUR, H.P.

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
oppo
Suneel
Mobile Repair

Mob. 9816600585

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. A.S. Thakur Memorial
Multi Speciality Hospital
Old Thakur Nursing Home
Ward No. 8, Nadaun Road HAMIRPUR, Call: 01972-224818, 83604-11260, 8679335599
Empanelled Facilities:-
- General & Laparoscopic Surgery
- ENT and Head & Neck Surgery
- Ophthalmology & Retina Specialist
- Orthopaedics & Trauma Surgery
- Gynaecology
- Internal Medicine Specialist
- Physiotherapy

ECHS
Empanelled Hospital
Ayushman bharat card and
TPA Facilities also available

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
20 सालों से आपकी सेवा से सस्ते दामों पर अच्छी Quality की सुविधाएं उपलब्ध सभी प्रकार के टैस्ट कम दामों में किये जाते है।
अल्ट्रासांउड 500/- रूपयें
सी.टी. स्कैन 2000-4500 रूपयें
एम. आर. आई. 2500 - 4500 रूपयें
एक्स-रे 200 रूपयें
सी. टी. स्कैन - Multi Slice CT-Scan आपके शहर हमीरपुर में पहली बड़ी CT-Scan मशीन 3D और Angiography के साथ उपलब्ध
भण्डारी अल्ट्रासांउड, सी.टी.स्कैन, एम. आर. आई. सैंटर
Dr. RKGMC (Medical College) Hamirpur के सामने
Call : 62305-97063, 70183-64941, 98574-69938

बड़सर के लोकप्रिय विधायक
इंद्र दत्त लखनपाल
की तरफ से रंगों का त्यौहार होली की प्रदेशवासियों खासकर बड़सर की समस्त जनमानस को हार्दिक शुभकामनाएं।

यशवीर सिंह पटियाल
भाजपा मंडल अध्यक्ष ढटवाल

संजीव कुमार
भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़सर

इंद्रदत्त लखनपाल भाजपा विधायक बड़सर

होली
की हार्दिक शुभकामनाएं

जोगिन्द्र सिंह राणा
एम.डी. मो. 9418405671
8628805671

राजकुमार राणा
मो. 9418432000
9418135063

जय भोले शंकर स्टोन क्रैशर
समताना खुर्द तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ARYAN
PUBLIC SCHOOL
Co-Education English Medium
& Affiliated to HP Board
Classes
Nursery to +2
(Science Only)
House No. 76, Roura Sector-2, Bilaspur
Ph. 01978-221863, 9418107622

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

सत्यमेव जयते
हिमाचल प्रदेश सरकार

HIMACHAL PRADESH DEPARTMENT OF AGRICULTURE



प्रो. चन्द्र कुमार
माननीय कृषि एवं पशुपालन
मंत्री, हिमाचल प्रदेश

कृषि विभाग हमीरपुर
विभाग द्वारा संचालित मुख्य किसान कल्याणकारी योजनाएं

क.स.	योजना का नाम	सरकार द्वारा दी जा रही सहायता/ उपदान
1.	प्रधानमन्त्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान योजना (पी एम. कुसुम योजना)	इस योजना के अन्तर्गत सिंचाई हेतु सौर पम्प स्थापित करने के लिए लघु एवं सीमान्त किसानों व सामुदायिक योजनाओं हेतु 85 प्रतिशत . और मध्यम व बड़े वर्ग के किसानों के लिए 40 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान।
2.	प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना व मौसम आधारित फसल बीमा योजना	प्रदेश के विभिन्न जिलों के चयनित खण्डों में मक्की, धान, गेहूँ, जौ, टमाटर, शिमला मिर्च, लहसुन, आलू, मटर, बन्द गोभी, फूल गोभी, ब्रोकली एवम् अदरक फसलें इस योजना में शामिल।
3.	प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना	योजना के अन्तर्गत सामुदायिक स्तर पर चैक डैम, जल संचयन टैंक व सिंचाई पाईप पर शत प्रतिशत अनुदान का प्रावधान।
4.	मुख्यमन्त्री कृषि संवर्धन योजना	(1) कृषि आदानों पर 50 प्रतिशत अनुदान (2) समूह के माध्यम से सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देना
5.	मुख्यमन्त्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना	मुख्यमन्त्री खेत संरक्षण योजना के अन्तर्गत इंटरलिंक चेन बाड़ व कांटेदार तार बाड़ लगाने हेतु 70 प्रतिशत उपदान का प्रावधान।
6.	मुख्यमन्त्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना	कृषि मशीनरी का इस्तेमाल करते हुए किसान की मृत्यु या अपन्गता होने पर 10,000 रुपये से लेकर 3,00,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान।
7.	प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना	प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शनी प्लॉट, भ्रमण कार्यक्रमों का प्रावधान। प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले आदान बनाने के लिए इम खरीद पर अधिकतम 2.250 रूपये का अनुदान व देसी गाय खरीदने हेतु 25,000/- रुपये व उसके परिवहन के लिए 5000 रुपये अतिरिक्त का प्रावधान।
8.	जल से कृषि को बल योजना	किसानों को सिंचाई जल उपलब्ध करवाने हेतु चैक डैम एवं तालाबों का निर्माण।
9.	प्रवाह सिंचाई योजना	प्रदेश में कहलों के स्त्रोतों का नवीनीकरण तथा सामुदायिक क्षेत्रों में कहलों का सुझढ़ीकरण।
10.	राज्य कृषि यंत्रीकरण कार्यक्रम	विभिन्न प्रकार के ऊर्जा चलित उपकरणों, हस्त चलित व छोटे उपकरणों चारा कटर, मक्का शैलर, गेहूं ब्रेशर, स्प्रेयर, ब्रश कटर, दूलकिट, एस. एस हल, एम.बी. हल, सीड बिन, वाटर टब, पर 40-50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान।
11.	राष्ट्रीय बांस मिशन	मिशन के अन्तर्गत उन्नत बांस किस्मों के क्षेत्र विस्तार तथा बांस आधारित हस्तशिल्प के विपणन को बढ़ावा देना।
12.	हिम कृषि योजना	कृषि और उससे सम्बंधित क्षेत्र के समेकित विकास के लिए न्यूनतम 40 बीघा खेती योग्य क्षेत्र वाले राज्य के सभी जिलों को कवर करते हुए विभिन्न साझेदारों (stake holders) यानी कृषि विभाग = 1200, प्राकृतिक खेती ईकाई = 1100 और 2600 क्लस्टर तैयार किए जायेगें।
13.	'पोषक अनाज संवर्धन योजना'	पोषक अनाजों की खेती के तहत क्षेत्र बढ़ानें के लिए परियोजना के तहत पोषक अनाजों के बीज वितरण पर अनुदान, मिनी किट वितरण, क्षमता निर्माण प्रशिक्षण, खाद्य उत्सवों का आयोजन, फार्म गेट का प्रावधान।

अधिक जानकारी व सहायता प्राप्त करने के लिए अपने निकटतम कृषि कार्यालय, ब्लॉक स्तर पर कृषि विशेषज्ञ, जिले के कृषि उप-निदेशक, जिला कृषि अधिकारी से या किसान कॉल सेंटर की मुफ्त फोन सेवा 1800-180-1551 पर सम्पर्क करें। (दूरभाष नम्बर विभागीय वैबसाईट https://agriculture.hp.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं)।

कृषि उप निदेशक, हमीरपुर (हि.प्र.)

2027 विश्व कप तक भारत खेलेगा 27 वनडे मैच

रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास को लेकर चल रही अटकलों पर भी लगा विराम

एजेंसी, नई दिल्ली

टीम इंडिया ने 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार को पीछे छोड़ते हुए शानदार वापसी की है। बीते रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार का हिसाब भी चुकता कर दिया।

चैंपियंस ट्रॉफी की इस कामयाबी के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लग गया है. दोनों ही दिग्गज खिलाड़ियों ने साफ कर दिया है कि फिलहाल उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है. हालांकि, अब भारतीय टीम की नजरें 2027 वनडे विश्व कप पर टिक गई हैं, जो अक्तूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे में खेला जाएगा। भारतीय टीम अब अपनी तैयारियों की दिशा में कदम बढ़ा रही है, ताकि अगले विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम तैयार की जा सके।

भारत के पास 2027 वनडे विश्व कप के लिए अपनी टीम तैयार करने के लिए ज्यादा समय नहीं है। पिछली चार साल की योजना की तुलना में इस बार भारतीय टीम को कम वनडे मैच खेलने का मौका मिलेगा। आईसीसी के फ्यूचर टूर प्रोग्राम के मुताबिक, टीम इंडिया 2027 विश्व कप से पहले तीन-तीन वनडे मैचों की सीरीज में कुल 27 एकदिवसीय मैच खेलेगी। हालांकि, अगले दो वर्षों में इस कार्यक्रम में बदलाव की संभावना बनी हुई है।

कुल मिलाकर भारत के पास 27 वनडे मैचों का समय

भारत के पास 2027 विश्व कप से पहले कुल 27 वनडे मैच खेलने का मौका होगा। यह संख्या पिछले विश्व कप चक्र की तुलना में कम है, इसलिए भारतीय टीम के पास खिलाड़ियों को परखने और मजबूत टीम संयोजन तैयार करने के लिए सीमित अवसर होंगे। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के नेतृत्व में भारत इन मुकाबलों के जरिए एक संतुलित टीम तैयार करने की कोशिश करेगा। चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच सही संतुलन बनाना होगी।

टीम इंडिया का 2027 विश्व कप तक का शेड्यूल

भारत बनाम बांग्लादेश (तीन वनडे-विदेशी दौरा)
भारत 2025 के अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करेगा, जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी. यह सीरीज 2027 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होगी।

अक्तूबर 2025: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया (तीन वनडे-विदेशी दौरा)
अक्तूबर 2025 में भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया की तेज पिचों पर खेली जाएगी, जिससे भारतीय टीम को तेज गेंदबाजों के खिलाफ अपनी तैयारियों को परखने का मौका मिलेगा।

नवंबर 2025: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका (तीन वनडे-घरेलू सीरीज)
दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ यह घरेलू सीरीज भारत को अपनी टीम संयोजन को मजबूत करने का मौका देगी।

जनवरी 2026: भारत बनाम न्यूजीलैंड (तीन वनडे-घरेलू सीरीज)
जनवरी 2026 में भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में टीम इंडिया के पास युवा खिलाड़ियों को मौका देने का सुनहरा अवसर होगा।

जून 2026: भारत बनाम अफगानिस्तान (तीन वनडे-घरेलू सीरीज)
अफगानिस्तान के खिलाफ जून 2026 में होने वाली यह घरेलू सीरीज भारतीय टीम के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने का बेहतरीन मौका होगा।

जुलाई 2026: भारत बनाम इंग्लैंड (तीन वनडे-विदेशी दौरा)
जुलाई 2026 में भारतीय टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी, जहां उसे इंग्लिश परिस्थितियों में अपनी ताकत और कमजोरियों को परखने का मौका मिलेगा। इंग्लैंड की स्विंग और सीम कंडीशंस में यह दौरा भारत के लिए मुश्किल साबित हो सकता है।

सितंबर 2026: भारत बनाम वेस्टइंडीज (तीन वनडे-घरेलू सीरीज)
सितंबर 2026 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत घरेलू सरजमीं पर खेलेगा। इस सीरीज में टीम इंडिया अपनी बेंच स्ट्रेंथ को आजमा सकती है।

नवंबर 2026: भारत बनाम न्यूजीलैंड (तीन वनडे-विदेशी दौरा)
नवंबर 2026 में भारतीय टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी. वहां की तेज और उछाल भरी पिचों पर टीम इंडिया के बल्लेबाजों के लिए यह कठिन चुनौती होगी।

दिसंबर 2026: भारत बनाम श्रीलंका (तीन वनडे-घरेलू सीरीज)
2026 के अंत में भारत घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगा। इस सीरीज के जरिए भारतीय टीम 2027 विश्व कप की अंतिम तैयारियों को मजबूत करेगी।

स्पोर्ट्स विंडो

एनआरएआई ने जूनियर विश्व कप के लिए 36 सदस्यीय टीम की घोषित

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने 19 से 27 मई तक जर्मनी के सुहल में होने वाले आगामी आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के लिए 36 सदस्यीय मजबूत भारतीय जूनियर टीम की घोषणा की हैं जिसमें पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों भी शामिल है। यह टीम 15 स्पर्धाओं में भाग लेगी जिसमें तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। रायजा 12 सदस्यीय शॉटगन टीम का हिस्सा होंगी, जबकि पेरू में जूनियर विश्व चैंपियनशिप के दो बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निशानेबाज मुकेश नेलावाली और दिवांशी भी अपनी सफलता को दोहराने के इरादे से उतरेंगे। भारत ने अक्तूबर में पेरू में जूनियर विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया था जिसमें 13 स्वर्ण पदक हासिल किए थे। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''सितंबर में हमारा घरेलू जूनियर विश्व कप होने वाला है हमें अपने भविष्य के सितारों पर पूरा भरोसा है, वे अनुभवी कोचों की निगरानी में हैं और सरकार से भी उन्हें अच्छा समर्थन मिल रहा है।''

पीसीबी ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप में खिलाड़ियों की मैच फीस में की वृद्धि

एजेंसी, कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वेतन में कटौती के उसके फैसले की कड़ी आलोचना के बाद राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस में वीरवार को वृद्धि कर दी। पीसीबी ने पहले खिलाड़ियों और रिजर्व खिलाड़ियों के लिए मैच फीस घटाकर 10,000 पाकिस्तानी रुपए और 5,000 रुपए कर दी थी, जिसके कारण इसके अध्यक्ष मोहसिन नकवी को इस फैसले की समीक्षा करने के आदेश जारी करने पड़े। इस मामले में बड़े स्तर पर हुई आलोचना के बाद खुद को मुश्किल में पाकर पीसीबी ने अब खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाकर 40,000 रुपए और रिजर्व खिलाड़ियों की मैच फीस 20,000 रुपए कर दी है।



बोर्ड ने इससे पहले सिर्फ एक दिन के खेल के बाद राष्ट्रीय अंडर-19 चैंपियनशिप को अचानक रोक दिया था जिसके बाद से पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेट कार्यक्रम और ढांचे को लेकर चर्चा हो रही है। अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में अधिक उम्र के खिलाड़ियों के चयन और अन्य मुद्दों की शिकायतों के बाद नकवी के आदेश पर यह फैसला लिया गया। नई प्रतिभाओं के लिए सबसे जरूरी मंच माने जाने वाले राष्ट्रीय जूनियर टूर्नामेंट का इस सत्र में आयोजन नहीं हो पाया है। इस बीच घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं में कटौती करने की खबरें भी आई हैं। इसमें अनुबंधों को समाप्त करना और होटल तथा यात्रा जैसी चीजों में पहले के मुकाबले काफी कम खर्च करना शामिल है।

वाणी कपूर ने लगातार तीसरा डब्ल्यूपीजीटी खिताब जीता

एजेंसी, गुरुग्राम। फॉर्म में चल रही महिला गोल्फर वाणी कपूर ने बृहस्पतिवार को यहां 2025 हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर में लगातार तीसरी ट्रॉफी अपने नाम की। वाणी ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का कार्ड बनाया जिससे उन्होंने अपने घरेलू कोर्स में तीन शॉट से छठा डब्ल्यूपीजीटी चरण हासिल किया। वाणी ने 72-72-73 के कार्ड से एक ओवर 217 इवन पार का स्कोर बनाया। वहीं एमेच्योर गोल्फर अन्वी दहिया ने 71-77-74 के कार्ड से कुल 220 का स्कोर बनाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वाणी ने विधात्री उर्स के 2024 में लगातार तीन खिताब जीतने के बाद इस उपलब्धि में उनकी बराबरी की। इस जीत ने वाणी को ऑर्डर ऑफ मेरिट में भी शीर्ष पर पहुंचा दिया। वाणी ने 2014 से 2016 तक लगातार तीन बार ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता लेकिन तब से वह मेरिट सूची में शीर्ष पर नहीं आ पाई क्योंकि वह अकसर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में व्यस्त रहती है।

सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑल इंग्लैंड के दूसरे दौर में

एजेंसी, बर्मिंघम। भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले महीने अपने पिता के निधन के बाद कोर्ट पर लौटे सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-15 से हराया। अब उनका सामना चीन के हाओ नान शि और वेइ हान जेंग से होगा। जीत के बाद सात्विक ने अपनी ऊंगली आसमान की ओर उठाई और ऊपर देखते रहे । शायद अपने पिता को तलाश रहे थे। उन्होंने कहा,''यह बहुत कठिन है लेकिन जीवन ऐसा ही है।'' सात्विक ने दुख के क्षण में साथ रहने के लिए चिराग को धन्यवाद देते हुए कहा,''वह उस समय मेरे घर आया। हमने थोड़ा अभ्यास किया और मैं उसका शुक्रगुजार हूं। वह मेरी चोट के समय भी मेरे साथ था। चिराग ने कहा,''सात्विक ने इतना सब झेला और यहां खेलने का फैसला किया। कोई और ऐसा नहीं कर सकता था। वह काफी मजबूत है और मुझे गर्व है कि वह मेरा जोड़ीदार है।''

पाक के बल्लेबाज बाबर ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप से नाम लिया वापस

एजेंसी, कराची। न्यूजीलैंड में होने वाली आगामी सीरीज के लिए पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर किए गए पूर्व कप्तान बाबर आजम ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया है। बाबर, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज नसीम शाह को 16 मार्च से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया था। इन तीनों खिलाड़ियों को हालांकि वनडे टीम में बरकरार रखा गया है। टीम की घोषणा करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने संकेत दिया था कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल बाबर, रिजवान, नसीम इस सप्ताह फैसलाबाद में शुरू होने वाले राष्ट्रीय टी-20 में हिस्सा लेंगे। बाबर और नसीम ने हालांकि कार्यभार प्रबंधन और आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए राष्ट्रीय टी-20 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अप्रैल के मध्य में पाकिस्तान सुपर लीग शुरू होने वाली है, इसलिए यह स्पष्ट है कि वे फ्रेंचाइजी लीग को प्राथमिकता दे रहे हैं।

रोहित को संन्यास लेने की जरूरत नहीं : डिविलियर्स

एजेंसी, नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहनीं है और वह वनडे क्रिकेट के महानतम कप्तानों में से एक होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद रोहित के संन्यास की अटकलें तेज थी, लेकिन सैतीस वर्ष के रोहित ने भारत को तीसरी बार खिताब दिलाने के बाद इन अटकलों को खारिज किया।

डिविलियर्स ने कहा,''दूसरे कप्तानों की तुलना में रोहित का जीत का प्रतिशत देखिये , करीब 74 प्रतिशत है जो अतीत के बाकी कप्तानों से बेहतर है।'' उन्होंने कहा,''अगर वह खेलता रहा तो सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे कप्तानों में से एक होगा।'' उन्होंने कहा,''वह संन्यास क्यों ले? उसका बतौर कप्तान ही नहीं बल्कि बल्लेबाज के तौर पर भी शानदार रिकॉर्ड है। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उसने 76 रन बनाकर भारत को शानदार शुरूआत दी और जीत की नींव रखी। जब दबाव चरम पर था तब उसने मोर्चे से अगुवाई की।''

डिविलियर्स ने कहा,''रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहीं है। उसे किसी आलोचना को सुनने की भी जरूरत नहीं है। उसका रिकॉर्ड ही उसके लिये बोलता है । उसने अपने खेल को भी बदल दिया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बजरोल
विकास खंड बमसन (रौणी देवी) जिला हमीरपुर (हि0 प्र0)

निविदा सूचना

वित वर्ष 2025-26 (01/04/2025 से 31/03/2026) के विकास कार्यों हेतू क्रैसर बजरी (10, 20MM), क्रैसर रेता, धुला रेता, दरिया रेता , गटका स्टोन 40 व् 63MM (प्रति घन मी0), पक्की ईंट, पेवर ब्लॉक 40, 60, 80MM (ISI मार्क) लोडिंग व् अनलोडिंग लेबर सहित, सीमेंट ब्लॉक (4* 8*16,6*8*16, 8*8*16), रास्ता, दीवार (डंगा) व् भवन निर्माण हेतू शटरिंग स्टील/ लकड़ी, JCB मशीन द्वारा कटान सॉफ्ट/हार्ड प्रति घन मीटर, सीमेंट ढुलाई सुजानपुर से प्रति बैग लेबर सहित, निर्माण सामग्री की ढुलाई प्रति घन मीटर by Head Load / by Mule दूरी 100, 200, 300, 500 मीटर व् 1Km तक, RCC Hume पाइप with कॉलर 300/600/900/1200MM PVC pipe, साईन बोर्ड लेखन/पेंटिंग सहित (2 ft *3 ft/ 3ft * 4ft), साईन बोर्ड व् स्लोगन लिखाई प्रति वर्ग फुट, ढुलाई मलबा (बायोमैकेनिकल And manual Transport) प्रति किलो मीटर व् प्रति घन मीटर, मिक्सर किराया प्रति दिन डीजल के साथ, व्यामशाला निर्माण हेतू उपकरण आदि सामग्री की खरीद की जानी है। सभी निविदाएं दिनांक 24/03/2025 को शाम 4 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं पहुंचाई जा सकती हैं। निविदाएं दिनांक 25/03/2025 को प्रातः 11 बजे पंचायत बैठक के दौरान खोली जाएगी। निविदा के साथ फर्म का GST NO. ISI मार्क प्रमाण पत्र, व बैंक खाता संख्या की छायाप्रति साथ में लगानी होगी। जिस सामग्री हेतू निविदा दी जा रही हैं उसका विवरण लिफाफे के बाहर लिखना होगा। बिल के साथ 'M' फॉर्म देना अनिवार्य होगा,सारी सामग्री का मूल्य वर्क साईट तक F.O.R होगा यदि सामग्री समय पर नहीं दी जाती हैं तो निविदा को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा।स्थानीय सप्लायर को अधिमान दिया जायेगा। निविदाएं अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये रद्द की जा सकती हैं।

प्रधान/ सचिव
ग्राम पंचायत बजरोल

मालविका ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर

एजेंसी, बर्मिंघम

भारतीय महिला एकल खिलाड़ियों का वीरवार को यहां ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में अभियान मालविका बंसोड के प्री क्वार्टर फाइनल में दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से सीधे गेम में हारने के बाद खत्म हो गया जबकि सात्विक साइराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची को दुनिया की 28वें नंबर की खिलाड़ी मालविको महज 33 मिनट में 21-16 21-13 से हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। यामागुची का अब मालविका के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 4-0 हो गया है। इससे पहले बुधवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी महिला एकल से बाहर हो गई थीं।

पिछले महीने अपने पिता के निधन के बाद कोर्ट पर लौटे सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-15 से हराया। अब उनका सामना चीन के हाओ नान शि और वेइ हान जेंग से होगा। जीत के बाद सात्विक ने अपनी अंगुली आसमान की ओर उठाई और ऊपर देखते रहे । शायद अपने पिता को तलाश रहे थे। उन्होंने कहा,''यह बहुत कठिन है लेकिन जीवन ऐसा ही है।''

सात्विक ने दुख के क्षण में साथ रहने के लिये चिराग को धन्यवाद देते हुए कहा,''वह उस समय मेरे घर आया। हमने थोड़ा अभ्यास किया और मैं उसका शुक्रगुजार हूं। वह मेरी चोट के समय भी मेरे साथ था। उसके माता पिता और हमारे कोच भी आये । मेरे पिता हमेशा चाहते थे कि वे हमारे यहां आएं।'' चिराग ने कहा ,''सात्विक ने इतना सब झेला और यहां खेलने का फैसला किया। कोई और ऐसा नहीं कर सकता था। वह काफी मजबूत है और मुझे गर्व है कि वह मेरा जोड़ीदार है।''

ग्राम समुदायिक केन्द्र कोट लांगसा
विकास खण्ड बमसन (रौणी देवी), जिला हमीरपुर (हि0 प्र0)

विषय : निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष-2025-2026 के विकास कार्यों के हेतु बजरी क्रैसर, रेता क्रैसर, रेता उना प्लांट,रेता क्रैसर धुला,रेता दरिया, कटा पत्थर (सभी प्रति क्यूबिक मीटर् में),पक्की ईंट दिव्तीय श्रेणी प्रति ईंट,पेवर ब्लाक40,60,80mm,कंक्रीट ब्लाक(ISI) मार्क प्रति ब्लाक, शटरिंग लकड़ी स्टील भवन निर्माण, रास्ते की (रनिंग फुट) प्रति स्क्वेयर फिट , JCB मशीन कटान कच्चा /पक्का प्रति क्यूबिक मी0, सीमेन्ट ढुलाई पंजोत से पंचायत कार्यालय तक लोडिंग अनलोडिंग प्रति बैग ,जीप किराया हमीरपुर से , मिक्सर डीजल सहित प्रति दिन,साईन बोर्ड/दीवार पर लिखाई 2x3,3x4 फुट प्रति बोर्ड,कंक्रीट बैंच (ISI) मार्क प्रति बैंच,स्वच्चरों द्वारा निर्माण सामग्री की ढुलाई आदि सामग्री की खरीद की जानी है। निविदाएं डाक द्वारा या स्वयं मोहर बंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 23 -03-2025 तक पहुँच जानी चहिये। निविदाएं 24-03-2025 को पंचायत बैठक में खोली जायेंगी ।निविदादाता का इस दिन होना अनिवार्य होगा निविदा खुलने के बाद उसकी कोई भी बात मान्य नहीं होगी।निविदा के साथ फर्म का GST न0, खाते,आधारकार्ड, पैन कार्ड की फोटोस्टेट साथ, सामग्री गुणवत्ता प्रमाण पत्र देना होगा। 24 मार्च 2025 को पास हुई निविदाएं की दरों पर ही 31-03 - 2026 तक सामग्री देनी होगी।समय पर सामग्री न पहुँचाने पर बिना नोटिस दिए निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा ।

प्रधान/सचिव
पंचायत सामुदायिक केंद्र कोट लांगसा

ग्राम पंचायत कलोटी हुई मुकद्दमा मुक्त

आज दिनांक 13 मार्च 2025 बृहस्पतिवार के दिन ग्राम पंचायत कलोटी उप तहसील जाँगला तहसील चिढ़गाँव जिला शिमला हिमाचल प्रदेश तथा समस्त ग्राम पंचायत निवासीगण के लिए बहुत ही हर्ष व खुशी का दिवस है! जैसा कि सभी को मालूम था कि ग्राम पंचायत कलोटी में पिछले 15 वर्षों से चल रहे मुकद्दमा निहाल चंद बनाम ग्राम पंचायत कलोटी माननीय अदालत सिविल जज कोर्ट नंबर -2 रोहड़ू के आदेश अनुसार ग्राम पंचायत कलोटी नीलामी के कगार पर थी! परंतु आज समस्त ग्राम पंचायत वासियों को बहुत ही खुशी होगी! क्योंकि श्री निहाल चंद पुत्र जगर नाथ ग्राम भटवाड़ी डाकघर कलोटी वाले ने अपने नेक दिल का परिचय देते हुए पिछले 15 वर्षों से चल रहे मुकद्दमे को माननीय अदालत सिविल जज कोर्ट नंबर -2 रोहड़ू के समक्ष ग्राम पंचायत कलोटी के प्रतिनिधिगण पंचायत प्रधान श्री अशोक कुमार तथा सचिव श्रीमती विरमा देवी के अथक प्रयासों से आपसी समझौता करके समस्त जनता के हितों को मध्य नजर रखते हुए बिना शर्त मुकद्दमा को वापस ले लिया है और ग्राम पंचायत कलोटी आज श्री निहाल चंद बनाम ग्राम पंचायत कलोटी के मुकद्दमे से मुक्त हो गई है! जिसके लिए ग्राम पंचायत कलोटी के समस्त प्रतिनिधिगण, कर्मचारीगण व समस्त जनता श्री निहाल चंद ठाकुर के इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद करती है।

गंभीर के सफलता के फॉर्मूले को अपनी शैली के साथ मिश्रण करना चाहते हैं ब्रावो

एजेंसी, कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर गौतम गंभीर की जगह लेने वाले वेस्टइंडीज के करिश्माई ड्वेन ब्रावो ने वीरवार को कहा कि वह आईपीएल के आगामी सत्र में सफल अभियान के लिए इस फ्रेंचाइजी के पूर्व रणनीतिकार की योजना के कुछ तत्वों को अपनी अलग शैली के साथ मिलाएंगे।

गंभीर ने पिछले सत्र में पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी बदौलत केकेआर ने अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता था। मौजूदा चैंपियन टीम ने आईपीएल 2025 सत्र से पहले ब्रावो की ओर रुख किया है, क्योंकि गंभीर अब भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं। ब्रावो ने कहा, ''दुर्भाग्य से हमने कुछ खिलाड़ियों को टीम में बरकरार नहीं रख सके। मुझे लगता है कि गंभीर का अपना तरीका था। मेरी अपनी शैली है। हम दोनों अपने-अपने तरीके से सफल हैं।''

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह गंभीर की विरासत का सम्मान करते हैं, लेकिन वह इस भूमिका में अपने तरीके भी अपनाएंगे। वेस्टइंडीज के इस पूर्व कप्तान ने हालांकि इस बात को स्वीकार किया कि उन्होंने गंभीर से सलाह ली थी। ब्रावो ने किया, ''मैंने निश्चित रूप से उन्हें कई बार संदेश भेजे हैं। मैं इन लोगों पर बहुत अधिक निर्भर रहूंगा क्योंकि उनके पास एक सफल तरीका था। यह महत्वपूर्ण है कि हम उस तरीके का पालन करें।'' ब्रावो ने पिछले सत्र की सफलता के तरीके का अध्ययन करने और उन्हें अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि टीम के मूल को बरकरार रखना आवश्यक है।

ब्रेक हमारे लिए फायदेमंद, हम डब्ल्यूपीएल फाइनल के लिए तैयार : जेमिमा रोड्रिग्स

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स की उप कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि अंतिम लीग मैच और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल के बीच लंबा ब्रेक टीम की खिताबी भिड़ंत के लिए फायेदमंद होगा क्योंकि इससे खिलाड़ी तरोताजा महूसस कर रही हैं। मुंबई इंडियंस के अंतिम लीग मैच में रॉयल बेंगलुरु से हारने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीसरे डब्ल्यूपीएल फाइनल में प्रवेश किया।

दिल्ली कैपिटल्स का लीग अभियान सात मार्च को ही खत्म हो गया था जिसमें उसे गुजरात जायंट्स से हार मिली थी। इसलिये ग्रुप के विजेता पर फैसला करने के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच का इंतजार करना पड़ा। रोड्रिग्स ने कहा, ''यह ब्रेक हमारी टीम के लिए अच्छा काम कर रहा है। हमने टीम की खिलाड़ियों के बीच काफी सत्र किए जिससे उन्हें एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाने का अच्छा समय मिला। साथ ही इस बार यह डब्ल्यूपीएल हमारे लिए थोड़ा व्यस्त भी था। हमने लगातार मैच भी खेले थे और हमने काफी यात्रा भी की।''

शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने में सबसे अधिक सहज हूं : राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली

केएल राहुल बल्लेबाजी क्रम में निचले स्थान पर खेलने के बावजूद लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अगर उन्हें विकल्प दिया जाए तो यह स्टाइलिश विकेटकीपर-बल्लेबाज शीर्ष क्रम में खेलने पर सबसे अधिक सहज होंगे। राहुल आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में उन्हें एक स्थान नीचे धकेल दिया गया था। उन्होंने दुबई में पांच पारियों में 174 रन बनाए।

उन्होंने कहा, ''मैं शीर्ष क्रम में खेलते हुए बड़ा हुआ हूं। 11 साल की उम्र में मेंगलोर में अपने पहले प्रतिस्पर्धी मैच से लेकर भारत के लिए खेलने के शुरुआती दिनों तक और अपने करियर के अधिकांश समय तक मैं शीर्ष क्रम का बल्लेबाज रहा हूं। यह वह स्थान है जिसमें मैं सबसे अधिक सहज हूं और जो मुझे सबसे अधिक स्वाभाविक लगता है।''

उन्होंने कहा, ''जब आप 'टीम खेल' खेलते हैं तो आपको हमेशा यह चुनने का मौका नहीं मिलता कि आप क्या चाहते हैं। आपको लचीला होना चाहिए और टीम की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालने के लिए तैयार रहना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में मैंने इसे अपनाना और जो भी भूमिका मुझे सौंपी जाती है, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना सीखा है।'' राहुल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स का नेतृत्व कर चुके हैं, उन्होंने कथित तौर पर आगामी आईपीएल में अपनी नई फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने का मौका ठुकरा दिया है।